✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 24 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 21 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सीवान में जनसभा से पूर्व रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री ने बिहार को दी करोड़ों की सौगात, 28 परियोजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

# विकसित भारत का इंजन बनेगा बिहार : प्रधानमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सीवान आये। सीवान के जसौली से बिहार को करोड़ों रुपये की योजनाओं का तोहफा दिया। पीएम मोदी ने10 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। तत्पश्चात जनसभा को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीवान की जनसभा में बिहार विधानसभा चुनाव की आहट साफ सुनाई दी। उन्होंने अपने भाषण में राजद और कांग्रेस पर जम कर हमला बोला। पीएम मोदी के नौजवानों को जंगल राज की याद ताजा कराते हुए उन्हें 'लालटेन' और 'पंजे' के शिकंजे से बचने के लिए आगाह किया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत भोजपुरी से की। उन्होंने भोजपुरी में कहा कि 'रउवा सब लोगन के प्रणाम कर तानी, बाबा महेंद्रनाथ, बाबा हंसनाथ, सोगरा धाम, मां थावे भवानी, मां अंबिका भवानी, प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद औउरी लोकनायक जय प्रकाश नारायण के पावन भूमि पर रउवा सबके अभिनंदन करता नी। इसके बाद पीएम मोदी ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ मंच पर विराजमान सभी सम्मानित नेताओं और जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि सीवान की धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध है। आज सीवान से हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण कर अत्यंत प्रसन्न हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें अभी बिहार के लिए बहुत कुछ करना है। राजद और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया। इनके कारण गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गया लेकिन नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अब विकास कर रहा है। उसके बाद भी बिहार के लिए अभी बहुत कुछ करना है और वे इस दिशा में काम करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के लोग काफी मेहनती होते हैं। बिहार के लोगों का स्वाभिमान काफी ऊंचा होता है। बिहार के लोग स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं करते हैं। बिहार में लालटेन और पंजे वाले लोगों की वजह से बिहार के लोगों को काफी कुछ सहना पड़ा। लेकिन नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार में काफी काम हुआ है। लेकिन, मोदी इतने से चुप नहीं होने वाला है। मैं बिहार को अभी और तोहफ़े देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हाल ही में वे विदेश यात्रा से लौटे हैं। भारत जल्द ही महाशक्ति बनेगा। इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होगी। बिहार समृद्ध होगा तभी देश विकसित होगा। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के नौजवानों ने तो 20 साल पहले की बदहाली सिर्फ किस्सों और कहानियों में ही सुनी है, उन्हें बहुत अंदाजा नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत को नेतृत्व दिया उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। इन लोगों ने ऐसी लूट घसोट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है। मैं बिहार वासियों को विश्वास देने आया हूं कि हमने भले ही बहुत कुछ किया हो, करते रहे हों और करते रहेंगे, लेकिन इतने से भी शांत होने वाला मोदी नहीं है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस की करतूतें बिहार विरोधी हैं। ये निवेश विरोधी हैं। जब भी ये लोग अपने मुंह से विकास की बात करते हैं तो लोगों को दुकान, कारोबार, उधोग-धंधे सबमें ताले लटकते नजर आते हैं। इसलिए ये बिहार के नौजवानों के दिल में कभी भी जगह नहीं बना पाए। उन्होंने कहा कि हम कहते हैं सबका साथ-सबका विकास और लालटेन वाले केवल अपने परिवार के विकास का काम करते हैं। वहीं राजद प्रमुख लालू यादव पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राजद वालों ने बाबा साहेब अम्बेडकर का कैसा अपमान किया यह पूरे देश ने देखा। उनका इशारा लालू (शेष पृष्ठ 10 पर)

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास को आगे बढ़ाना है



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक की सदस्यता खत्म

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। यह फैसला विधायक को आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद लिया गया है। वर्तमान में विधायक दरभंगा मंडल कारा में न्यायिक सजा भुगत रहे हैं। दरअसल, 27 मई 2025 को दरभंगा व्यवहार न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट में एडीजे-3 सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने विधायक को धारा 506 के तहत दो साल का कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। यह मामला उमेश मिश्र द्वारा दायर एक पुराने मारपीट मामले से जुड़ा है।

### बैंक लूटकांड का आरोपित थाना परिसर से फरार

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के आवासीय परिसर से शुक्रवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र लूटकांड का आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपित को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर नगर पुलिस के हवाले किया था। सुरक्षा ख्याल से उसे नगर थाना के हाजत के बदले थाना परिसर स्थित एक आवासीय परिसर में रखा गया था। यहां से शौचालय का बहाना बनाकर वह फरार हो गया, जबकि उसके हाथ में हथकड़ी लगी हुई है। फरार बदमाश की पहचान वैशाली के बिदुपुर थाना अंतर्गत मथुरापुर निवासी चंदू पासवान के रूप में की गई है।

### बिहार के स्कूलों की टाइमिंग बदली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गर्मी की छुट्टियों के बाद बिहार में स्कूल संचालन का समय बदल जाएगा। राज्य के सभी 81 हजार प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल का संचालन सुबह 9 बजकर 30 मिनट से अपराह्न 4 बजे तक संचालित होंगे। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने शुक्रवार को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। आपको बता दें 22 जून को गर्मी की छुट्टी खत्म हो रही है और 23 जून से सभी स्कूल खुल जाएंगे।

### 21 जुलाई को पेश होगा बिहार का अनुपूरक बजट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** आगामी चुनाव से पहले बिहार विधानसभा के आखिरी सत्र की तारीखों का ऐलान हो गया है। बिहार विधानमंडल का मॉनसून सत्र 21 से 25 जुलाई तक चलेगा। सत्र की कार्यवाही पांच दिनों की होगी। शुक्रवार को विधानसभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह ने इसका आह्वान पत्र जारी किया। विधानसभा और विधान परिषद सचिवालय ने सत्र को लेकर विस्तृत कार्यक्रम भी जारी किया है। विधानसभा और विधान परिषद में 21 जुलाई को पहले दिन वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इसके बाद 22 और 23 जुलाई को राजकीय विधेयक पेश होंगे।

## तीन लाख के इनामी नक्सली जोनल कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार के गया में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। दर्जनों नक्सली कांडों में सुरक्षा बलों का वांछित प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर अखिलेश सिंह भोक्ता उर्फ पतरकी ने सरेंडर कर दिया है। इसके उपर तीन लाख का इनाम रखा गया था। शुक्रवार को इस कुख्यात नक्सली ने सरेंडर किया। सेमी ऑटोमेटिक राइफल के साथ पतरकी ने गया एसएसपी आनंद कुमार के समक्ष सरेंडर किया। सरेंडर करने के बाद इसकी निशानदेही पर एकमुश्त 60 आईआईडी सुरक्षाबलों ने बरामद किए हैं। पतरकी छकरबंधा थाना के कचनार गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार सरेंडर करने के बाद इसने विस्फोटक के संबंध में पुलिस अधिकारी को जानकारी दी। इसके बाद कचनार गांव के जंगल में जमीन में छुपा कर रखे गए 60 आईईडी बरामद किए गए हैं। यह आईईडी एक-एक किलोग्राम के थे। सुरक्षा बलों द्वारा सभी साठ आईईडी को मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया है। इस कार्रवाई में सीआरपीएफ, एसएसबी, एसटीएफ और बीएसएपी के जवान शामिल थे। बताया जाता है कि नक्सली सब जोनल कमांडर अखिलेश सिंह भोक्ता पिछले 10 वर्षों से सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ था। गया और औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक नक्सली कांड इसके खिलाफ दर्ज हैं। इस कुख्यात की गिरफ्तारी के लिए सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। सुरक्षाबल और पुलिस के द्वारा लगातार दबिश दिए जाने के बाद इस कुख्यात नक्सली सब जोनल कमांडर ने सरेंडर कर दिया। पुलिस के अनुसार सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत नक्सली अखिलेश सिंह भोक्ता को सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## 2005 से कर रहे बिहार का विकास : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार के सिवान पहुंचे। यहां जसौली में उन्होंने करोड़ों की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। नीतीश ने बिहार को सौगात देने के लिए पीएम को धन्यवाद दिया और एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। जैसे ही सीएम नीतीश कुमार सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे, तालियों की गूंज से पूरा माहौल गूंज उठा। नीतीश कुमार ने बिहार की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि पीएम सिवान आए हैं। सबसे पहले मैं पीएम का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि अभी जो हमारी सरकार बनी है और 24 नवंबर 2005 को जो बीजेपी और जेडीयू के लोग थे, आज भी हैं। तब से पूरे बिहार के लिए हमने सारा काम किया है। याद कीजिए जब हमें मौका दिया गया तो हमने काम किया लेकिन उसके पहले वालों ने कोई काम नहीं किया। मुख्यमंत्री ने इशारों-इशारों में आरजेडी पर हमला करते हुए कहा कि आजकल लोग अनाप-शनाप बोल रहा है। ये बिना मतलब की बात है। उनलोगों से पूछना चाहिए कि हमारी सरकार से पहले बिहार का क्या हाल था। कुछ काम नहीं किया गया था। उस समय लोग घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। आज इतनी बड़ी संख्या में लोग पीएम को सुनने के लिए आए हैं। मैं सभी का अभिनंदन करता हूं। नीतीश कुमार ने कहा कि आज सभा में लड़की भी है लड़का भी है। कितनी महिलाएं भी हैं। हमने महिलाओं के लिए कितना काम किया है। जो मौका हमें मिला हमने शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान दिया। 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। हमने काम करके दिखाया है। राज्य में बड़े पैमाने पर पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। सात निश्चय के तहत हर घर नल का जल, बिजली पहुंचाया गया। हर घर शौचालय भी दे रहे हैं। जो नई बसावटें और या किसी का नया घर बन रहा है, तो उनको भी सुविधा दे रहे हैं। युवक-युवतियों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराया गया। मैंने कई जगहों के विकास कार्यों का निरीक्षण किया और 430 योजनाओं को स्वीकृति दी। हर जगह काम शुरू हो गया है। सिवान, गोपालगंज और सारण में विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार के लिए कितना काम किया है। सबको इनका काम याद रखना चाहिए। जुलाई 2024 में बिहार को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन और बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गई। फरवरी 2025 के बजट में मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट की स्थापना की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आयोजन का जिम्मा बिहार को मिलना गौरव की बात है। सीएम ने अंत में जातीय जनगणना कराने के लिए पीएम मोदी को नमन किया और कहा कि हम नमन करते हैं और आप भी हाथ जोड़कर जवाब दीजिए। हम सभी की तरफ से पीएम को धन्यवाद देते हैं। राज्यपाल और उपस्थित सभी लोगों को बधाई देता हूं। एक बात हम जरूर कहते हैं कि बिहार को जितना केंद्र ने दिया है अब प्रदेश आगे बढ़ जाएगा, कोई पीछे नहीं रहेगा।



## चर्चित वकील अम्बर इमाम हाशमी गिरफ्तार

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कोर्ट ने एक नामी क्रिमिनल लॉयर अम्बर इमाम हाशमी को अदालत से ही गिरफ्तार कर जेल भेजने का आदेश दे दिया। यह मामला 32 साल पुराने एक हत्या से जुड़ा है जिसमें हाशमी समेत उनके दो भाइयों पर गंभीर आरोप हैं। दरअसल, वकील अम्बर इमाम हाशमी ने आज कोर्ट में उपस्थित होने से बचने के लिए फॉर्म 117 भरकर बताया था कि वे जिले से बाहर हैं लेकिन कुछ ही देर बाद वे उसी एडीजे तृतीय सुमन कुमार दिवाकर की अदालत में एक अन्य केस की बहस करने पहुंच गए। जज ने जब उन्हें देखा तो पूछा कि आप तो अवकाश पर थे, फिर यहां कैसे? इसके बाद कोर्ट ने उन्हें तत्काल न्यायिक हिरासत में लेकर गिरफ्तार करने का आदेश दिया।

## हथियार दिखा सीएमएस कंपनी के कर्मचारी से सात लाख की लूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अपराधियों ने दिनदहाड़े सीएमएस कंपनी के कर्मचारी से 6 लाख 82 हजार 725 रुपये लूट लिए। वारदात शुक्रवार दोपहर सुभाष चौक स्थित बाघा आरओबी (ओवर ब्रिज) पर हुई, जब कर्मचारी बाजार समिति से रकम लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था। जानकारी के अनुसार सीएमएस कंपनी का कर्मचारी सोनू कुमार बैग में नकदी लेकर बैंक जा रहा था। जैसे ही वह पन्हास साइड से ओवर ब्रिज पर चढ़ा, पीछे से अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उसे रोका। बदमाशों ने हथियार सटा कर रुपयों से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने तुरंत ही कंपनी और लोहियानगर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर डीएसपी सुबोध कुमार और लोहियानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। डीएसपी ने बताया कि पहले पीड़ित ने 5 लाख 47 हजार रुपये लूटे जाने की बात कही, फिर राशि बदलकर 6.82 लाख बताई। बार-बार बयान बदलने के कारण मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस फिलहाल हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। बेगूसराय में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से आम लोगों में दहशत है। दिनदहाड़े हुए इस लूटकांड ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बक्सर में 15 शिक्षक बर्खास्त

### फर्जी आरक्षण और कम नंबर के कारण गिरी गाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** बिहार में फर्जी आरक्षण और नियमों की अनदेखी कर नौकरी पाने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। बक्सर में टीआरई-1 क्वालीफाई कर बहाल हुए 15 शिक्षकों को जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार पांडेय ने बर्खास्त कर दिया है। इनमें 14 शिक्षक उत्तर प्रदेश के निवासी हैं जिन्होंने गलत तरीके से बिहार में आरक्षण का लाभ लिया था जबकि उनके सीटेट में सामान्य कोटि के लिए आवश्यक 60% अंक भी नहीं थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन शिक्षकों को हटाया गया है उनमें उर्दू मध्य विद्यालय चौगाईं के नाजिश अंजुम, उर्दू मध्य विद्यालय परसिया चक्की के नफीस अहमद, प्राथमिक विद्यालय कपूरपुर ब्रह्मपुर की राजनंदिनी कुमारी, मध्य विद्यालय बेलाव नावानगर के मो. सद्दाब अंसारी, प्राथमिक विद्यालय फिरंगी यादव डेरा ब्रह्मपुर की रिंकी कुमारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय परमानपुर नावानगर की तमन्ना बानो, उर्दू मध्य विद्यालय ब्रह्मपुर की नसरीन, उत्क्रमित हाई स्कूल पवनी चौसा की मंजू कुमारी, प्राथमिक विद्यालय योगिया ब्रह्मपुर की सना प्रवीन, प्राथमिक विद्यालय नेयाजीपुर नावानगर की रेणु कुमारी, प्राथमिक विद्यालय हरिपुर की प्रीति पटेल, उर्दू प्राथमिक विद्यालय चौसा की शबनम आरा और मध्य विद्यालय बगही ब्रह्मपुर की शदमन फातमा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राजपुर के मध्य विद्यालय चपटही महादेवन के शिक्षक मसूरी रेनावेन को उनके इंटरमीडिएट में उर्दू विषय न होने के कारण चयनमुक्त किया गया है। डीइओ द्वारा जारी पत्र के अनुसार, माध्यमिक शिक्षा निदेशक के पत्रांक 1341 दिनांक 15 मई 2024 और उप निदेशक के पत्रांक 1507 दिनांक 15 जुलाई 2024 के अनुसार, राज्य से बाहर के अभ्यर्थियों को बिहार के आरक्षण का लाभ नहीं देने का स्पष्ट निर्देश है। इन्हीं आदेशों के आलोक में कार्रवाई की गई है। शिक्षकों को बर्खास्त करने से पूर्व शिक्षा विभाग ने सभी से स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन जब जवाब संतोषजनक नहीं मिला तब डीइओ ने चयन रद्द करने का निर्णय लिया। इससे न केवल इन शिक्षकों की नौकरी गई बल्कि फर्जीवाड़ा करने वालों में हड़कंप मच गया है।

## अफ्रीका की रेल चलाएगा बिहार में बना इंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** बिहार के मढ़ौरा रेल कारखाने में बना रेल इंजन अब अफ्रीकी देश गिनी में सरपट दौड़ेगा। ये रेल इंजन कारखाना बिहार के सारण जिले में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को निर्यात की पहली खेप के तौर पर रेल इंजन को गिनी गणराज्य के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सीवान के जसौली से वर्चुअली इसे हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही शुक्रवार को पीएम मोदी ने वैशाली-देवरिया रेल लाइन का भी उद्घाटन किया, जिसकी लागत 400 करोड़ से अधिक है। उन्होंने पटना-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। मढ़ौरा स्थित रेल इंजन कारखाने ने अब तक 700 से अधिक इंजन भारतीय रेलवे को दिए हैं। इस कारखाने से अफ्रीकी देशों के लिए 143 रेल इंजन का करार हुआ, जिसकी पहली खेप शुक्रवार को गिनी के लिए रवाना की गई। इस रेल इंजन को दुल्हन की तरह सजाया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि बिहार का प्रतिभाशाली नौजवान आज जमीन पर होने वाले काम देख रहा है, उसे परख रहा है। एनडीए कैसा बिहार बना रहा है, इसका उदाहरण मढ़ौरा रेल फैक्ट्री है। मढ़ौरा की लोकोमोटिव फैक्ट्री से पहला इंजन अफ्रीका को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अफ्रीका में भी बिहार की जय-जयकार होने वाली है। ये फैक्ट्री उसी सारण जिले में बनी है, जिसको पंजे और आरजेडी वालों ने पिछड़ा कहकर अपने हाल पर छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये जिला दुनिया के मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट मैप पर अपनी जगह बना चुका है। जंगलराज वालों ने बिहार का विकास इंजन ही ठप कर दिया था। अब बिहार में बना इंजन अफ्रीका की रेल चलाएगा। ये बहुत गर्व की बात है। मुझे पक्का विश्वास है कि बिहार, मेड इन इंडिया का एक बड़ा सेंटर बनेगा। यहां का मखाना और फल-सब्जियां तो बाहर जाएंगी ही, बिहार के कारखानों में बनने वाला सामान भी दुनिया के बाजारों तक पहुंचेगा। बिहार के नौजवान जो सामान बनाएंगे, वो आत्मनिर्भर भारत को ताकत देगा। उन्होंने कहा कि हम एक और बड़ी शुरुआत करने जा रहे हैं। सावन शुरू होने से पहले बाबा हरिहरनाथ की धरती वंदे भारत ट्रेन से बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है। पटना से गोरखपुर की नई वंदे भारत ट्रेन पूर्वांचल के शिव भक्तों को मिली नई सवारी है। ये ट्रेन भगवान बुद्ध की तपोभूमि को उनकी महापरिनिर्वाण भूमि कुशीनगर से जोड़ने का भी माध्यम है।



## रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने की विकास कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने शुक्रवार को पूर्व मध्य रेल के महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह के साथ छपरा-दिघवारा-पाटलिपुत्र रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान उन्होंने छपरा-दिघवारा-पाटलिपुत्र रेल खण्ड पर संरक्षा, प्री-मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, विकास कार्यों की प्रगति, यात्री सुविधाओं के उन्नयन, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट, कॉशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स की संरक्षा का जायजा लिया। अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने दिघवारा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में श्री कुमार पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म एवं सर्कुलेटिंग एरिया आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पाटलिपुत्र स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार तथा द्वितीय निकास द्वार का भी निरीक्षण किया तथा स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर भूनिर्माण का निर्देश दिया।



CMYK

# नीतीश राज के 20 वर्षों में बिहार में दोगुनी हुई सड़क निर्माण की रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में बिहार में बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। यह देश के लिए भी एक मिसाल बन चुका है। 2005 के पहले और बाद के बिहार की तस्वीर में आया आमूलचूल परिवर्तन खासकर पथ निर्माण के क्षेत्र में साफ दिखाई देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार में सड़क निर्माण की गति दोगुनी हो चुकी है। पथ निर्माण विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2005 तक जहां राज्य में मात्र 14 हजार 468 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ था। वहीं वर्ष 2025 तक यह आंकड़ा बढ़कर 26 हजार किलोमीटर से अधिक हो चुका है। यह न केवल निर्माण की मात्रा में वृद्धि है, बल्कि सरकार की दूरदर्शिता, नीतिगत प्रतिबद्धता और नवाचार के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है। राष्ट्रीय उच्च पथों की बात करें तो वर्ष 2005 तक राज्य में कुल 3 हजार 629 किलोमीटर पथ थे, जो अब बढ़कर 6 हजार 147 किलोमीटर हो गए हैं। राज्य उच्च पथों की लंबाई भी 2 हजार 382 किलोमीटर से बढ़कर 3 हजार 638 किलोमीटर हो गई है। वहीं वृहद जिला पथों की लंबाई भी बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई है जहां वर्ष 2005 में वृहद जिला पथों की लंबाई 8,457 किलोमीटर थी जो अब बढ़कर 16,296 किलोमीटर हो चुकी है। राज्य में सड़कों के चौड़ीकरण के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति देखने को मिली है। वर्ष 2005 के पहले तक जहां अधिकांश सड़कें सिंगल या इंटरमीडिएट लेन तक ही सीमित थीं, वहीं अब दो, चार और छह लेन सड़कों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय उच्च पथों में सिंगल लेन सड़कों की लंबाई 764 किलोमीटर से घटकर अब मात्र 186 किलोमीटर रह गई है जबकि दो लेन सड़कों की लंबाई 1,208 किलोमीटर से बढ़कर 3,278 किलोमीटर हो चुकी है। साथ ही चार और छह लेन की कुल लंबाई अब 1,704 किलोमीटर तक पहुंच चुकी है। इसी प्रकार राज्य उच्च पथों में भी बड़ा बदलाव आया है जहां पहले केवल 52 किलोमीटर सड़कें दो लेन थीं, अब इनकी लंबाई बढ़कर 2,786 किलोमीटर हो चुकी है जबकि सिंगल और इंटरमीडिएट लेन सड़कों की लंबाई क्रमशः घटकर 286 और 292 किलोमीटर रह गई है। वृहद जिला पथों की श्रेणी में भी यही प्रवृत्ति दिखाई देती है, जहां दो और चार लेन सड़कों की लंबाई में बढ़ोतरी हुई है।

यदि एक्सप्रेसवे की बात करें तो वर्ष 2005 से पहले बिहार में एक भी एक्सप्रेसवे का अस्तित्व नहीं था। लेकिन केंद्र सरकार की मंजूरी और राज्य सरकार की निरंतर प्रयास के परिणामस्वरूप आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। वर्तमान में राज्य में पांच प्रमुख एक्सप्रेसवे परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं जो न केवल राज्य की कनेक्टिविटी को एक नया आयाम देंगी, बल्कि आर्थिक विकास की रफ्तार को भी तीव्र करेंगी। इन परियोजनाओं में शामिल हैं- 408 किलोमीटर लंबा रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेसवे, 417 किलोमीटर लंबा गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे, 250 किलोमीटर लंबा पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे , 300 किलोमीटर लंबा बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे, 161 किलोमीटर लंबा वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार अब एक और महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर अग्रसर है–2027 तक राज्य के किसी भी कोने से पटना अधिकतम साढ़े तीन घंटे में पहुंचना। इससे पहले सरकार द्वारा पांच घंटे में राजधानी पहुंचने की व्यवस्था पहले ही सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है।

## जिले के नए प्रशासनिक ठिकाने में रखा गया पर्यावरण संरक्षण का पूरा ध्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना का नया समाहरणालय भवन जिला प्रशासन का नया ठिकाना है। यह भवन आधुनिक वास्तुशिल्प का नायाब उदाहरण है। भूकम्परोधी तकनीक से तैयार इस भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 दिसंबर 2024 को किया था। इसे इस प्रकार तैयार किया गया है किसी आपदा के दौरान भी यहां कामकाज प्रभावित न हो। इसमें 40 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी शुद्ध करने वाली प्रणाली और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। इससे यह भवन पर्यावरण अनुकूल साबित होता है। इसमें आम आदमी विशेषकर दिव्यांगजनों के लिए खास सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। रैम्प और बेसमेंट से ही लिफ्ट की व्यवस्था है, जिससे आने-जाने में कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही कार्यालय परिसर में सभी सुविधाओं जैसे डाटा नेटवर्क, सीसीटीवी, आंतरिक साजो सज्जा की व्यवस्था की गई है।

# कांग्रेस पार्टी किसानों के विकास और सम्मान के लिए कटिबद्ध : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित 'बिहार किसान न्याय संवाद' कार्यक्रम के दौरान बिहार किसान कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार राम एवं अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में प्रो.डॉ. विजय कुमार ने औपचारिक रूप से जिम्मेदारी स्वीकार की। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार प्रदेश किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. हिमांशु कुमार की तस्वीर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम सहित सभी नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करके की। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए हुए किसान एक्टिविस्टों ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास जताया और किसान कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प लिया। राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के विकास और सम्मान के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसान न्याय संवाद किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का प्रभावशाली मंच साबित होगा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि एनडीए के 11 साल के शासन में देश की स्थिति बदहाल हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने किसानों, दलितों और गरीबों के खिलाफ नीतियां अपनाई हैं। एनडीए के सत्ता में आते ही किसानों की जमीन लेने के लिए एक के बाद एक तीन अध्यादेश लाए गए। नोटबंदी जैसा काला कानून लागू कर देश की एमएसएमई और अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया गया। जीएसटी लागू कर अर्थव्यवस्था को और चौपट कर दिया गया। मणिपुर की हिंसा पर आज भी केंद्र सरकार मूकदर्शक ही है। अखिलेश शुक्ला एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने किसानों को न्याय दिलाने के लिए किसान न्याय योद्धा बनाने वाले अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के मोबाइल एप का शुभारंभ करते हुए कहा कि किसान कांग्रेस के रहते हुए बिहार का एक भी किसान आत्महत्या करने को मजबूर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस की टीम गांव गांव में किसान न्याय योद्धा तैयार करेगी और फार्मिंग कम्युनिटी बनाएगा। समीर कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य ने किसान कांग्रेस की प्रदेश इकाई से किसानों के मुद्दों को 'सड़क से सदन तक' उठाने का संकल्प व्यक्त किया।

# आप के वरिष्ठ नेता अंगेश सिंह एवं ब्रह्म प्रकाश कांग्रेस में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अंगेश सिंह तथा पटना जिलाध्यक्ष चौधरी ब्रह्म प्रकाश ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने कहा कि अंगेश कुमार एक जुझारु व्यक्ति हैं। पूर्व में भी ये जन सरोकार के मुद्दे पर काम करते रहे हैं। इनके आने से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। वहीं उन्होंने कहा कि ब्रह्म प्रकाश के राजनीतिक अनुभवों का लाभ भी पार्टी को मिलेगा। पार्टी में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी में आए हैं और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे जिनमें विधान पार्षद डॉ. समीर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रो. विजय कुमार, अखिलेश शुक्ला, प्रो. कंचन कुमारी, सौरभ त्यागी आदि प्रमुख है।

# बिहार को बदहाली की गर्त में ढकेलने वालों को नहीं सुहा रहा राज्य का विकास : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिन्होंने बिहार को बदहाली की गर्त में ढकेला उन्हें आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल के दौरान बढ़ता बिहार नहीं सुहा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के 15 सालों के कुशासन को याद करने की बजाए नेता प्रतिपक्ष फर्जी आंकड़ों का इस्तेमाल कर लोगों को भ्रमित करने में लगे हैं। तेजस्वी यादव से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव कांग्रेस शासित यूपीए सरकार में किंगमेकर की भूमिका में थे, लेकिन बिहार के विकास के लिए उन्होंने क्या-क्या काम करवाए ये जरा उन्हें अपने पिता से पूछना चाहिए? विशेष राज्य के दर्जे की रट लगा रहे नेता प्रतिपक्ष को अपने पिता से पूछना चाहिए कि यूपीए सरकार के दौरान केंद्र के कद्दावर मंत्री रहते लालू प्रसाद यादव ने उस दौरान राज्य को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिलाया? खुद को अति पिछड़ा समुदाय का हितैषी एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर का शिष्य होने का झूठा दावा करने वाले लालू प्रसाद यादव ने केंद्र सरकार में मंत्री रहते जननायक को भारत रत्न दिलाने की मांग क्यों नहीं की? केंद्र की एनडीए सरकार पर सवाल उठाने से पहले उन्हें ये भी जानना चाहिए कि ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोशिशों के बाद प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी की सरकार ने उन्हें भारत रत्न से नवाजा और अति पिछड़ा समुदाय को सम्मान देने का काम किया। बिहार में वर्तमान सरकार के दौरान खराब कानून व्यवस्था का आरोप लगाने और हत्या का झूठा आंकड़ा दिखाकर लोगों को भ्रमित करने वाले तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 37 महीने तक अपनी सरकार में राजनीतिक रोजगार देने का काम किया तो उस दौरान उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की हालत में सुधार करने को लेकर क्या कदम उठाए इसका जवाब देना चाहिए। महज आंकड़ों की बाजीगरी कर तेजस्वी यादव लाख झूठ बोलने की कोशिश करें लेकिन बिहार की जनता ये बखूबी जानती है कि किसके शासनकाल में वो सुकून की जिंदगी जी रहे हैं जिन्होंने लालू यादव-राबड़ी देवी के उस कुशासन के दौर को देखा है वो ये कभी नहीं भूल सकते कि उस राज में राज्य में कुल 118 जातीय नरसंहार हुए और 812 लोगों की जानें गईं। इन नरसंहारों में ज्यादातर दलित समुदाय के निर्दोष लोगों की जान गई, लेकिन लालू प्रसाद यादव की सरकार ने किसी दलित परिवार के आंसू पोछने का काम नहीं किया यहां तक कि रसूख के दम पर मामलों को भी मैनेज किए गए। करीब 12 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना, 5 हजार 243 लोगों का फिरौती के लिए अपहरण, सांप्रदायिक दंगों में हजारों लोगों की मौत ये उस दौर की तमाम वो घटनाएं हैं जिनका दंश बिहारवासियों ने झेला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार और केंद्र की एनडीए सरकार मिलकर बिहार का सही मायनों में विकास कर रही है। तेजस्वी यादव को अगर ये सब नहीं दिखता है तो एक बार वो बिहार के दौरे पर निकलें और राजनीति का चश्मा हटाकर देखें कि किस तरह बिहार के अलग-अलग जिलों में सड़कों, पुलों, पुलियों का जाल बिछा है और धड़ल्ले से गाड़ियां उन सड़कों पर दौड़ रही हैं। तेजस्वी यादव गांवों में घूमें और देखें कि किस तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में हरेक गांव और कस्बा सड़क संपर्क से जुड़ा है, टोलों में गली-गली पक्की सड़कों का निर्माण हुआ है साथ ही गलियां और नालियां चमक रही हैं। ग्रामीण इलाकों में आज 20 से 22 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है।

# तेज प्रताप यादव ने किया विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान

## उनके निजी जीवन पर फैसला बिहार की जनता, कोर्ट और भगवान तय करेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार में विवाद छिड़ गया है। तेजप्रताप यादव और अनुष्का यादव की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लालू यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से 6 सालों के लिए निष्कासित कर दिया है जिसके बाद से ही लालू परिवार चर्चा में है। इसी बीच तेजप्रताप यादव ने ऐलान कर दिया है कि वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। हालांकि तेज प्रताप यादव फिलहाल राजद विधायक हैं, लेकिन पार्टी ने उन्हें 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। ऐसे में तेजप्रताप राजद के चुनाव चिन्ह पर तो चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि तेजप्रताप यादव चुनाव किस पार्टी से लड़ेंगे? दरअसल, तेजप्रताप यादव ने एक इंटव्यू में अपने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। तेज प्रताप से जब पूछा गया कि क्या वो चुनाव लड़ना चाहते हैं तो उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना तो चाहते हैं, कौन चुनाव लड़ना नहीं चाहेगा, लेकिन सब आगे तय होगा भगवान पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि उनके लिए उनके माता-पिता(लालू-राबड़ी) का आदेश सबसे बड़ा है। तेज प्रताप ने कहा कि अगर वो चुनाव लड़ेंगे तो भी उन्हीं के बेटे होंगे और चुनाव नहीं लड़ते हैं तो भी उनके ही बेटे होंगे। तेजप्रताप ने यह भी कहा कि उनके साथ न्याय बिहार की जनता करेगी जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है। उन्होंने कहा कि हमने सब कुछ भगवान पर छोड़ दिया है।

# टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराना रहा। योग शिक्षकों के निर्देशन में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम-विलोम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध योग गुरु योगी कुंदन ने अपने संदेश में कहा योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, यह जीवन जीने की एक कला है। बच्चों को बचपन से योग अपनाना चाहिए, ताकि वे स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकें। विद्यालय के निर्देशक राजीव भार्गव एवं प्रचार्या शिवानी भार्गव ने प्रतिभागियों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है।

# बिहार में विपरीत हवा बह रही है, पीएम के दौरे का कोई असर नहीं : मंगनी लाल मंडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि चुनावी साल है। इसलिए पीएम मोदी बार-बार बिहार आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में सत्ता विरोधी लहर है। इससे एनडीए में बेचैनी है और बार-बार पीएम को बुलाया जा रहा है, लेकिन इसका कुछ असर नहीं पड़ेगा। मंगनी लाल मंडल ने शुक्रवार को राबड़ी आवास पहुंचकर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की और उनसे दिशा निर्देश प्राप्त किया। राबड़ी आवास के बाहर उन्होंने मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार हो रहे बिहार दौरों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में प्रधानमंत्री मोदी तीन बार बिहार आ चुके हैं। यह चुनावी साल है, इसलिए बार-बार दौरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए में अंदरूनी परेशानी है। जदयू और भाजपा के बीच असंतोष और एंटी इनकंबेंसी का माहौल है। यही कारण है कि पीएम को बार-बार यहां लाया जा रहा है। मंगनी लाल मंडल ने दावा किया कि बिहार में विपरीत हवा बह रही है और पीएम के दौरे का कोई असर नहीं पड़ेगा, बल्कि असर उनके खिलाफ ही होगा। बाबा साहेब अंबेडकर के कथित अपमान से जुड़े एक वीडियो पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैं खुद उस दिन मौके पर मौजूद था। जब लालू यादव का जन्मदिन मनाया गया जो फोटो और वीडियो वायरल किया गया है, वह फर्जी है। भाजपा झूठ और छल की राजनीति करती है जो दिखाया जा रहा है। वैसा कुछ हुआ ही नहीं। वो तस्वीर अलग से लगाया गया है। बता दें कि लालू यादव की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में लालू यादव के पैर के नीचे भीम राव अंबेडकर की तस्वीर दिखाई दे रही है।

# मत्स्य कृषकों के लिए वरदान साबित हो रही 'तालाब मत्स्यकी विशेष सहायता योजना'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार द्वारा मत्स्य पालन को एक संगठित, समृद्ध और आत्मनिर्भर उद्यम के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही 'तालाब मत्स्यिकी विशेष सहायता योजना' बिहार के मत्स्य कृषकों के लिए एक बड़ी सौगात साबित हो रही है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत निदेशालय मत्स्य द्वारा इस योजना का क्रियान्वयन राज्य भर में किया जा रहा है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अत्यंत पिछड़े वर्ग के मत्स्य कृषकों को विशेष सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें रियरिंग तालाब का निर्माण, बोरिंग, पंपसेट/समरसिबल पंप की स्थापना, शेड निर्माण, यांत्रिक एरेटर, मत्स्य इनपुट इत्यादि को शामिल कर 'पैकेज सहायता' स्वरूप में अनुदान प्रदान किया जा रहा है। राज्य के चयनित लाभार्थी मत्स्य कृषकों को प्रति एकड़ जलक्षेत्र की निर्धारित इकाई लागत 10.10 लाख के विरुद्ध 70 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जा रही है। शेष 30 प्रतिशत राशि लाभार्थी द्वारा स्वयं अथवा बैंक ऋण के माध्यम से वहन की जाएगी। इससे छोटे और सीमांत मत्स्य कृषकों को मत्स्य पालन को आर्थिक रूप से लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने का अवसर मिल रहा है। इस योजना से जुड़े लाभ और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक लाभार्थी अपने संबंधित जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री ने पटना को दी बड़ी सौगात : रविशंकर प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार को एक नई वंदे भारत की सौगात दी। उन्होंने सीवान से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पटना-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पाटलिपुत्र जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में पटना साहिब के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी पाटलिपुत्र- गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रसाद ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है जो यात्रियों को तेज, सुगम और अत्यधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। यह वंदे भारत ट्रेन बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों को जोड़ते हुए क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और यात्री सुविधाओं को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। ट्रेन से शिक्षा, चिकित्सा और व्यापारिक अवसरों तक पहुंच और भी आसान व सुविधाजनक होगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सीवान में 6000 करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन कर राज्य के विकास को नई गति प्रदान की है। पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने बताया कि इन परियोजनाओं में रेलवे, 'हर घर जल' शहरी विकास और स्वच्छता से जुड़ी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल है, जो बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में विकास को नई गति प्रदान करेगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल और आधुनिक शहरी ढांचे का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार आगमन पर पटना को भी बड़ी सौगात मिली है। बिहार की राजधानी पटना अब और साफ और स्वच्छ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने दीघा, कंकड़बाग, फतुहा, बख्तियारपुर और मोकामा में आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) का भी उद्घाटन किया। दीघा और कंकड़बाग में आयोजित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन गंगा नदी की निर्मलता और अविरलता को बनाए रखने के लिए एक सार्थक प्रयास है।

# प्रधानमंत्री सिर्फ जुमलों की बारिश कर के चले गए : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीवान दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी टेलीप्रॉम्पटर पढ़कर भाषण देते हैं। उन्हें जमीनी सच्चाई की कोई समझ नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण में कोई नया कंटेंट नहीं था। हर बार वही घिसा-पिटा भाषण सुनाया जाता है। प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि सीवान को आपने क्या दिया? तेजस्वी ने यह भी आरोप लगाया कि रैली में भीड़ जुटाने के लिए प्रशासन को लगाया गया और जबर्दस्ती भीड़ बुलाई गई। ऐसा तमाशा 2005 से पहले नहीं होता था। उन्होंने कहा कि मोदी और नीतीश मास लीडर नहीं हैं। लालू यादव अगर आज भी चौक पर खड़े हो जाएं तो लाखों लोग खुद आ जाएंगे। तेजस्वी ने प्रधानमंत्री की रैली पर होने वाले खर्च को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जब भी प्रधानमंत्री आते हैं, बिहार का 100 करोड़ रुपये खर्च होता है। क्या यह जनता का पैसा नहीं है? उन्होंने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की लगातार हवाई यात्राओं पर भी टिप्पणी करते हुए पूछा कि उनका खर्चा कौन वहन कर रहा है? तेजस्वी ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे अमीर पार्टी है और चुनावी रैली का खर्च देश के सबसे गरीब राज्य से करवाया जा रहा है, जो शर्मनाक है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार को बाहर से चलाने की ज़रूरत नहीं है।

# आषाढ़ नवमी पर शक्तिधाम स्थित श्री दादीजी मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आषाढ़ नवमी के पावन अवसर पर बैंक रोड शक्तिधाम स्थित दादी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस विशेष अवसर पर दादीजी का श्रृंगार किया गया और आरती तथा भजनों की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर सैकड़ों की संख्या में महिलायें राजस्थानी वेश भूषा में सजकर लाल पीली साड़ी, पहने दादीजी का आह्वान भी कर रही थी। शक्तिधाम महिला मंडल के द्वारा किये जा रहे इस भजन कीर्तन में भक्ति रस की धारा बह रही थी तथा सभी उपस्थित समुदाय भक्ति रस में डूबे जा रहे थे।

शक्तिधाम महिला मंडल की शकुन्तला अग्रवाल, चंदा पोद्दार, रेखा मोदी, अनसुईया खेतान, सरिता बंका, सरोज बंका, इंदिरा खंडेलवाल, रिमझिम सर्राफ, रेणु बजाज, सीमा माखरिया, प्रियंका पोद्दार, प्रीति अग्रवाल एवं उपस्थित भक्तजनों द्वारा दादीजी के भजनों की सरिता बहाई गई जिससे सम्पूर्ण परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। शक्तिधाम ट्रस्ट ने सभी भक्तों का धन्यवाद किया और समाज में ऐसे आयोजनों से धार्मिक भावना के सुदृढ़ होने की बात कही।

# महिला संवाद के जरिए नए आयाम गढ़ रहा बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार अब महिला संवाद के जरिए आधी आबादी के सशक्तीकरण की नई इबारत लिख रहा है। समाज के बदलते परिवेश में महिलाओं को मुखर होकर अपनी बात रखने का सशक्त मंच राज्य सरकार प्रदान कर रही है। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैठक आयोजित कर की थी। पूरे राज्य में एक साथ 18 अप्रैल 2025 से हुई थी। यह कार्यक्रम करीब एक महीने चला। इस दौरान पंचायत से लेकर जिला और राज्य स्तर पर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे राज्य में 70 हजार से अधिक स्थानों पर महिला संवाद आयोजित किए गए। इस महिला संवाद कार्यक्रम में 40 विभागों से जुड़े अलग-अलग विषयों पर लाख से अधिक संख्या में सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन तमाम सुझावों के आधार पर महिलाओं ने मूलभूत समस्याओं या जरूरतों को उजागर किया। ताकि इन सुझावों के आधार पर योजनाओं में जरूरी या महिलाओं के अनुकूल बदलाव किए जा सकें और इसके आधार पर सरकार जनोन्नमुखी कार्य की टिकाऊ रूपरेखा तैयार कर सकें। इसके आधार पर सुदूर इलाकों में रहने वाली महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने में सरकार को काफी मदद मिलेगी। अब तक हुए महिला संवाद कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पीएचईडी समेत अन्य विभागों से जुड़ी सुझाव बड़ी संख्या में प्राप्त हुई।

# जैन धर्मावलंबियों ने 21वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान नमिनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान नमिनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा किया गया। उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर एवं अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक शांतिधारा किया गया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि 21वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ स्वामी का गर्भ, जन्म, तप एवं ज्ञान कल्याणक बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी द्वारा संचालित बिहार के मिथिलापुरी तीर्थ, जिला सीतामढ़ी में हुआ है तथा मोक्ष कल्याणक शिखरजी में हुआ है।

### जिलाधिकारी ने किया जनता दरबार का आयोजन

# समस्याओं के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिला पदाधिकारी द्वारा जिला जनता दरबार का आयोजन डीआरडीए रोहतास के सभा कक्ष में आयोजन किया गया जिसमें अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास, जिला बंदोबस्ती पदाधिकारी, रोहतास, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, विशेष कार्य पदाधिकारी, रोहतास एवं प्रभारी पदाधिकारी, लोक शिकायत अनुश्रवण कोषांग-सह-महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, रोहतास एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं जिले के सभी अंचल अधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त जनता दरबार में लगभग एक सौ अट्ठारह व्यक्ति उपस्थित हुए जिन्हें विषयवार /विभागवार यथा - राजस्व, विकास एवं अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं/शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठाकर सभी आवेदकों से जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुये उनके फरियादों / समस्याओं को सुना तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निदेशों के साथ तत्काल कार्रवाई करने हेतु हस्तगत करा दिया गया। लोक साक्षात्कार के समय ही शिकायत एवं समस्याओं के समीक्षोपरान्त ऐसे आवेदन पत्रों को जिसमें लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई के योग्य थे, वैसे आवेदकों के शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुये नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निदेश के साथ संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों यथा- सासाराम, विक्रमगंज एवं डिहरी को जनता दरबार में ही हस्तगत करा दिया गया। सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन कराये जाने हेतु ऑन लाइन कराया गया तथा संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों के द्वारा पंजीयन की कार्रवाई भी प्रारम्भ करा दिया गया, ताकि आवेदनकर्ताओं के द्वारा अपने आवेदन पत्रों पर किये गये कार्रवाईयों के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त कुछ आवेदकों के आवेदन पत्रों यथा संजू देवी, पति अरबिंद राम, ग्राम-परसियां, पंचायत - नोनसारी, प्रखंड- नोखा के द्वारा भूमि बंदोबस्ती करने से संबंधित आवेदन पत्र दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी, नोखा को अग्रसारित किया गया, पुनम देवी, ग्राम-माहापुर, पो.-बरांव, प्रखंड- नोखा के द्वारा दाखिल खारिज हेतु आवेदन आवेदन दिया गया जिसे अविलंब निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी, नोखा को भेजा गया। आवेदिका गीता देवी, पति- सतेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, ग्राम/पो.- गसौना, थाना-संझौली, जिला- रोहतास के द्वारा भू-मापी करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किया गया जिसे निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी, संझौली को निर्देशित किया गया। राजवंश सिंह, पिता- स्व. अंबिका सिंह, ग्राम-प्रयागपुर, पो.- बरैला, थाना- शिवसागर, जिला- रोहतास के द्वारा आहर का अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में आवेदन पत्र दिया गया जिसे निष्पादन हेतु अंचल अधिकारी, शिवसागर को भेजा गया। इसी प्रकार आवेदक रोहित कुमार एवं अन्य के द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू, रोहतास के 11वीं, 12वीं व अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों से नामांकन हेतु शुल्क निर्धारण से ज्यादा लिये जाने हेतु शिकायत किया गया जिसे अविलंब निदान हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास को भेजा गया।

# चिराग पासवान अगड़ा, पिछड़ा, दलित, महादलित या सवर्ण सभी वर्गों के चहेते : सोनू सिंह

## कार्यकर्ता सम्मेलन में चिराग ने सोनू को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की तैयारी बैठक 29 जून को राजगीर में होगा। उक्त बातें लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने लोक जनशक्ति पार्टी रा द्वारा खगौल रोड पटना मैब्रिक रिसौट में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के द्वारा कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित होने के उपरांत चिराग पासवान, प्रदेश संगठन प्रभारी सह सांसद अरुण भारती, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेन्द्र सिन्हा उर्फ मुन्ना, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पाण्डेय को आभार व्यक्त करने के उपरांत कहा। उन्होंने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आगामी 29 जून को राजगीर हॉकी मैदान में आयोजित बहुजन भीम संकल्प समागम की तैयारी और कार्यक्रम की सफलता की रणनीति पर चर्चा को लेकर डिहरी विधानसभा के हर गांव में जाकर राजगीर चलने के साथ-साथ कार्यक्रम को लेकर रणनीति पर सभी पार्टी के वरीय नेताओं से गहन विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी 29 जून को राजगीर स्थित हॉकी मैदान में आयोजित बहुजन भी संकल्प समागम को ऐतिहासिक होगी। राजगीर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 3 लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को जो लोग एक जाति के नेता समझते हैं। बिहार में चिराग पासवान की स्वीकार्यता हर वर्ग में है चाहे वह अगड़ा-पिछड़ा दलित महादलित या सवर्ण सभी वर्गों के चहेते हैं। देश के बड़े बहुजन कांशीराम, बाबू जगजीवन राम जैसे कद्दावर नेताओं के बाद देश में एक रिक्तता आई है जिसमें चिराग पासवान को बहुजन नेता के रूप में सुशोभित हुए हैं।

# चिकित्सा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, कोताही बर्दाश्त नहीं : डीएम

## भगवानपुर सीएचसी की औचक जांच में गायब मिले डाक्टरों से जवाब तलब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** कैमूर के जिलाधिकारी सुनील कुमार द्वारा आज भगवानपुर प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भगवानपुर का औचक निरीक्षण किया। डीपीआरओ ने बताया कि यह निरीक्षण जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुचारु संचालन तथा आम जनता को सुलभ व प्रभावी चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित कराने की दिशा में की जा रही नियमित निगरानी का हिस्सा था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, रोगियों की उपचार प्रक्रिया, दवाओं की उपलब्धता तथा कर्मियों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।

**ड्यूटी से गैरहाजिर पाए गए चिकित्सक**

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि रोस्टर के अनुसार जिन चिकित्सकों की ड्यूटी निर्धारित थी, वे ड्यूटी पर उपस्थित नहीं थे। उनके स्थान पर अन्य चिकित्सक कार्यरत पाए गए। इसके अतिरिक्त केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार भी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। इस गंभीर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा सभी अनुपस्थित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण तलब करने एवं स्पष्टीकरण के निस्तारण तक उनका वेतन अवरुद्ध करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

**अन्य 12 कर्मियों की भी अनुपस्थिति**

जांच के दौरान अस्पताल के 12 अन्य कर्मी भी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने 'नो वर्क, नो पे' सिद्धांत के तहत उन सभी की एक दिन की वेतन कटौती करने एवं उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया।

**जिलाधिकारी की टिप्पणी**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सुनील कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाकर आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# प्रथम चरण के 36 लाभुकों का सामूहिक गृह प्रवेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद् डिहरी डालमियानगर के सम्राट अशोक भवन में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद, वार्ड पार्षद, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, स्वच्छता प्रबंधन पदाधकारी एवं आवास योजना के संबंधित कर्मी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी प्रथम चरण के 36 लाभुकों गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत सभी लाभुकों का सामूहिक गृह प्रवेश करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद् डिहरी डालमियानगर की मुख्य पार्षद शशि कुमारी द्वारा किया गया तथा लाभुकों के आवास की सांकेतिक चाभी देकर गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान मुख्य पार्षद ने जानकारी देते हुए बताया कि जितने भी लाभुकों ने इस योजना का लाभ लिया है उनके खाते में कुल 2 लाख रुपये उनको अपना पक्का आवास बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत उनको सहायता राशि प्रदान की गई है। कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में इसकी राशि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बढ़ाकर 2.5 लाख की गई है जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 द्वितीय चरण के पात्र चयनित 201 लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि 1,00,000/- रुपये भेजी जा चुकी है तथा जो भी छूटे हुए पात्र लाभुक हैं वो नगर परिषद् कार्यलय से संपर्क स्थापित कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी, नगर प्रबंधक अफताब आलम, प्रभारी प्रधान सहायक कुमार राहुल, आवास सहायक मधुसुदन कुमार एवं सी एल टी सी कर्मी मो. इरशाद आलम एवं सुमित कुमार रॉय एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# सोन में मोहमदगंज बराज से छोड़ा गया एक लाख क्यूसेक पानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** झारखंड में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण सोन का जलस्तर बढ़ने घटना का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को झारखंड के मोहम्मदगंज भीम बराज से एक लाख 92 हजार 66 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इंद्रपुरी बराज के 69वें 18 गेट खोलकर सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। सोन टील्हे में फंसे लोग बाहर आ गए हैं।

जल संसाधन विभाग के अनुसार झारखंड के मोहम्मदगंज बराज से आज दोपहर छोड़ा गया पानी बराज पर आने में 12 घंटे समय लगता है। जल संसाधन विभाग के अनुसार झारखंड में भारी मात्रा में हो रही बारिश का पानी आने की संभावना बनी हुई है। मध्य प्रदेश के बाणसागर से आज भी 706.28 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं आज उत्तरप्रदेश के रिंहद जलाशय से 6724.212 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इंद्रपुरी बराज पर 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इधर आज शाम इंद्रपुरी बराज पर लगभग 45178 हजार क्यूसेक पानी ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से पहुंच रहा है। बराज का पानी का लेवल 355 मेंटेन करने के बाद 34247 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जिसमें पश्चिमी संयोजक नहर में 7923 व पूर्वी संयोजक नहर में 3008 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग सेल की कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार बराज पर 24 घंटे अधिकारी व कर्मी निगरानी कर रहे हैं। खरीफ फसलों के लिए सभी नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंच रहा है।

# गणितीय समर कैंप का समापन, कौशल कुमार ने कैंप के बच्चों को किया सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्राथमिक विद्यालय तारबंगला में गणितीय समर कैंप आज समापन हुआ। वर्ग 5 के बच्चों ने खेल-खेल के माध्यम से उत्साहपूर्वक पढ़ाई करने में रूचि रखते हुए पढ़ाई की और इन बच्चों का अंतिम मूल्यांकन किया गया। अंक पहचान, संख्या पहचान, घटाव, भाग का किया गया, जो छात्र-छात्रा अच्छा किए हैं उन्हें गणितीय शिक्षक कौशल कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। कॉपी, पेन, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, पेंसिल बॉक्स से किया गया। कुमार ने कहा कि शिक्षा से देश सजाएंगे। हर बच्चे को पढ़ाएंगे, घर-घर दीप जलाओ अपने बच्चों को सभी पढ़ाओ, अनपढ़ होना है अभिशाप अब ना रहेंगे अंगूठा छाप, अच्छे बच्चे तभी बनेंगे जब हम सब स्कूल चलेंगे। मौके पर छात्र-छात्रा आरोही, परी, संध्या, शिवानी, सिया, सिंपी, आदर्श, विकास सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# डॉ रवि प्रकाश को शिक्षा के उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्राइवेट स्कूल सम्मेलन का भव्य आयोजन पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित एक निजी होटल में किया गया था। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से निजी स्कूलों के निदेशकों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी विकास वैभव एवं एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इसी क्रम में रोहतास के डिहरी स्थित जे.आर.एस इंटरनेशनल स्कूल के सचिव डॉ. रवि प्रकाश को ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं सामाजिक उत्थान में विशेष योगदान के लिए लीडरशिप अवार्ड 2025 से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान आईजी विकास वैभव व अध्यक्ष शमायल अहमद द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में निजी स्कूलों के प्रमुख उपस्थित थे। सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षा के स्तर में सुधार, नीति-निर्माण में भागीदारी और ग्रामीण शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देना रहा। सम्मान मिलने पर डॉ. रवि प्रकाश ने कहा कि यह पुरस्कार उनके स्कूल, शिक्षकगण व अभिभावकों के विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

# झमाझम बारिश से किसान खुशहाल, शहरवासी बेहाल

## तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से बिचड़ों में आई जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** वर्ष का मानसून आते ही किसानों के मन को मोह लिया है। पिछले तीन दिनों से लगातार हुई बारिश से किसान काफी खुशहाल दिख रहे हैं। पानी के अभाव में मर रहे धान के बिचड़े में जान आ गई है जबकि शहर में जगह-जगह जलजमाव से लोगों की जिंदगी बेहाल हो गई है। लोगों को घरों से आना-जाना मुश्किल हो गया है। किसानों का कहना है कि बारिश के अभाव में कई जगहों पर किसान धान बीज नहीं डाल पाए थे जैसे ही लगातार बारिश शुरू हुई, तीन दिनों के अंदर अधिकांश किसानों ने धान का बीज डाल दिया है जबकि बिना बारिश के मशीन के सहारे बीज डालने वाले किसानों के बिचड़े सूख रहे थे, लेकिन लगातार हो रही बारिश से किसानों के बिचड़े लहलहा रहे हैं। किसानों का कहना है कि इसी तरह इन्द्र भगवान का साथ रहेगा तो इस वर्ष किसानों को खेती करने में काफी परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। दूसरी तरफ लगातार बारिश से शहर के रेलवे स्टेशन के सामने सर्विस सड़क, कुदरा-भभुआ सड़क व लालापुर में सड़क पर भारी जलजमाव है। बारिश के दिनों में शहरवासी नारकीय जिंदगी जीने को मजबूर हो गए हैं। नगर पंचायत का कोई भी ऐसा वार्ड नहीं है जहां जलजमाव की समस्या न हो। शहरवासियों के लिए बारिश बेहाल का सबब है।

# कर्पूरी सभागार में जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक

## मुख्य अतिथि रहे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ (कैमूर)।** जनता दल यूनाइटेड द्वारा कर्पूरी सभागार कार्यालय भभुआ में शुक्रवार को जदयू के पार्टी के पदाधिकारी की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जेडीयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल तथा मंच का संचालन डॉ प्रदीप रंजन ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जामा खान उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को मनोनयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही साथ यह निर्णय लिया गया कि जनता दल यू को बूथ स्तर पर कार्यकारिणी बनाकर संगठन को बहुत धारदार और मजबूत करना है जिससे पार्टी का संगठन जमीन स्तर पर सुदृढ़ हो सके और पार्टी मजबूती के साथ बिहार में अपने कार्यकर्ताओं के बलबूते पर, आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में सभी वर्ग के लोगों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है जिससे बिहार के वंचित, शोषित, पिछड़ा, अति पिछड़ा के साथ सभी वर्ग के लोगों को लाभ प्राप्त हो रहा है। यह सभी योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को अपने आसपास के लोगों को बताकर मुख्यमंत्री के विकास कार्यों को धरातल तक पहुंचाना है। साथ ही जनता दल यूनाइटेड में भगवानपुर जिला पार्षद मल्लू मुसहर एवं आजाद पार्टी के जिलाध्यक्ष जनार्दन निराला, एवं लल्लू मुसहर सदस्यता ग्रहण किया।

# मोबाइल से रील बनाने के चक्कर में दो बाइकों की टक्कर, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र स्थित दुर्गावती जलाशय डैम परिसर में शुक्रवार की शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक डैम परिसर में खतरनाक तरीके से बाइक चला रहे थे और मोबाइल से रील वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में कुदरा थाना क्षेत्र के कर्मा गांव निवासी रमजान अंसारी उम्र 25 वर्ष, पिता मुस्तफा अंसारी और दिलशाद खान उम्र 20 वर्ष, पिता जालिम खान कुदरा निवासी घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

### निविदा रद्द करने संबंधी सूचना।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा पत्रांक 1580/जि0प0, दिनांक 18.06.2025 के माध्यम से निर्गत आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ज्ञापांक 762/जि0अ0, दिनांक 28.05.2025 द्वारा निर्गत निविदा ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26 अन्तर्गत निम्नांकित योजना का निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है:–

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 | Tender ID | PR No. | अभि0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पण्डवा | कजरी–पाटन | कजरी–पाटन मेन रोड से सखुआ गांव तक सड़क निर्माण। | 2465800 | NIT-04/ 2025-26/ Gr-01 | 2025_ZPPAL_101625_1 | PR. NO. 353837 District(25-26):D | निविदा रद्द |
| 2 | पण्डवा | गाड़ीखास | ग्राम गाड़ी (बड़का भीट्ठा) शंकर सिंह के घर से दुर्गावती नदी तक सड़क निर्माण। | 2489300 | NIT-04/ 2025-26/ Gr-02 | 2025_ZPPAL_101626_1 | | |
| 3 | नौडीहा बाजार | करकट्टा | ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण। | 9535800 | NIT-04/ 2025-26/ Gr-03 | 2025_ZPPAL_102035_1 | | |

PR 355614 District(25-26)D

ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।


# आरपीएफ ने ट्रेन में बीमार यात्री का कराया इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शुक्रवार को रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन पर कार्यरत स्टेशन मास्टर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 13152 डाउन में एक बीमार है। उक्त सूचना के उपरांत सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम द्वारा उक्त यात्री को अटेंड किया गया। यह जानकारी देते हुए आरपीएफ के मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि जिनके साथ उनकी बहू और अन्य परिजन भी थे जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वे सभी जम्मू से कोलकाता तक की यात्रा पर है। रेलवे डॉक्टर हरदीप सिंह द्वारा जांच करने उपरांत उक्त यात्री को इलाज वास्ते अनुमंडल अस्पताल डिहरी ले जाने के लिए सलाह दिया गया, परंतु यात्री के परिजनों के अनुरोध पर और यात्री के स्थिति को देखते हुए उक्त यात्री को इलाज हेतु स्थानीय प्राइवेट अस्पताल शंकर अस्पताल में ले जाकर एडमिट कराया गया जहां पर उक्त यात्री इलाजरत है और उनकी स्थिति अभी ठीक है।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

### निविदा रद्द करने संबंधी सूचना।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा पत्रांक 1580/जि0प0, दिनांक 18.06.2025 के माध्यम से निर्गत आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ज्ञापांक 1119/जि0अ0, दिनांक 09.06.2025 द्वारा निर्गत निविदा ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26 Group-03 अन्तर्गत निम्नांकित योजना का निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है:–

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 | Tender ID | PR No. | अभि0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नौडीहा बाजार | करकट्टा | ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण। | 9535800 | NIT-04/ 2025-26/ Gr-03 | 2025_ZPPAL_102035_1 | PR 354099 District(25-26)D | |

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिशद, पलामू।

PR 355627 (District) 25-26 (D)



## समाहरणालय, गढ़वा (जिला विधि शाखा)

### सूचना।

एतद् द्वारा जिला अधिवक्ता संघ, गढ़वा के सभी अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी, विधि विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1122/जे0, दिनांक 10.06.2025 के आलोक में गढ़वा जिले के लिए नियुक्त सरकारी वकील की कालावधि समाप्त होने के फलस्वरूप अगली कालावधि के लिए सरकारी वकील की नियुक्ति के निमित अनुशंसा सूची विधि विभाग, झारखण्ड सरकार को भेजा जाना है।

अत: उक्त पद के लिए इच्छुक अधिवक्ता, जो कम से कम 10 (दस) वर्षों की Practice पूर्ण कर चुके हैं, जीवनवृत के साथ दिनांक 30.06.2025 तक विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जिला विधि शाखा, गढ़वा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोट- विहित आवेदन पत्र के लिए जिला विधि शाखा, गढ़वा में कार्यालय अवधि में किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/-
उपायुक्त, गढ़वा।

PR 355559 (District) 25-26 (D)


CMYK

# डीएम व एसपी ने तटबंध कटाव स्थल का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने शुक्रवार की सुबह एकंगरसराय प्रखंड के मंडाछ पंचायत अंतर्गत बेलदारी बिगहा गांव में अचानक हुए तटबंध कटाव और सड़क संपर्क टूटने की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। यह आपदा लोकाईन नदी में जलस्तर के अप्रत्याशित वृद्धि के कारण उत्पन्न हुई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन बाधित हो गया है और बाढ़ का खतरा गहरा गया है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और कार्य एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि ईसी बैग, पर्याप्त संख्या में वाहन और श्रमिकों की सहायता से त्वरित सड़क मरम्मति कार्य अविलंब शुरू किया जाए, ताकि प्रभावित गांव का अन्य क्षेत्रों से संपर्क बहाल किया जा सकें। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम को पहले ही बेलदारी बिगहा में तैनात कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए आपदा प्रबंधन के अंतर्गत सभी आवश्यक राहत व्यवस्थाएं यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाएं। इसमें बाढ़ राहत शिविर की स्थापना, पशु चारा का वितरण,मोबाइल मेडिकल कैंप एवं पशु चिकित्सा कैंप, सूखा राशन एवं पॉलिथीन शीट्स का वितरण, समुदायिक रसोई की व्यवस्था शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा), अनुमंडलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, स्थानीय थानाध्यक्ष समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे।

### गोईठवा व कुंभरी नदी तटबंधों का अपर समाहर्ता व सीओ ने किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** प्राकृतिक आपदा संभावित बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ चुका है। संभावित बाढ़ की स्थिति को लेकर बिंद प्रखंड के गोईठवा एवं कुंभरी नदी के तटबंधों का अपर समाहर्ता और अंचलाधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में तटबंध की मजबूती, जलस्तर में संभावित वृद्धि के प्रभाव, एवं ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर विशेष समीक्षा की गई। बाढ़ से पूर्व सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, बचाव कार्य के लिए नाव, जीवन रक्षक जैकेट, राहत शिविरों की व्यवस्था और संपर्क पथों की स्थिति का आकलन किया।

## आश्रित को मिले बीमा के दो लाख रूपए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा निजाई द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाताधारक स्व. प्रतिमा देवी के नामिती गुड्डू कुमार को रूपए दो लाख प्रदान किये गये। स्व. प्रतिमा देवी द्वारा बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा निजाई में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पंजीकरण 436 रूपया में कराया गया था। उनकी आकस्मिक मृत्यु के पश्चात उनके नामिती गुड्डू कुमार द्वारा दो लाख का दावा के लिए आवेदन दिया गया। जहां परिणाम स्वरुप दो लाख रूपए उनके खाता में प्राप्त हुआ। स्व. प्रतिमा देवी रहुई थाना क्षेत्र इलाके के सलमाबाद के निवासी थी। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अजीत कुमार, सहायक प्रबंधक प्रीतम कुमार, कार्यालय सहायक कुमार गौरव, बीसी गौतम कुमार व बैंक मित्रा संजुला देवी मौजूद थे।

# 24 घंटे बाद भी जमीन कारोबारी की हत्या का नहीं मिला सुराग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**बिहारशरीफ।** जमीन कारोबारी रजी अहमद उर्फ नन्हु के हत्या के 24 घंटे बाद भी पुलिस की हाथ खाली रही। गुरुवार को संध्या करीब साढ़े छह बजे उजाले में अपने सहयोगी सोनू के साथ बिहारशरीफ राजगीर मार्ग के किनारे टहल रहे थे। तभी दो बाइक सवार अपराधियों ने गोली से छलनी कर घायल कर दिया था। इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में हीं उसकी मौत हो गयी थी। हत्यारों ने नजदीक से उन्हें चार गोली मारी थी। घटना के बाद आसपास में दहशत का माहौल है। डीएसपी ने स्वयं कमान संभाल रखी है। लेकिन होटलों के कैमरे बंद रहने से कुछ भी हाथ नहीं लगा। होटलों के सीसीटीवी चालू रहते तो पुलिस अपराधी तक आसानी से पहुंच जाती। राजगीर में हाकी मैच के दौरान जिलाधिकारी एवं अनुमंडलाधिकारी के निर्देश पर सुरक्षा के लिए व्यवसायिक प्रतिष्ठान, पेट्रोल पंप तथा होटल संचालकों को सीसीटीवी कैमरे भी लगाने का निर्देश दिया था। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन को दिया गया था लेकिन सिर्फ खानापूर्ति हुई। शोभा के लिए कैमरे लगाये गये। ग्रामीण जमीन खरीद बिक्री के कारोबार में रंजिश की आशंका जता रहे हैं। घटना स्थल पर भी पुलिस को कोई सबूत नहीं मिला। शुक्रवार को ग्रामीणों ने पांच खोखा बरामद कर पुलिस के हवाले किया। अपने चहेते का अंतिम दर्शन के लिए सुबह से दफनाने तक तांता लगा रहा। प्रशासन की मौजूदगी में नमाज के बाद पार्थिव शरीर को दफनाया गया। थाना प्रभारी निशि कुमार ने बताया कि पत्नी ने तीन नामजद व अज्ञात के विरूद्ध आवेदन दिया है। छापामारी की जा रही है।



# झुनाठी पंचायत उपचुनाव : पूर्व मुखिया रामबालक प्रसाद यादव ने भरा नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा सदर प्रखंड के झुनाठी पंचायत में होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में पूर्व मुखिया रामबालक प्रसाद यादव ने मुखिया पद के लिए सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वे अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सदर प्रखंड कार्यालय पहुंचे और प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत किया। नामांकन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी कर उन्हें समर्थन भी जताया। गौरतलब है कि रामबालक प्रसाद यादव वर्ष 2006 से 2016 तक झुनाठी पंचायत के मुखिया रहे हैं और इस दौरान उन्होंने पंचायत में कई विकास कार्यों को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों से पद पर नहीं होने के बावजूद पंचायतवासियों के बीच उनकी सक्रिय भूमिका बनी रही है। उन्होंने पुनः चुनावी मैदान में उतरने के पीछे पंचायत के अधूरे कार्यों को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है। रामबालक प्रसाद ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद उन्हें फिर मिलेगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने और भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।



## सड़क हादसे में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा में गुरुवार की रात सड़क हादसे में लूना सवार एक युवक की मौत हो गई। मामला परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेन मोड़ के समीप की है। मृतक की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के गदाईचक गांव निवासी ललित यादव के (31) वर्षीय पुत्र विकेश यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि विकेश कुमार परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इथेनॉल फैक्ट्री के पास गुमटी चलाता था। गुरुवार की रात गुमटी बंद कर वह अपने 13 वर्षीय बेटे के साथ घर लौट रहा था। इसी बीच बेन मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए दोनों को परवलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने विकेश को मृत घोषित कर दिया।

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और उपक्रमों को भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नवादा के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. राजकुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कार पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार, नवाचार और समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं योग्य व्यक्तियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में नामांकन कराएं और पात्र उम्मीदवारों को इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। नामांकन की प्रक्रिया और दिशा-निर्देश भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। डॉ. सिन्हा ने कहा कि जिले से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए समय रहते नामांकन प्रक्रिया पूरी करना जरूरी है। यह पुरस्कार न केवल व्यक्तिगत अथवा संस्थागत कार्यों को पहचान दिलाता है, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों के अधिकारों और समान अवसरों की दिशा में जागरूकता भी बढ़ाता है।

# पूर्व विधायक कौशल यादव बोले - 15 दिन के भीतर लूंगा राजद की सदस्यता, नवादा की राजनीति में बदलाव का समय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** पूर्व विधायक कौशल यादव ने शुक्रवार को नारदीगंज के एक मैरिज हॉल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ा राजनीतिक ऐलान करते हुए कहा कि वे आगामी 15 दिनों के भीतर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है, तो उन्हें दलित, पिछड़े और वंचित समाज को साथ लेकर चलना होगा। पूर्व राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद पर तीखा हमला बोलते हुए कौशल यादव ने कहा कि जो लोग लालू, राबड़ी और तेजस्वी यादव को अपशब्द कहते हैं, उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना होगा। उन्होंने साफ कहा कि मैं उनके साथ तभी रहूंगा, जब ऐसे लोगों से पार्टी नाता तोड़ेगी। पूर्व विधायक ने नीतीश कुमार से भी किनारा करते हुए कहा कि वे अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अलग राह चुन चुके हैं और अन्याय के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नवादा की राजनीति में आमूल-चूल परिवर्तन जरूरी है और इसके लिए युवाओं की सशक्त टीम बनाई जाएगी, जिसमें हर जाति और वर्ग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि वे छात्र नेता से लेकर विधायक बनने तक के सफर में हमेशा दलित, पिछड़े और वंचित समाज के हक की लड़ाई लड़ते आए हैं। उन्होंने कहा कि नवादा विधानसभा से राक्षसी शासन को खत्म करना है और गोविंदपुर की विरासत की रक्षा करनी है। लोकसभा चुनाव पर सवाल उठाते हुए कौशल यादव ने कहा कि भोला सिंह, गिरिराज सिंह और चंदन सिंह को जिताकर क्या मिला? विकास की राशि कहां गई? उन्होंने पूछा कि अति पिछड़े वर्ग को टिकट क्यों नहीं मिला और उन्हें विकास से वंचित क्यों रखा गया। कार्यक्रम में विनय कुमार यादव, जिला पार्षद देवानंद चौहान, शिवालक यादव, अर्जुन यादव, सिधेश्वर यादव, पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह, संदीप साव, अजय यादव, प्रदीप यादव, शैलेश यादव, ध्रुवनारायण पासवान, बजरंगी प्रसाद, संजय यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं का जोश देख पूर्व विधायक के हौसले बुलंद दिखे और उन्होंने कहा कि अब वक्त है बिहार की राजनीति को नई दिशा देने का।

# राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले, 16 टीमें पहुंची प्री-क्वार्टर में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा में आयोजित 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बारिश भी खिलाड़ियों के जोश को रोक नहीं सकी। हैंडबॉल फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया, बिहार हैंडबॉल संघ और नवादा जिला हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में चल रही प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार को कई रोमांचक लीग मुकाबले खेले गए। कुंती नगर स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के क्रीड़ा मैदान में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने के लिए बारिश के बावजूद दर्शकों की अच्छी-खासी भीड़ जुटी रही। प्रतियोगिता 18 से 22 जून तक आयोजित की जा रही है।

तीसरे दिन खिलाड़ियों से हैंडबॉल फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. प्रीतपाल सिंह सलूजा, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह, सचिव शैलेश सिंह, अलखदेव यादव, बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार, महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा, श्रवण कुमार बरनवाल, और नवादा जिला हैंडबॉल के सचिव डॉ. आर.पी. साहू ने परिचय प्राप्त किया।



**प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे:**

◦ बिहार ने अपने पहले मैच में असम को हराने के बाद कर्नाटक को 15-03 और गुजरात को 12-04 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। टीम की ओर से मानसी और सोनी ने 3-3 गोल, जबकि मुस्कान और रुचि ने 2-2 गोल किए।

एमपी ने ओडिशा को 3-1 से हराया।
हरियाणा ने राजस्थान को 11-09 से मात दी।
चंडीगढ़ ने झारखंड को 9-1 से हराया।
तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को 9-6 से पराजित किया।
गुजरात ने कर्नाटक को 12-01 से हराया।
पंजाब ने छत्तीसगढ़ को 12-01 से मात दी।
त्रिपुरा ने चंडीगढ़ को 7-4 से और राजस्थान ने दादरा नगर हवेली को 6-5 से हराया।



इन मुकाबलों के बाद बिहार, दिल्ली, हरियाणा, एमपी, राजस्थान, केरल, ओडिशा, त्रिपुरा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और चंडीगढ़ की टीमें प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं। बारिश के बावजूद खिलाड़ियों का प्रदर्शन यह साबित करता है कि भारतीय महिला हैंडबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।

## पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रतीक्षालय निर्माण शुरू, आम लोगों में खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखंड मुख्यालय पर आने वाले ग्रामीणों के लिए अब खुले आसमान के नीचे खड़े रहने की मजबूरी नहीं रहेगी। पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय परिसर में आधुनिक प्रतीक्षालय (वेटिंग हॉल) का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्माण कार्य जिलाधिकारी के निर्देश पर पंचायत समिति फंड से कराया जा रहा है। प्रतीक्षालय पर लगभग 4.5 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें लोगों के बैठने के लिए कुर्सीनुमा सीटिंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि कार्यालय आने वाले ग्रामीण सुविधाजनक ढंग से अपने कार्यों की प्रतीक्षा कर सकें। निर्माण कार्य की शुरुआत होते ही स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। लोग इसे एक जनहितैषी और आवश्यक पहल मानते हुए सराहना कर रहे हैं। स्थानीय निवासी अवधेश पासवान, चंद्रिका पासवान और प्रकाश यादव ने बताया कि अब तक गर्मी या बरसात में खुले में खड़ा रहना पड़ता था, जो बेहद मुश्किल होता था। प्रतीक्षालय बनने से उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी। जनता के लिए यह प्रतीक्षालय न केवल सुविधा का केंद्र बनेगा, बल्कि प्रखंड कार्यालय की कार्य संस्कृति में भी सुधार का संकेत देगा।


**पूर्व रेलवे**

**जुलाई, 2025 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम**

**सं.: एस.4/एस/डीएपी/2025-26** **दिनांक: 18.06.2025**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित डिपो/मंडल के लिए निम्नानुसार ई-नीलामी संचालित की जाएगी :

| क्र. | डिपो/मंडल | क्षेत्राधिकार | तिथियां | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेलूड़ स्क्रैप यार्ड डिपो | बेलूड़ स्क्रैप यार्ड डिपो हावड़ा एवं आसनसोल मंडल | 03.07.25 | 17.07.25 | 28.07.25 |
| 2. | हालीशहर डिपो | हालीशहर डिपो एवं सियालदह मंडल | 04.07.25 | 18.07.25 | 30.07.25 |
| 3. | जमालपुर डिपो | जमालपुर डिपो एवं मालदा मंडल | 07.07.25 | 16.07.25 | 29.07.25. |
| 4. | हावड़ा मंडल | हावड़ा मंडल | 09.07.25 | 18.07.25 | 30.07.25. |
| 5. | आसनसोल मंडल | आसनसोल मंडल | 07.07.25 | 15.07.25 | 24.07.25. |
| 6. | सियालदह मंडल | सियालदह मंडल | 08.07.25 | 17.07.25 | 28.07.25. |
| 7. | मालदा मंडल | मालदा मंडल | 04.07.25 | 14.07.25 | 25.07.25. |

वि. द्र. : ई-नीलामी की अनुसूची, अन्य विवरण एवं नियम तथा शर्तें वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in/** पर उपलब्ध है।

(STORES-17/2025-26) **मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## कचना मोड़ को घोषित किया गया डेंजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** नवादा-जमुई राज्य उच्च पथ संख्या SH-8 पर स्थित कचना मोड़ को लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए डेंजर ज़ोन घोषित कर दिया गया है। सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए जल्द ही सुधारात्मक कार्य शुरू करने का निर्णय लिया है। जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर स्थल निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के बाद पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर सुरक्षा के छह प्रमुख बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन ने विशेष रूप से उस स्थान को चिन्हित किया है जहां से पकरीबरावां और कौआकोल की ओर से आने वाले वाहनों की गति व दृश्यता दोनों खतरा उत्पन्न करती है। ऐसे में दर्पण, लाइट और रंबल स्ट्रिप जैसे उपाय जीवनरक्षक सिद्ध हो सकते हैं। 23 जून को प्रस्तावित समीक्षा बैठक में इन परिवर्तनों की फोटो सहित प्रगति रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी। गौरतलब है कि कचना मोड़ पर अब तक दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। हाल ही में एक पखवाड़े पहले तीन युवकों की मौत के बाद यह मुद्दा फिर से सुर्खियों में आया। स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने लंबे समय से इस मोड़ की खतरनाक स्थिति को लेकर आवाज उठाई थी। बीते गुरुवार को सांसद विवेक ठाकुर को भी इस संदर्भ में अवगत कराया गया था। प्रशासन अब सड़क सुरक्षा उपायों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को जागरूक करने की दिशा में भी कार्य करेगा, ताकि कचना नहर मोड़ से कचना मोड़ तक का मार्ग सुरक्षित बन सके।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के नवादा जिला कार्यालय में शुक्रवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि नवादा सांसद विवेक ठाकुर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी सह प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं सह प्रभारी आशुतोष कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता ने किया। बैठक की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई। अपने संबोधन में सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि



विकसित नवादा का सपना तभी साकार होगा जब हम संगठनात्मक मतभेदों को पीछे छोड़कर एकजुट होकर काम करें। हमें नवादा की पांचों विधानसभा सीटों पर जीत हासिल कर एनडीए सरकार की पुनः वापसी सुनिश्चित करनी है। क्षेत्रीय प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी की जड़ें मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत बूथ पर तैनात कार्यकर्ताओं में है, और यदि बूथ जीत लिया, तो चुनाव अपने आप जीत लिया जाता है।


**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच। क्रमांक 1, एनआईटी सं. : 35_2025-26, दिनांक 13.06.2025, कार्य का विवरण:** एसएसई/पी.वे/एलएलएच के अधीन पी. वे रखरखाव कार्य (मेन लाइन 6/0-21/10, कॉर्ड लाइन 6/0-10/0, वर्कशॉप लिलुआ, लिलुआ-बेलूड़मठ लाइन)। **अनुमानित लागत** : रु. 1,56,00,236.09; **बयाना राशि** : रु. 2,28,000। **क्रमांक 2, एनआईटी सं. : 87_2025-26, दिनांक 13.06.2025, कार्य का विवरण** : एसएसई/पी.वे/बीडीसी अनुभाग के अधीन (i) किमी 38/0 - 55/0, (ii) अप/डाउन एनएच ब्रांच लाइन किमी 2.500-8/0, (iii) 0.00 - 2.00 अप/डाउन केडब्ल्यूएई लाइन एवं (iv) एम 46/11-एम 49/11 अवाइडिंग लाइन के बीच पी. वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत** : रु. 1,45,62,018.73; **बयाना राशि** : रु. 2,22,800। **निविदा प्रपत्र की कीमत :** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि :** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** प्रत्येक के लिए दिनांक 07.07.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीएस) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-150/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## बुधौली पंचायत से मुखिया पद के लिए तीन नामांकन कौशल्या देवी के उतरने से चुनावी मुकाबला रोचक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड क्षेत्र में पंचायत उपचुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। बुधौली पंचायत से मुखिया पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं, जिनमें ललन पासवान, सुनील रविदास और दिवंगत मुखिया पप्पू मांझी की पत्नी कौशल्या देवी शामिल हैं। कौशल्या देवी के चुनावी मैदान में उतरने से मुकाबला काफी दिलचस्प और भावनात्मक होता दिख रहा है वहीं, पकरीबरावां दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या-9 से वार्ड सदस्य पद के लिए केवल रविन्द्र मांझी ने नामांकन किया है, जिसके चलते उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। दूसरी ओर, गुलनी पंचायत के वार्ड संख्या-11 से किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया है, जिससे वहां चुनाव नहीं हो पाएगा। इसी तरह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पंच पद की आठ रिक्त सीटों के लिए भी एक भी नामांकन नहीं हुआ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि नामांकन पत्रों की जांच 21 से 23 जून तक की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 24 और 25 जून को नाम वापस ले सकते हैं, जबकि चुनाव चिन्ह का आवंटन 26 जून को किया जाएगा। मतदान 9 जुलाई को और मतगणना 11 जुलाई को संपन्न होगी। पंचायत उपचुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तैयारी में जुटा है और शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## नवादा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 24 घंटे में 46 फरार अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर नवादा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 जून को विशेष अभियान चलाकर कुल 46 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें पॉक्सो एक्ट के तहत 1, मद्य निषेध मामलों में 8 और अन्य विभिन्न मामलों में 37 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अतिरिक्त, 218 लीटर महुआ शराब भी बरामद की गई है। पुलिस ने वारंट निष्पादन के तहत 60 मामलों में कार्रवाई की है, वहीं 2 कुर्की आदेश भी सफलतापूर्वक लागू किए गए। वाहन जांच अभियान के दौरान 265 वाहनों की जांच की गई और 51 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।


**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 02 यात्री वाही ट्रेनों के 02 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंटों तथा ट्रेन सं. 12371/72 में 01 अदद आरटीवीपी के पार्सल की जगह पट्टे पर प्रदान करने के लिए**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी प्रारूप के जरिए दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 02 यात्री वाही ट्रेनों के 02 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंटों तथा ट्रेन सं. 12371/72 में 01 अदद आरटीवीपी पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए जमा की जानी चाहिए। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए मर्चेंटों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। मर्चेंटों को क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर भी हासिल करना आवश्यक है। **नीलामी सूचीपत्र का विवरण: ● नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल25-6एफ; **कम्पार्टमेंट :** 02 यात्री वाही ट्रेनों के 02 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट तथा ट्रेन सं. 12371/72 में 01 अदद आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 25.06.2025 को 13.00 बजे।

(HWH-148/2025-26) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पइन की सफाई तेजी से करवायें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार में मॉनसून पूरी तरह आ चुकी है। विगत 48 घंटे से झारखंड के विभिन्न स्थान पर अधिक वर्षा के कारण गया जिले के बोधगया क्षेत्र के बतसपुर, छाछ एवं घोगड़िया गांव के खेतों में पानी प्रवेश हुआ है जो अब तेजी से निकल गया है जिसकी जानकारी मिलते ही जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने शुक्रवार को स्वयं स्पॉट पर पहुंचकर पूरे स्थिति का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों से पूरी जानकारी लिया। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि स्वयं एवं अतिरिक्त 4 टीम लगाकर 48 घंटे के अंदर फसल क्षति का पूरी तरह सर्वे करवायें। उन्होंने कहा कि जो सड़क, वर्षा के पानी बहाव के कारण कटी है उसे तेजी से मरम्मत करवाया जाएगा। बांध बनाकर रोड को संरक्षित किया जाएगा। उक्त गांव जो नदी के सटे हुए हैं उन गांव के सड़क के किनारे बांध लगाया जाएगा साथ ही प्रोटेक्शन वर्क का काम करवाया जाएगा। इसके अलावा घोगढिया गांव तक बांध बनाया जाएगा। सड़क के दोनों तरफ जहां-जहां पानी ओवरफ्लो होने की संभावना है, वहां पर निरीक्षण किया जाएगा, उसी के आधार पर बांध बनाया जाएगा। डीएम ने पइन की सफाई करवाने को कहा ताकि तेजी से पानी निकल सके। डीएम ने सीओ बोधगया को निर्देश दिया है कि राजस्व कर्मचारियों के साथ अगले 24 घंटे में प्रभावित सभी गांव का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रतिवेदित करें। निरीक्षण में डीएम ने कहा कि पानी के बहाव में जहां पर सड़क का कटाव हुआ है वहां पर तेजी से आवागमन सुचारू करवाये। साथ ही पानी को ह्यूमन पाइप लगाकर पानी निकास करवाये। उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र का निरीक्षण कर कहां पर प्रोटेक्शन वॉल, कहां पर ह्यूम पाइप, किन स्थान पर बांध इत्यादि का निर्माण किया जाना है इसका तेजी से प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध करवाये। डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राथमिक विद्यालय घोगरिया में अतिरिक्त 02 कमरा का निर्माण तेजी से करवाये, ताकि बच्चों की पढ़ाई सही से हो सके। विदित हो कि कल संध्या से ही अपर समाहर्ता आपदा पंकज कुमार इस क्षेत्र में कैम्प करते हुए बीडीओ एवं सीओ बोधगया के माध्यम से पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान करवा रहे हैं। नदी किनारे तथा निचले इलाकों में रहने वाले लोग सतर्क रहें एवं जानमाल की सुरक्षा हेतु नदियों या इन नदियों से निकलने वाली आहर/नहर/पइन के किनारे पर नहीं जाएं। साथ ही बच्चों एवं पशुओं को विशेषतः नदियों से दूर रखें। किसी भी परिस्थिति में नदियों के शुरुआती पानी की अवस्था को देखते हुए नहाने या तैरने नहीं जाएं क्योंकि पानी के ऊपर से बढ़ने के दौरान जलस्तर में लगातार वृद्धि होते रहती है। जल स्तर में अप्रत्याशित वृद्धि की स्थिति में तुरंत सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित हो जाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें, केवल जिला प्रशासन द्वारा जारी की जा रही सूचना का ही पालन करें। निरीक्षण में अपर समाहर्ता आपदा, सदर एसडीओ, कार्यपालक अभियंता जल संसाधन, अंचलाधिकारी बोधगया, थानाध्यक्ष बोधगया सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## नगर आयुक्त ने बारिश के बीच प्रमुख पथों व जलजमाव इलाकों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बीते तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच नगर आयुक्त कुमार अनुराग अपनी टीम के साथ शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख स्थलों व जलजमाव वाले इलाके का निरीक्षण किया। बारिश की परवाह किए बिना स्वंय नगर आयुक्त सड़कों पर उतरे और जलजमाव वाले क्षेत्रों और साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश में उन्होंने आलाधिकारियों को अलर्ट मोड में जलजमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी कराने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही जलजमाव और साफ सफाई की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिए। उन्होंने समाहरणालय परिसर, वार्ड 37 के न्यू एरिया, वार्ड संख्या 16 के गुरुद्वारा रोड, वार्ड नम्बर-15 गोल बगीचा, वार्ड नंबर 14 के शहिद रोड वार्ड नंबर-26 के शिवली कॉलोनी सहित कई विभिन्न क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने कई इलाके में देखा कि बारिश के जमा हुए पानी करीब दो से तीन घंटे के अंदर निकासी हो गया। लगातार मूसलाधार बारिश के बीच शहर के कई इलाके जलजमाव से प्रभावित नहीं है जिस इलाके में बरसात का पानी जमा है, वैसे स्थानों पर देखा गया है कि दो से तीन घंटे के अंदर जल निकासी हो गई है। वो जलजमाव की श्रेणी में नहीं आता है। नगर आयुक्त ने बताया कि निगम के स्तर से नालों की साफ-सफाई नियमित रूप से होती है और निगम बोर्ड के निर्णय के उपरांत मार्च अप्रैल के महीने से मानसून को देखते हुए युद्धस्तर पर नालों की सफाई कराई जाती है। साथ हीं नगर आयुक्त ने बताया कि जिन मोहल्लों में भौगोलिक कारणों से जल जमाव हो रहा है वहां तत्काल समाधान किया जा रहा है। साथ ही जहां नाला सफाई को लेकर समस्या है, वहां आप निगम कॉल सेंटर या फोन के माध्यम से सूचना कार्यालय को दें, त्वरित करवाई की जाएगी। मौके पर कार्यपालक अभियंता, गया प्रमंडल, सहायक अभियंता गौरव, स्वच्छता पदाधिकारी, मोनू कुमार, सफाई मुख्य निरीक्षक सहित अन्य मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बोधगया के जय प्रकाश उद्यान में योग संगम में भाग लेंगे एक हजार प्रतिभागी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के ऐतिहासिक 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बोधगया के जय प्रकाश उद्यान में में वृहद स्तर पर योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें करीब 1000 प्रतिभागी योगाभ्यास करेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय को देश में पांच स्थानों पर योग संगम आयोजित करने का दायित्व मिला है जिसमें गयाजी भी शामिल है। गयाजी शहर के लिए दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय को नॉडल संस्थान के रूप में सहयोगी संस्थान आईआईएम बोधगया के साथ इस कार्यक्रम को आयोजित करने की जिम्मेदारी मिली है। शुक्रवार (20 जून) को योग संगम कार्यक्रम की तैयारियों और इसके संबंध में विस्तृत जानकारी देने के लिए सीयूएसबी और आईआईएम बोधगया द्वारा एक साझा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह तथा आईआईएम बोधगया की निदेशक प्रो. विनीता सहाय ने मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि के रूप में डॉ. डी. के. शर्मा, निदेशक, उच्च शिक्षा, भारत सरकार भी मौजूद थे। प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि योग की प्राचीन भारतीय परम्परा रही है जिसका वर्तमान परिदृश्य में काफी महत्व है। 11 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से यूनाइटेड नेशनस (संयुक्त राष्ट्र) ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था जो एक बड़ी उपलब्धि रही है। आधा घंटा रोज, फिटनेस का डोज जिसमें योग भी शामिल है इसे अपनी जीवन शैली में अपनाकर हम तंदुरुस्त रह सकते हैं। कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने बताया कि 'योग संगम' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीतन राम मांझी, सूक्ष्म, केन्द्रीय लघु और मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। वर्ष 2025 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम आयोजित करने के लिए भारत सरकार द्वारा 189 स्थानों को चिन्हित किया गया है जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग भाग लेंगे। योग संगम में सीयूएसबी के साथ आईआईएम बोधगया, केन्द्रीय विद्यालय एवं अन्य केंद्र तथा राज्य सरकार सम्बंधित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे।

## श्री विद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ को लेकर गयाजी में निकली भव्य शोभायात्रा

**माता ललिता के आशीर्वाद से भारत बनेगा विश्व गुरु : अभिषेक ब्रह्मचारी**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया जी में पहली बार तीन दिवसीय श्री विद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम के पहले दिन शहर में आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई है। यह शोभायात्रा मंगला गौरी मंदिर से गाजे-बाजे,ढोल ताशे, ऊंट- घोड़े और रथ के साथ निकली जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई है। महायज्ञ के संरक्षक स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में निकली शोभायात्रा शहर के मंगला गौरी से चांद चौरा, समीर तकिया, राजेंद्र आश्रम, कोईरीवारी होते हुए महायज्ञ स्थल धर्म सभा भवन पहुंचा। भारतीय परिधानों से सुसज्जित महिलाएं हाथों में धर्म ध्वजा लेकर माता रानी की जयकारे कर रही थी। बैंड-बाजे की धुन पर देवी गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो चला। रास्ते में कई महिलाएं ढोल की थाप पर झूम उठी। रथ पर महायज्ञ के संरक्षक स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी एवं रामानुजाचार्य मठ के महंत स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज विराजमान थे। मां त्रिपुरा सुंदरी ललिता देवी, मां मंगला गौरी एवं मां दुर्गा की प्रतिमाएं शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बिंदु थी।

## पांच गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** शुक्रवार को कोंच पुलिस ने छापेमारी कर 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि एक वारंटी रंजीत यादव उर्फ मुन्ना यादव ग्राम खैरा को आर्म्स एक्ट और हत्या मामले में एएसआई शोभा कुमारी ने गिरफ्तार किया। वहीं, खबरा गांव से मारपीट मामले के प्राथमिकी अभियुक्त रंजन दास, सुरेश दास, उज्ज्वल कुमार, भोला कुमार उर्फ राहुल कुमार को एएसआई रामजी मुर्मू ने पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार किया और मेडिकल जांच उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

## समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नीमचक बथानी द्वारा अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नीमचक बथानी थाना के सभी अनुसंधानकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। बैठक के दौरान इन सभी अनुसंधानकर्ताओं के पास लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई। सत्यापित कांडों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, वारंट तथा कुर्की जैसी विधिक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## बदमाशों ने बाइक सवार युवक को मारी छह गोलियां, हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में गुरुवार की देर शाम बदमाशों ने एक युवक को छह गोली मार दी। मामला टनकुप्पा थाना क्षेत्र के करहनी बाद मोड़ के पास का है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल पहले टनकुप्पा सीएचसी और फिर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को भी उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर रूप से जख्मी युवक की पहचान बाघा बिगहा गांव के रहने वाले अनुज पासवान के रूप में हुई है। उसके शरीर के विभिन्न जगहों से 4 गोलियां आरपार हो गईं, लेकिन दो गोलियां अटकी पड़ी है। हालात गंभीर होने की वजह से उसका ऑपरेशन नहीं किया जा रहा है। जख्मी के भाई सुशील पासवान ने बताया कि अनुज पासवान गुरुवार की शाम करीब साढ़े सात बजे ढिबर बाजार से खरीदारी कर बाइक से घर लौट रहा था। टर्निंग के पास उसने गाड़ी को स्लो किया। करहनी बाद मोड़ के पास घात लगाए बदमाशों ने पहले उसे घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। आकाश कुमार के हाथ में पहले से बंदूक था। एक गोली लगने पर अनुज बाइक से गिर पड़ा। बदमाशों ने नजदीक से उसके सीने, पेट, हाथ और पैर में गोलियां मारीं। फिर मौके से फरार हो गए। अभी भी शरीर में बुलेट फंसा हुआ है। मेरे भतीजे ने रोते हुए मुझसे कहा कि पापा को गोली मार दिया है। भाई खून से लथपथ था। उसे स्थानीय लोगों के पास मिल कर पीएचसी में लेकर आए। पुलिस को हमने सूचना दी। बदमाश घटनास्थल के पास अपनी बाइक छोड़ कर भाग गया क्योंकि बारिश के कारण उनकी गाड़ी फंस गई। अपराधी के मोटर साइकिल को घर पर लेकर आ गया। मौके से 3 खोखा बरामद हुआ है। बदमाश का चप्पल भी मिला है।

## बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**कोंच।** थाना क्षेत्र के अहियापुर टोला गंगटी गांव में बिजली चोरी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की गई है। बिजली विभाग ने एक व्यक्ति पर बिजली चोरी का मामला दर्ज शुक्रवार को किया है और उस पर जुर्माना भी लगाया गया है। बिजली विभाग ने गंगटी गांव में छापेमारी कर बिजली चोरी के मामले का पर्दाफाश किया। कनीय विद्युत अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि इस दौरान किरानी पासवान को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया जिस पर मामला दर्ज कर 42407 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। गौरतलब हो कि बिजली चोरी के मामलों में विद्युत अधिनियम 2003 के तहत कार्रवाई की जाती है। इस अधिनियम के तहत बिजली चोरी करने वालों पर जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान है। बिजली चोरी की सजा और जुर्माना राशि कई कारकों पर निर्भर करती है जैसे कि चोरी की गई बिजली की मात्रा, चोरी के तरीके और आरोपी के पिछले रिकॉर्ड। बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बिजली चोरी से बचें और अपने बिजली बिलों का नियमित भुगतान करें। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गुरुआ में चोरों का आतंक चरम पर, पुलिस की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ में इन दिनों चोरी, दलाली और प्रशासनिक लापरवाही का आलम चरम पर पहुंच गया है। हाट बाजार से लेकर ग्रामीण इलाकों तक चोरों का आतंक इस कदर फैल चुका है कि अब आम लोग खुद चोरों को पकड़ने और सजा देने पर उतर आए हैं। क्योंकि गुरुआ में तेजस्वी यादव के कार्यक्रम में बाइक चोर को पकड़ कर ग्रामीण पुलिस के हवाले किया था पर उस चोर को कुछ घंटे बाद छोड़ देने से ग्रामीणों को प्रशासन पर से विश्वास उठते जा रहा है और साथ ही थानाध्यक्ष सरफराज इमाम पर चोरों माफियाओं और दलालों को पनाह देने का आरोप लगातार लग रहे हैं। ताजा मामला शुक्रवार की दोपहर की है जहां एक बाइक चोर को बाइक चोरी करते गुरुआ बाजार से ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने मौके पर ही चोर की जमकर पिटाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों सूत्रों का कहना है कि थाना में एफआईआर दर्ज कराने से लेकर न्याय दिलाने तक हर जगह दलालों का बोलबाला है।

## ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया के अधिकारी प्रशिक्षण कैडेट्स का ओरिएंटेशन टूर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया के 32 अधिकारी प्रशिक्षण कैडेट्स के एक समूह ने हाल ही में लखनऊ स्थित सैन्य इकाइयों का पांच दिवसीय ओरिएंटेशन टूर किया। इस टूर का उद्देश्य इन युवा कैडेट्स को संचालनिक तत्परता, प्रशिक्षण पद्धतियों और प्रमुख रक्षा-संबंधित सुविधाओं के अनुभव का व्यापक ज्ञान प्रदान करना था। इस टूर के दौरान कैडेट्स ने 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर (11 जीआरआरसी), मुख्यालय मध्य उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र और स्टेशन में स्थित एक इन्फैंट्री बटालियन जैसी प्रमुख सैन्य इकाइयों का दौरा किया। इन्फैंट्री बटालियन के दौरे ने कैडेट्स को अनुभवी सैनिकों के साथ बातचीत करने और बटालियन स्तर के संचालन, कमांड चुनौतियों और नेतृत्व की गतिशीलता के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

## ऊंची सड़क होने से नीचे हो रहे पुरान मकानं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** चहुंओर सरकार द्वारा सड़कों का विकास किया जा रहा है वहीं सड़कों के किनारे बने मकानें नीची और बेकार होती जा रही हैं। इस ओर भी सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि पूर्व में सड़क के किनारे बने मकानें या बसे बसावटों के मकान सड़कों से ऊंचे थे परन्तु दस वर्षों के अंतराल में ही सारे मकान करीब पांच-पांच फीट नीचे हो गये और सड़कें पांच फीट ऊंची। इस तरह के विकास से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के किनारे सड़क के लेवल से नालियां का निर्माण भी किया जाता है, परन्तु मकानों या पूरे मोहल्लों के मकानों को सड़क के काफी नीचे हो जाने के कारण नाली का पानी नालियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। अलबत्ता पूरा का पूरा मुहल्ला नाली के पानी एवं गंदगी से जलमग्न जरूर हो जा रहा है। आज पुरानी सड़कों को पुनः निर्माण, मरम्मत के नाम पर प्रति कुछ वर्षों के बाद दो-तीन फीट ऊंचा कर दिया जा रहा है और दस वर्षों के बाद सड़कों के किनारे बने मकानें या बसावट पांच फीट नीचे हो जा रहा है। यह समस्या काफी चिंतनीय एवं विचारणीय हो गया है। कहीं-कहीं तो ऊंची होती सड़कों के कारण मकानों का ग्राउंड फ्लोर सड़कों में समाहित हो गया है। अमीर लोग तो इस समस्या को झेल कर पुनः मकान का निर्माण कर ले रहे हैं, परन्तु गरीब एवं सामान्य लोग इस समस्या को वर्षों से झेल रहे हैं। इस ज्वलंत समस्या की ओर आज सरकार को गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। साथ ही साथ सरकार को चाहिए कि सड़कों की उंचाई की एक सीमा निर्धारित करें और पुनः निर्माण के समय उक्त सड़क के मलवे को हटाकर उसी सतह पर पुनः सड़क का निर्माण करे।

# फिर सज गई गुमटी नंबर एक के पास फल-सब्जी मंडी

## अवैध दुकानों की वापसी से उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया जंक्शन के डेल्हा साइड स्थित एक नंबर रेल गुमटी के पास रेलवे भूमि पर एक बार फिर अवैध रूप से फल और सब्जी की मंडी सज गई है। महज दो सप्ताह पहले, 6 जून को रेलवे प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। रिपोर्ट तो मुख्यालय भेज दी गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कह रही है। बुधवार को जब उक्त स्थल का जायजा लिया गया तो पाया गया कि लगभग 40 से अधिक दुकानें जिनमें फल, सब्जी, मांस-मछली, चाय-पान व नाश्ता की दुकानें शामिल हैं। पहले की ही तरह फिर से संचालित हो रही हैं। स्थानीय लोग इसे 'जैसे कुछ हुआ ही नहीं' की स्थिति बता रहे हैं।

**मिलीभगत का आरोप, ठेके के नाम पर होती है वसूली**

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि यहां दुकानें लगाने के लिए अघोषित रूप से एक व्यक्ति को ठेका दिया गया है, जो प्रति दुकान हर महीने एक तयशुदा राशि वसूलता है। बताया गया कि इस अवैध वसूली से हर महीने 25 से 30 हजार रुपये की कमाई होती है जो पूरी तरह गैरकानूनी है और गोपनीय ढंग से किया जाता है।

**आरपीएफ की भूमिका पर सवाल**

रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण रोकने और उसे हटाने की जिम्मेदारी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की होती है। गया जंक्शन पर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक के साथ-साथ सहायक कमांडेंट की भी पदस्थापना है। इसके बावजूद अवैध दुकानें आरपीएफ की नजरों से ओझल कैसे रह गईं, यह एक बड़ा सवाल बन गया है।

**6 जून को हुआ था अभियान, अब सब कुछ यथावत**

उल्लेखनीय है कि 6 जून को आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव, वाणिज्य पर्यवेक्षक शैलेश कुमार, यातायात निरीक्षक बी.बी. पांडेय, वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य) तथा अवर अभियंता (स्टेशन विकास) द्वारा संयुक्त रूप से 46 दुकानों को हटाया गया था और इसकी रिपोर्ट मंडल मुख्यालय को भेजी गई थी। लेकिन अब जो तस्वीर सामने आई है, वह उस कार्यवाही को न केवल हास्यास्पद बनाती है, बल्कि रिपोर्ट की सच्चाई पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

**उच्चस्तरीय जांच की मांग**

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए कि आखिर 06 जून की कार्रवाई में क्या वास्तव में दुकानों को हटाया गया था या सिर्फ 'कागजों की खानापूर्ति' कर रिपोर्ट भेज दी गई थी। यह भी पता लगाया जाए कि अवैध वसूली के इस खेल में किन-किन अधिकारियों की मिलीभगत है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

सतबरवा थाना कांड सं0–47/2025 दिनांक–16.04.2025,धारा–64/बी0एन0एस0 एक्ट 2023 के प्राथमिकी अभियुक्त राजु ठाकुर पिता स्व0 सरजू ठाकुर सा0–हेहेगड़ा थाना– छिपादोहर जिला–लातेहार के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर पलामू :– 7759085997

थाना प्रभारी, सतबरवा :– 7277459312

पुलिस अधीक्षक, पलामू

PR 355606 (Police)25-26*D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।**

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

पिपराटांड थाना कांड सं0–08/2020 दिनांक 29.05.2020 धारा–25 (1–b)a/ 26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 (i) (ii)17 CLA Act प्राथमिकी अभियुक्त पत्थर सिंह उर्फ लक्ष्मण गंझू, पे0 स्व0 विलास गंझू, ग्राम–नारायणपुर, थाना– लावालौंग, जिला–चतरा के प्राथमिकी अभियुक्त पत्थर सिंह उर्फ लक्ष्मण गंझू, पे0 स्व0 विलास गंझू, ग्राम–नारायणपुर, थाना– लावालौंग, जिला–चतरा के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003

थाना प्रभारी, पिपराटांड :– 9264196938 9333032687

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

PR 355598 Police (25-26)D

**e-Procurement Cell**

**Office of the Executive Engineer,**

Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

**Very Short Term E-Quotation Invitation Notice**

**RATE PURPOSE ONLY**

**Quotation Reference No -11/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work given below :-

| Sl No. | Name of Work |
|---|---|
| 01 | Construction of Modular OT One (01) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |
| 02 | Construction of Modular OT Two (02) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |
| 03 | Construction of Modular OT Three (03) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |

For all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :– (1)वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 25.06.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 03.07.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 05.07.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 355635 Building (25-26)_D

संपादकीय

# भारत- कनाडा : सुधरते रिश्ते

कनाडा के अल्बर्टा राज्य के केननास्किस में सम्पन्न जी-7 शिखर सम्मेलन (समिट) की भारत के संदर्भ में उलपब्धि यही है कि इससे हमारे मेजबान कनाडा के साथ रिश्तों में बीते दो साल में जो तल्खी आई थी, उसमें सुधार होने की आशा जगी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच चर्चा के दौरान यह सहमति बनी कि दोनो देश एक दूसरे के यहां नए सिरे से अपने उच्चायुक्तों को नियुक्त करेंगे। दरअसल पिछले साल अक्टूबर में खालिस्तानी आतंकी निज्जर हत्याकांड के बाद दोनों देशों ने 6-6 डिप्लोमैट्स को देश से निकाल दिया था। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बचकाने रवैये के चलते उनकी सरकार कनाडा के खालिस्तानी तत्वों के दबाव में भारत से रिश्ते बिगाड़ बैठी थी। ट्रूडो और उनकी पार्टी कनाडा में इस साल हुए आम चुनाव में हार गई और उनका समर्थन करने वाले कट्टरपंथी खालिस्तानी तत्व भी चुनाव हार गए। सत्ता मार्क कार्नी के हाथ आए। कार्नी ने पीएम बनते ही भारत और कनाडा के बीच रिश्ते सुधारने की इच्छा जताई थी। हालांकि उन पर भी जी-7 समिट में पीएम मोदी को न बुलाने का दबाव था। कार्नी दबाव में आएंगे या नहीं, इस पर भारत की नजर थी। यहां भी विपक्ष ने यह भी मुद्दा उठाया था। लेकिन आखिरकार कार्नी ने खुद फोन कर मोदी को जी-7 में आमंत्रित किया और मोदी गए भी। हालांकि भारत जी-7 का सदस्य नहीं है, लेकिन विश्व की एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण उसे जी-7 में विशेष आमंत्रित किया जाता है, जो धनी देशों के नेताओं का एक महत्वपूर्ण वैश्विक मंच है। यूं जी-7 से लोगों को काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इसमें शिरकत करने वाले थे। भारत को उम्मीद थी कि मोदी और ट्रंप की जी-7 में सीधी मुलाकात भी हो सकती है, जिसमें दोनो देशों के बीच टैरिफ समझौते पर बात हो सकती है। लेकिन इजराइल ईरान युद्ध के गंभीर अवस्था में पहुंच जाने के कारण ट्रंप ने अपना दौरा बीच में ही समाप्त कर रवानगी डाल दी। यहां तक कि उन्होंने समिट के घोषणा पत्र पर भी हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर भी विवाद बढ़ गया। यूरोपीय अधिकारियों द्वारा तैयार इस मसौदा बयान में कहा गया था कि इजराइल को आत्मरक्षा का अधिकार है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसमें दोनों पक्षों से नागरिकों की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति के लिए जी-7 की व्यापक प्रतिबद्धता को दोहराया गया था। ट्रंप के हस्ताक्षर न करने से जी-7 का रंग फीका हो गया और ईरान इजराइल संघर्ष के मुद्दे पर सदस्य देशों के मतभेद भी सामने आ गए। अमेरिका के अलावा बाकी देश ईरान इजराइल विवाद का हल शांतिपूर्ण और कूटनीतिक तरीके से करना चाहते हैं। जबकि ट्रंप इसके सैनिक हल को ही अंतिम मानते हैं। यही कारण है कि वो लगातार ईरान को धमकियां दे रहे हैं। ट्रंप के घोषणा पत्र पर दस्तखत न करने के पीछे कई कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि ईरान इजराइल युद्ध में जी-7 के देशों ने इजराइल के साथ एकजुटता की प्रतिबद्धता दोहराई। जहां तक भारत का सवाल है कि कनाडा ने पीएम मोदी का जोशीला स्वागत कर साफ संकेत दिया कि वो दोनो देशों के रिश्तों में गर्मजोशी लाना चाहते हैं। मोदी ने भी द्विपक्षीय मुलाकात में कहा कि दोनों देशों के रिश्ते बहुत पुराने और गहरे हैं। इन्हें और मजबूत करने की जरूरत है। कनाडा में लाखों भारत वंशी रहते हैं और हर साल हजारों छात्र वहां पढ़ने के लिए जाते हैं। दोनो देशों में रिश्ते सुधरने से सभी को लाभ होगा।

# भारत के लिए 'विकसित बिहार' की कल्पना का अर्थ

## प्रवासन, अवसर और भूगोल के माध्यम से क्षेत्रीय संतुलन की दिशा में एक विमर्श

- डॉ. कृष्णानंद



स्वतंत्रता के बाद भारत की विकास-यात्रा का मुख्य केंद्र कुछ विशिष्ट महानगर—जैसे दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु—बन गए हैं। इन शहरों को आर्थिक शक्ति-केन्द्रों के रूप में उभारा गया है, जहां आधारभूत संरचना, निवेश और अवसरों की प्रचुरता है। परंतु, बिहार जैसे राज्य, जो जनसंख्या, संस्कृति और श्रमशक्ति में समृद्ध हैं, उन्हें अक्सर विकास की मुख्यधारा से अलग रखा गया है। यह विडंबना है कि जिन राज्यों की मानवशक्ति देश के महानगरों को गतिशील बनाए हुए है, उन्हीं राज्यों को विकास से वंचित कर दिया गया है। ऐसे में यह अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि यदि बिहार विकसित होता है तो भारत कैसा बदल जाएगा? क्या हम भारत के भविष्य की कल्पना बिना बिहार को केंद्र में रखे कर सकते हैं? बिहार भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में से एक है, जिसकी आबादी 12 करोड़ से अधिक है। इसके बावजूद यह राज्य प्रति व्यक्ति आय, औद्योगिकीकरण और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों पर देश के निचले स्तर पर बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर, इस राज्य की युवा और श्रमशील जनसंख्या देश के अन्य समृद्ध राज्यों की अर्थव्यवस्था को गढ़ने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। देश के निर्माण स्थलों, कृषि क्षेत्रों, फैक्ट्रियों और लॉजिस्टिक तंत्र में काम कर रहे करोड़ों प्रवासी श्रमिकों में बड़ी संख्या बिहार से आती है। श्रम और रोजगार मंत्रालय (2022) की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार उन शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है जहां से हर वर्ष सबसे अधिक आंतरिक प्रवासन होता है। यह स्थिति बिहार को एक 'जनसांख्यिकीय दाता' बना देती है, जहां से देश को श्रम तो मिलता है पर बदले में राज्य को विकास में न्याय नहीं। इस परिघटना को समझने के लिए प्रवासन भूगोल के दो प्रमुख सिद्धांत मार्गदर्शन करते हैं। पहला, ग्रैविटी मॉडल बताता है कि प्रवासन का परिमाण दो स्थानों की जनसंख्या और आर्थिक आकर्षण के सीधे अनुपात में तथा उनके बीच की दूरी के व्युत्क्रमानुपाती होता है। यह स्पष्ट करता है कि क्यों बिहार से दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों की ओर निरंतर प्रवास होता है। दूसरा सिद्धांत, पुश-पुल मॉडल, इस प्रक्रिया को और अधिक सूक्ष्मता से समझाता है—बिहार में गरीबी, बेरोजगारी, आधारभूत संरचना की कमी और सीमित शैक्षणिक अवसर जैसे 'पुश' कारक हैं, जबकि दूसरे राज्यों में बेहतर वेतन, सुविधाएं और जीवन की गुणवत्ता जैसे 'पुल' कारक हैं। इन सिद्धांतों के समावेश से यह स्पष्ट होता है कि बिहार की युवा शक्ति देश के दूसरे राज्यों की आर्थिक वृद्धि का ईंधन बन रही है, जबकि स्वयं राज्य सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन में फंसा है। इस निरंतर प्रवासन की बहुआयामी लागत है—समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण तीनों स्तरों पर। बिहार के गांवों में युवाशक्ति के पलायन के कारण बुज़ुर्ग और महिलाएं अकेली रह जाती हैं, पारिवारिक ढांचा टूटता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था सुस्त हो जाती है। वहीं, देश के महानगर—विशेषकर दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु—जनसंख्या के दबाव, प्रदूषण, जल संकट और यातायात अव्यवस्था से त्रस्त हैं। इसलिए बिहार का विकास अब केवल क्षेत्रीय महत्व का विषय नहीं रह गया, बल्कि यह राष्ट्रीय स्थिरता और संतुलन का प्रश्न बन चुका है। बिहार, जो इंडो-गंगा के मैदान में स्थित है और नेपाल से सटी सीमा पर है, एक रणनीतिक राज्य है। यह कृषि, ज्ञान और संस्कृति में अपार संभावनाएं समेटे हुए है। दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया और भागलपुर जैसे क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योग विकसित किए जा सकते हैं। पटना, नालंदा और गया जैसे शहर शिक्षा का केंद्र बन सकते हैं, जो प्रतिभाओं के पलायन को रोक सकते हैं। यहां तक कि सौर ऊर्जा और बायोएनर्जी जैसे हरित ऊर्जा स्रोतों के लिए भी पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इसके साथ ही बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत—बौद्ध स्थलों से लेकर मिथिला कला तक—एक सशक्त पर्यटन उद्योग का आधार बन सकती है। बिहार का विकास भारत के लिए व्यापक परिवर्तन ला सकता है। सबसे पहले, यह अत्यधिक प्रवासन को कम करेगा जिससे देश के शहरों का बोझ घटेगा। इससे पटना, गया, मुजफ्फरपुर जैसे शहर स्वतंत्र विकास केंद्र बन सकते हैं, न कि केवल श्रमिक भेजने वाले 'फीडर टाउन'। आर्थिक रूप से यह घरेलू मांग बढ़ाएगा, उत्पादन क्षेत्रों में विविधता लाएगा और भारत के कर आधार का विस्तार करेगा। सामाजिक दृष्टि से, पारिवारिक एकजुटता, बच्चों की निरंतर शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। बिहार की भौगोलिक स्थिति उसे नेपाल और पूर्वी भारत के बीच एक व्यापारिक 'हिंग पॉइंट' बनाती है। यदि मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब्स, सीमा पार व्यापार मार्ग, और डिजिटल नेटवर्क विकसित किए जाएं, तो बिहार राष्ट्रीय इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन और गति शक्ति योजना का अभिन्न हिस्सा बन सकता है। ऐसी परिकल्पना को साकार करने हेतु भारत को साहसिक और सतत नीति-निर्माण की आवश्यकता है। गया और पूर्णिया जैसे ज़िलों में कृषि और वस्त्र-आधारित विशेष आर्थिक कॉरिडोर स्थापित किए जाएं। डिजिटल प्रवासन मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म बनाया जाए, जिसमें आधार और ई-श्रम का समावेश हो। व्यावसायिक शिक्षा को इक्र हरित ऊर्जा, ग्रामीण उद्यमिता और ईको-टूरिज्म जैसे भविष्य के क्षेत्रों से जोड़ा जाए। वहीं पीएमजीएसवाई और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं को बिहार के दूरदराज़ क्षेत्रों तक विस्तार देना चाहिए। हरित अर्थव्यवस्था भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा के माध्यम से ग्रामीण विद्युतीकरण को सशक्त बनाया जा सकता है। सांस्कृतिक और ईको-पर्यटन को स्थानीय रोज़गार से जोड़कर राजगीर, मधुबनी, वैशाली और चंपारण जैसे क्षेत्रों को फिर से जीवंत किया जा सकता है। यह जरूरी है कि हम योजनाओं का बिखराव न करें, बल्कि बिहार के लिए एक समग्र और गरिमामय विकास दृष्टिकोण तैयार करें। यह कल्पना कोई यूटोपिया नहीं है, बल्कि एक यथार्थवादी और अत्यावश्यक आह्वान है। यदि भारत को सच में न्यायपूर्ण, समावेशी और संतुलित विकास की ओर बढ़ना है, तो उसे अपने 'हाशिए पर खड़े' राज्यों को योजना की धुरी बनाना होगा। बिहार, अपनी भूगोलिक शक्ति और जनमानस की दृढ़ता के साथ तैयार है—ज़रूरत सिर्फ राष्ट्रीय इच्छा-शक्ति की है। जब बिहार विकसित होगा, तो भारत न केवल शहरी भीड़भाड़ और राज्य की जीडीपी में वृद्धि से लाभान्वित होगा, बल्कि यह हमारे समावेशी विकास के प्रति संकल्प का पुनः आश्वासन भी होगा। जैसे-जैसे 2026 के बिहार विधानसभा चुनाव निकट आ रहे हैं, यह समय है कि हम जातिगत समीकरणों और तात्कालिक लोकलुभावन राजनीति से ऊपर उठकर दीर्घकालिक विकास की ओर बढ़ें। बिहार के नागरिकों को एक ऐसा नेतृत्व चुनना होगा जो प्रामाणिक, समावेशी और प्रमाण आधारित विकास को प्राथमिकता दे। यह केवल एक राज्य का चुनाव नहीं होगा—यह भारत के संघीय ढांचे, क्षेत्रीय न्याय और साझा प्रगति पर एक जनमत संग्रह होगा।

जब बिहार निखरता है, तब भारत सांस लेता है—सिर्फ रूपक में नहीं, बल्कि वास्तव में।

**(लेखक शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में भूगोल विभाग के सह-प्राध्यापक हैं।)**

**यदि हम इन अवसरों को मूर्त रूप देना चाहें, तो इसके लिए प्रारंभिक निवेश की आवश्यकता होगी। परंतु एक लागत-लाभ विश्लेषण यह दिखाता है कि दीर्घकालिक दृष्टि से यह अत्यंत लाभकारी हो सकता है:**

| कारक | लागत | लाभ |
|---|---|---|
| **आधारभूत संरचना विकास** | सड़कों, रेलवे, डिजिटल नेटवर्क आदि पर उच्च पूंजी निवेश | कनेक्टिविटी में सुधार, उद्योगों का विकास, रोजगार के नए अवसर |
| **कौशल एवं शिक्षा कार्यक्रम** | प्रशिक्षण केंद्रों और पाठ्यक्रमों का आधुनिकीकरण | तैयार कार्यबल, उद्यमिता की वृद्धि |
| **एमएसएमई और कृषि-आधारित उद्योग** | नियामकीय सुधार, वित्तीय सहायता की आवश्यकता | स्थानीय उत्पादों का मूल्य संवर्धन, ग्रामीण रोजगार में वृद्धि |
| **नगरीय-ग्रामीण नियोजन सुधार** | समय-खपत और प्रशासनिक समन्वय की चुनौतियाँ | सेवाओं और जनसंख्या का संतुलित वितरण |
| **पर्यावरणीय संरक्षण** | हरित तकनीक का उपयोग, आपदा प्रबंधन हेतु व्यय | पारिस्थितिक संतुलन, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन |

**बिहार की समग्र संभावनाओं को समझने के लिए SWOT विश्लेषण उपयोगी है, जो राज्य की ताकत, कमज़ोरियाँ, अवसर और खतरे को रेखांकित करता है :**

| **शक्तियाँ** | **कमज़ोरियाँ** |
|---|---|
| युवा जनसंख्या संरचना | औद्योगिक विविधता की कमी |
| उपजाऊ भूमि और प्रचुर जल संसाधन | स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ापन |
| समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत | नगरीय नियोजन व प्रशासन में कमजोरी |
| प्रमुख व्यापार मार्गों के पास रणनीतिक स्थिति | प्रवासी धन पर अत्यधिक निर्भरता |
| **अवसर** | **खतरे** |
| हरित ऊर्जा और कृषि-औद्योगिक पार्कों की संभावना | बाढ़, सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं का जोखिम |
| महामारी के बाद लौटे प्रवासियों का पुनर्स्थापन | ब्रेन ड्रेन और कुशल श्रमिकों का पलायन |
| सांस्कृतिक और ईको-टूरिज्म का विस्तार | प्रशासनिक और राजनीतिक अवरोध |
| डिजिटल और शैक्षणिक आधारभूत संरचना का विकास | जलवायु परिवर्तन से कृषि क्षेत्र की संवेदनशीलता |

## योग दिवस पर विशेष

### योग



योग राजनीति नही
जोड़ है फेविकोल का
जुड़ जाये जो एक बार
जिंदगी हो जाती निहाल

तन रहता चुस्त-दुरुस्त
बीमारियों से दूर दूर
भागम भाग की यह जिंदगी
रहती उमंग उत्साह से भरपूर

समय नहीं का बहाना कर
क्यो भागते हो इससे दूर
अमृत है यह जीवन का
कर लो पान सभी इसका

समुद्र मंथन से अमृत निकला
जीवन मंथन से निकला योग
स्वस्थ मनुष्य ही जीवन जीता
जिसने भी किया इसका भोग

योग भारतीय संस्कार का हिस्सा
जिसे अपनाया पूरे विश्व ने
इसकी सार्थकता है प्रामाणिक
लोहा मान लिया हर देश-धर्म ने

सांसों का खेल है जिंदगी
है नियंत्रण इस पर जरूरी
तभी खिलती है ये जिंदगी
है मूलमंत्र जीवन का ये योग

योग कोई राजनीति नहीं
पथ है स्वस्थ जीवन का
धर्म देश भाषा से वास्ता नहीं
वास्ता है इंसानी खुशहाली का

योग दिवस याद दिलाता
हैल्थ इज वेल्थ की
एक पथ एक परंपरा की
स्वस्थ जीवन के मूल
मंत्र की जय हो।

– रवि तिवारी

# नारी शक्ति की डिजिटल उड़ान : तरक्की की नई परिभाषा

– सावित्री ठाकुर



वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक निर्णायक बदलाव की शुरुआत हुई, तभी से भारत ने डिजिटल प्रगति की एक नई दिशा पकड़ी। इन 11 वर्षों में 'डिजिटल इंडिया मिशन' जैसे जन-केंद्रित अभियानों ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है-विशेषकर महिलाओं के लिए यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और सम्मान की ओर एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। आज की 21वीं सदी में तकनीक सिर्फ शासन और अर्थव्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रही है। और इस बदलाव की सबसे सशक्त मिसाल हैं वे महिलाएं, जो डिजिटल युग में नए अवसरों के साथ नई उड़ान भर रही हैं। पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं। लेकिन 'डिजिटल इंडिया' मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53% से ज़्यादा महिलाएं हैं। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ पा रही हैं। 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना, जो ख्झ्ब्र ट्रिनिटी (जन-धन, आधार, मोबाइल) के साथ मिलकर विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुकी है, ने भारत में आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। पहले जहां करोड़ों महिलाओं के पास बैंक खाते तक नहीं थे और सरकारी लाभ बिचौलियों के हाथों में चले जाते थे, वहीं अब जनधन, आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को एक नई दिशा दी है। इस डिजिटल क्रांति के कारण महिलाएं सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के ज़रिए अपने बैंक खातों में योजनाओं का लाभ पा रही हैं। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और पारिवारिक फैसलों में उनकी भूमिका भी मजबूत हुई है।

### डिजिटल कौशल और भविष्य की तैयारी

तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। स्किल इंडिया मिशन और ई-स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों से लाखों लड़कियों और महिलाओं को उनके मोबाइल पर अब प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे वे बेहतर कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर पा रही हैं। यह बदलाव पहले के सीमित संसाधनों और पहुंच से कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है। SWAYAM और DIKSHA जैसे पोर्टल्स ने महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान जब समस्त दुनिया ठहर सी गई थी। अब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 जिलों में किशोरियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में अग्रसर हो सकें।

### डिजिटल युग में महिला उद्यमिता को नया संबल

एक समय था जब महिलाओं के छोटे व्यवसाय घर की चारदीवारी तक ही सीमित रहते थे और बाज़ार तक पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन बीते वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिला ई-हाट और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस जैसे मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपने उत्पाद ऑनलाइन बेच रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम ने उन्हें एक उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने और अपना ब्रांड खड़ा करने का आत्मविश्वास दिया है।

### स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा में तकनीक की भूमिका

POSHAN ट्रैकर, RCH पोर्टल और eSanjeevani जैसे डिजिटल टूल्स ने माताओं एवं एवं बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को बेहद आसान और प्रभावशाली बना दिया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनें मोबाइल ऐप्स की मदद से लाभार्थियों की निगरानी, रिपोर्टिंग और सेवा वितरण का कार्य आसानी से कर पा रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा लंबे समय तक एक ऐसा क्षेत्र रहा, जहां तकनीक और त्वरित सहायता तंत्र की गंभीर कमी महसूस होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने ERSS-112, पैनिक बटन और महिला सुरक्षा ऐप्स जैसे प्रभावशाली उपाय लागू किए, जिनसे अब महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर खुद को पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

### STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित) में महिलाओं की भागीदारी

STEM जैसे क्षेत्रों में लड़कियों की भागीदारी कभी सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब हालात तेज़ी से बदल रहे हैं। विज्ञान ज्योति और WISE-KIRAN योजना जैसी पहलें छात्राओं को STEM क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। भारतीय महिलाएं अब अंतरिक्ष अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।



### विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल तकनीक महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व क्रांति लाई है। 2014 से अब तक समावेशी नीतियों, योजनाबद्ध प्रशिक्षण और तकनीक की पहुंच के ज़रिए लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया गया है। अमृत काल की ओर बढ़ते भारत में यह परिवर्तन महिलाओं को केवल भागीदार ही नहीं, बल्कि विकास यात्रा की अगुवा बना रहा है। एक डिजिटल रूप से सशक्त महिला आज केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत की निर्माता है।

**(लेखिका केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री हैं)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित रहने वाली है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे।

**वृषभ**
विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। काफी समय से जिस कार्य के लिये आप योजना बना रहे थे उसे प्रारम्भ कर सकते हैं।

**मिथुन**
अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। आपको अत्यधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। जॉब में सहकर्मियों के व्यवहार से परेशान हो सकते हैं।

**कर्क**
पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहने वाला है। लोगों के प्रति आपके सहयोगात्मक व मैत्रीपूर्ण व्यवहार की सराहना होगी।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय देना पड़ेगा। फिर भी अपनी क्षमता से अधिक काम न करें। घर के मामलों को बाहर वाले लोगों से शेयर न करें।

**कन्या**
सन्तान की उन्नति से आप हर्षित रहेंगे। विवाह योग्य सन्तान को विवाह प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी बदलने का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिलेगी।

**तुला**
साझेदारी से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता अवश्य रखें। किसी पर भी आँख-मूँदकर विश्वास न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें।

**वृश्चिक**
आपकी आय में वृद्धि होगी। छात्रों को पढ़ाई में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। छोटे व्यापारियों के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। प्रेम सम्बन्धों में नजदीकियाँ बढ़ेंगी।

**धनु**
किसी प्रियजन को लेकर नकारात्मक खबर मिल सकती है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय व्यर्थ हो सकता है। आपको अपनी छवि की चिन्ता रहेगी। आज किसी को भी वादा न करें।

**मकर**
महिलाओं के लिये आज का दिन काफी प्रगतिशील रहेगा। सभी कार्यों को सोच-समझकर करने से सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा से लाभ होगा। व्यवसाय को लेकर कोई महत्वपूर्ण डील हो सकती है।

**कुंभ**
अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर सम्वेदनशील रहेंगे। आय और व्यय में सन्तुलन बनाकर रखें। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है।

**मीन**
अटके हुये काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से सन्तुष्ट रहेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोरी महसूस कर सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# पीएम ने दी एसटीपी एंड सिवरेज नेटवर्क प्लांट की सौगात

## अब गंगा में सीधे शहर का प्रदूषित पानी नहीं जाएगा : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिले में लाखो पंचायत के राजा डुमरी में नमामी गंगे परियोजना अंतर्गत नवनिर्मित एसटीपी एंड सिवरेज नेटवर्क प्लांट का उदघाटन विडियो कन्फ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। इस परियोजना की लागत 236.85 करोड़ है। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को मोमेटों देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री के उदघाटन के उपरांत मंत्री एवं जिला पदाधिकारी द्वारा सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट को चालू किया गया। साथ ही पूरे प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला औद्योगिक नगरी है, बेगूसराय बिहार के बड़े शहरों में जाना जाता है। सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट किसी भी बड़े शहर के लिए महत्वपूर्ण होता है। जिसका आज प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि 236.85 करोड़ की लागत से बने एसटीपी की क्षमता 17 एमएलडी प्रत्येक दिन है। साथ ही 95 किलोमीटर सिवरेज लाईन पूरे शहर में लगाई गई है। उन्होंने कहा कि यहां से सिवरेज ट्रिटमेंट करके पानी को सीमा प्वांइट पर डंप किया जायेगा। ताकि गंगा नदी में जा सके एवं जो मलगाद है। उसे कंपोस्ट पीट बनाया जायेगा। जो किसानों के लिए लाभकारी होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अब गंगा में सीधे प्रदूषित पानी नहीं जायेगी। उसे ट्रिटमेंट करके गंगा में प्रवाह किया जायेगा। यह ट्रिटमेंट प्लांट शहरवासियों के साथ-साथ पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी ने बुडको के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द हाउस होल्ड कनेक्शन कर दूषित गंदे जल का ट्रीटमेंट कर निष्पादित करने का निदेश दिया। इस अवसर पर मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा कि आज जिले के लिए स्वर्णिम क्षण है। प्रधानमंत्री द्वारा सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट का उदघाटन करना यह साबित करता है कि जिला ही नहीं बिहार लगातार प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है। बतातें चलें कि बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र में 95.11 किलोमीटर पाईपलाईन नेटवर्क, 3.60 एमएलडी क्षमता का 1 अदद आईपीएस तथा 17 एमएलडी क्षमता का 1 अदद एसटीपी का निर्माण कराया गया है। उक्त एसटीपी के निर्माण से शहरी क्षेत्र के 20000 घरों के दूषित जल का ट्रीटमेंट प्रसंस्करण किया जायेगा। तदोपरान्त निष्कर्सित जल का उपयोग सिंचाई एवं अन्य कार्यो में किया जा सकेगा। जिससे गंगा नदी में दूषित गंदे पानी का प्रवाह नहीं होगा एवं गंगा नदी को स्वच्छ एवं अविरल रखा जा सकेगा। वर्तमान में बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र के 38, 42, 43 एवं 48 कुल 4 वार्डो को सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट से जोड़ा गया है, जल्द ही पूरे शहर को इससे जोड़ दिया जायेगा। उदघाटन कार्यक्रम में खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, महापौर नगर निगम पिंकी देवी, उपमहापौर नगर निगम, अनिता राय, नगर आयुक्त नगर निगम, सोमेश बहादुर माथुर, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर, बुडको के महाप्रबंधक लक्ष्मण कुमार, परियोजना निदेशक, टोशिबा के परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)। (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चोरी की अपाची मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टेहटा थाना क्षेत्र के एनएच 22 पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आए जिससे कागजात की मांग करने पर वे आनाकानी करने लगे पुलिस को जब शक हुआ तो पूछताछ के दौरान दोनों युवक ने बताया कि पटना जिले के मसौढ़ी से वे लोग अपाची मोटरसाइकिल को चोरी कर गया जा रहे थे। जिससे पुलिस ने अपाची मोटरसाइकिल को बरामद कर पटना जिले के शांति नगर का रहने वाला अंकित कुमार एवं जहानाबाद के रहने वाले विनीत कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### आशा का चयन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महेशवाड़ा पंचायत में आशा चयन हेतु शुक्रवार को आमसभा का आयोजन पंचायत भवन पर किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया अजय कुमार ने किया। इस पंचायत में वार्ड संख्या 12 में आशा का पद रिक्त था। इसमें सर्वसम्मति से लक्ष्मी कुमारी का चयन किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी, बीसीएम उषा कुमारी, एएनएम स्वर्णिम स्नेही आशा फेसिलिटेटर संगीता कुमारी वार्ड सदस्य सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### गोलीबारी का मामला दर्ज

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार की रात नगर परिषद क्षेत्र के सती चौरा में घर पर चढ़कर गोलीबारी की घटना को असमाजिक तत्वो ने अंजाम दिया। इस सम्बंध में स्थानीय थाना में केस दर्ज कराया गया है। आवेदक छोटी बलिया सतीचौरा निवासी मोहम्मद अरमान खलीफा ने आवेदन देकर बताया है कि मंगलवार की देर रात छोटी बलिया संविधान चक निवासी मोहम्मद सौल एव सती चौरा निवासी मनीष कुमार एवं तीन अन्य अज्ञात लोगों के साथ मेरे घर पर आकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जान से मारने की नीयत से हवाई फायरिंग किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि गोलीबारी की घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पीड़ित के द्वारा पुलिस को आंख धोखे प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रीत द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर न्याय संवाद कार्यक्रम

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर गुरुवार को सामाजिक न्याय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं युथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राहुल कुमार ने वार्ड 13 बीहट नगर परिषद के सिमरिया बिन्द टोली में आयोजित कर जातिगत जनगणना हक का श्रेय श्री राहुल गांधी को दिया तथा शोषित पीड़ित वंचित का नेता बताया। वहीं सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने में राहुल गांधी की जीत बताया, और सरकार को मजबूरन जातिगत जनगणना करना पड़ेगा। इस न्याय संवाद कार्यक्रम में सभी दलित, महादलित महिलाओं को अंगवस्त्र से राहुल कुमार ने सम्मानित किया। मौके पर बिस्किट और मिठाई बांटकर राहुल जी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सामाजिक महिला मंजूरी देवी, पूर्व वार्ड सदस्य सीता देवी, नंदकिशोर सिंह सोनू कुमार दिनकर, पुलिस यादव सोनेलाल यादव, शिल्पा कुमारी आदि मौजूद रहे, वहां मौजूद सभी मां बहन मान योजना का फर्म भराया।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में प्राथमिकी

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने एक गांव से नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता के पिता द्वारा थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए ज़िला अस्पताल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार का मामला सामने आया था जिसमे आरोपी किशोर को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म की पीड़िता एवं आरोपी किशोर दोनों ही नाबालिग है।

## पंचायत उपचुनाव को लेकर तीन अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सरपंच तथा पंच के चुनाव हेतु शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इसके लिए हसनपुर बागर पंचायत के सरपंच राजेन्द्र चौधरी के निधन से यह पद रिक्त हो गया था। नामांकन का पर्चा दाखिल करने वाले में हसनपुर बागर पंचायत के सरपंच पद पर अर्जुन पासवान, इसी पंचायत के वार्ड संख्या 04 के रिक्त पद पर अब्दुल सलाम तथा मो मुमताज ने नामजद्गी का पर्चा दाखिल किया। वही रजाकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 10 से कारी पासवान तथा समसा वार्ड संख्या 15 से बिट्टू कुमार ने नामांकन कराया है। हसनपुर बागर पंचायत में सरपंच पद पर दो अभ्यर्थी रामाश्रय पासवान तथा अर्जुन पासवान तथा पंच पद अब्दुल सलाम तथा मो मुमताज के नामांकन से मतदान होने की संभावना बन गई है। जबकि रजाकपुर तथा समसा पंचायत में एकल अभ्यर्थी होने से निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने बताया कि नामांकन पत्रों की संवीक्षा 21 जून से 23 जून तक होगी। मतदान 9 जुलाई को होगा।

## बखरी में होगा संत रविदास महासम्मेलन

### केन्द्रीय मंत्री समेत बिहार के उपमुख्यमंत्री, मंत्री कार्यक्रम को बनाएंगे सफल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बखरी।** बिहार में विधानसभा का चुनाव ज्यों ज्यों नजदीक होते जा रहे त्यों त्यों चुनावी पारा हाई होते जा रही है और बेगूसराय के बखरी सुरक्षित विधानसभा अभी से काफी हॉट सीट बनी हुई है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बखरी विधानसभा क्षेत्र के शकरपुरा हाई स्कूल मैदान में जिलास्तरीय संत रविदास महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बखरी शकरपुरा हाई स्कूल के मैदान में 22 जून रविवार को 10 बजे से आयोजित होना है। जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम ने बताया कि यह सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बेगूसराय सांसद सह कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह रहेंगे, वही बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, तो अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री जनक चमार मौजूद रहेंगे। वही विशिष्ठ अतिथि के तौर पर बेगूसराय विधायक कुंदन कुमार, पूर्व उपमुख्य सचेतक रजनीश कुमार, राज्य अनुसूचित जाति आयोग बिहार के डाक्टर संजय राम, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा उपस्थित रहेंगे। प्रदेश प्रवक्ता श्री राम ने कहा कि बखरी विधानसभा के इस जिला स्तरीय महासम्मेलन में रविदास समाज को एक-जुट होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर सम्मलेन को सफल बनाएं और केन्द्रीय मंत्री तथा बिहार सरकार के मंत्री एवं पार्टी के पदाधिकारियों के कल्याणकारी बातों को सुने। आपको बता दें कि इन कार्यक्रमों के जरिए बीजेपी यह बताने की कोशिश करेगी कि लगभग 70 वर्षों के शासनकाल में कांग्रेस रविदास समाज के विकास के लिए कुछ नहीं किया। यह बताया जाएगा कि बिहार एवं केंद्र की एनडीए सरकार ने रविदास समाज के लोगों के लिए क्या कुछ किया है। क्या योजनाएं चलाई जा रही है। एनडीए सरकार के कारण उनके जीवन में कितना बदलाव आया है। इस तरह की रणनीति पर काम करने से चुनाव में एनडीए को कितना लाभ होगा यह समय बताएगा, लेकिन जातीय समीकरण पर तमाम दलों की नजरें टिकी हुई हैं कि कैसे उनको अपने पक्ष में लामबंद किया जाए। यह तय है कि बीजेपी दलित वोटों को साधने में जुट गई है।

## बाढ़ पूर्व तैयारी : जिलाधिकारी ने फारबिसगंज प्रखंड का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अररिया।** संभावित बाढ़ की पूर्व तैयारी को देखते हुए जिला पदाधिकारी, अररिया, अनिल कुमार द्वारा फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत पिपरा, शाहबाजपुर सहित ओसरी घाट एवं कामत घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की और स्थानीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने तटबंधों की स्थिति, राहत एवं बचाव सामग्री की उपलब्धता तथा सुरक्षित स्थलों की पहचान जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्होंने उनकी समस्याएं भी सुनी और भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा किया जाये ताकि किसी भी संभावित खतरे से आमजन को सुरक्षित रखा जा सके। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, संबंधित सभी तकनीकी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित आपदा प्रबंधन के अधिकारी सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## पति की हत्या मामले में पत्नी व प्रेमी को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने प्रेम प्रसंग में हत्या करने के मामले में वीरपुर थाना क्षेत्र पर्रा निवासी नीतू देवी एवं बछवाड़ा थाना क्षेत्र के धर्मपुर नारेपुर निवासी प्रवीण कुमार के पुत्र गौतम कुमार को साक्ष्य के आधार पर दोषी पाकर सजा के बिन्दु पर सुनवायी की। न्यायालय में लोक अभियोजक संतोष कुमार ने अभियुक्तों को अधिकतम सजा देने के पक्ष में जोरदार बहस की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के सजा के बिन्दु पर बहस को सुनकर अभियुक्तों को भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपये की अर्थदंड की सजा एवं धारा 120 बी में आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा एवं धारा 201 में तीन साल और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी। न्यायालय में लोक अभियोजक संतोष कुमार ने छह साक्षियों का साक्ष्य करवाया जिन्होंने घटना का पूर्णतः समर्थन किया। अभियुक्तों पर आरोप है की अभियुक्त नीतू देवी का नाजायज सम्बन्ध गौतम कुमार के साथ था इसलिए उसने दिनांक 20 अक्टूबर 2021 की रात्रि में अपने प्रेमी गौतम कुमार एवं अन्य को अपने घर बुलाकर अपने पति मंतोष कुमार की हत्या सभी ने मिलकर कर दिया एवं साक्ष्य मिटाने के लिए लाश को कहीं फेक दिया। न्यायालय में मृतक मंतोष कुमार एवं अभियुक्त नीतू देवी के आठ वर्षीय पुत्र रिशु कुमार ने अपने साक्ष्य में बताया कि घटना के समय रात्रि में मैं सोया हुआ था। मेरी नींद टूट गयी तो मैंने देखा की मेरी माँ नीतू देवी गौतम कुमार एवं अन्य के साथ मिलकर मेरे पिता मंतोष कुमार हत्या कर दिया एवं लाश को खींच कर बाहर ले जाकर कहीं फेक दिया। घटना की प्राथमिकी वीरपुर थाना क्षेत्र के पर्रा निवासी मृतक के भाई संतोष कुमार पिता सत्य नारायण सिंह ने वीरपुर थाना काण्ड संख्या 128/2021 दर्ज करवायी थी। न्यायालय ने सत्र वाद संख्या 119/2022 में स्पीडी ट्रायल करते हुए अभियुक्तों को दोषी पाकर सजा के बिन्दु पर सुनवायी करते हुए सजा सुनायी।

## नियोजन कैंप में 28 अभ्यर्थी शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर में शुक्रवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने की। उक्त कैंप में निजी कंपनी वर्धमान यर्न्स एंड थ्रेड लिमिटेड के प्रतिनिधि शैलेन्द्र शुक्ला के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 20 रिक्तियों के विरूद्ध कुल 7 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत चयनित किया गया। जॉब कैंप में कुल 28 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया। एवं बताया कि नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। एनसीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जेएसए राहुल कुमार एवं वाईपी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रधानलिपिक विनय कुमार, डीएसएम सामंत कुमार, रंजय सिंह देव, सतीश पटेल, रामप्रीत उपस्थित थे ।

## बेगूसराय मे रिंग रोड की परियोजना होगी पूर्ण : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**ट्रैफिक दबाव होगा कम, लोगों को मिलेगा लाभ**

**बेगूसराय।** गुरुबार को जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा एनएच 31 पर ट्रैफिक के दवाब को कम करने के लिए बेगूसराय जिला अंतर्गत तेघड़ा एनएच 28 से बलिया एनएच 31 तक प्रस्तावित बेगूसराय बाइपास निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। बतातें चलें कि औंटा सिमरिया सिक्स लेन ओवरब्रिज चालू हो जाने से भारी वाहनों का आवागमन जिले में शुरू हो गया है। साथ ही राजेन्द्र सेतु का भी जीर्णोद्वार किया गया है। जिसके फलस्वरूप जिला में अत्यधिक संख्या में बड़े एवं भारी संख्या में वाहनों सहित अन्य वाहनों का प्रवेश बढ़ा है। बेगूसराय बाइपास का निर्माण एनएच 28 भाया पकठौल-वीरपुर-मोहनपुर-चांदपुरा-कटरमाला होते हुए बलिया एनएच 31 तक कराया जायेगा। उपरोक्त बाईपास 47.50 किलोमीटर लंबी एवं 7 मीटर चौड़ी रहेगी। यह बाइपास ब्राउनफिल्ड परियोजना विस्तार के तहत बनायी जायेगी। अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग पटना को बाइपास निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा जायेगा। उपरोक्त बेगूसराय बाइपास खातोपुर से आने वाली सड़क को भी जोड़ेगी। साथ ही कुसमहौत एवं इनियार से भी उक्त सड़क जोड़ी जायेगी। जिले के उतरी दिशा में बाइपास के निर्माण के उपरांत दलसिंगसराय, तेघड़ा से वाहन चालक बिना शहर में प्रवेश किये सीधे एनएच 31 तक निकल सकेंगे। इसके साथ ही रोसड़ा, मंझौल आदि जगहों से एनएच31 होते हुए आगे जाने वाले लोग भी इस बाइपास का प्रयोग कर सकते है। साथ ही यहा भी उल्लेखनीय है की जिला अंतर्गत गुप्ता लखमीनिया बाँध का चौड़ीकरण प्रगति यात्रा मे किए गए घोषणा के आलोक में किया जा रहा है। एवं उपरोक्त बेगूसराय बाईपास के निर्माण हो जाने से यह दोनों सड़क मिलकर बेगूसराय के लिए एक पूर्ण रिंग रोड की तरह कार्य करेगी। इससे बेगूसराय मे रिंग रोड की भी परियोजना पूर्ण हो जायेगी। जिससे लोगों को आवागमन मे बहुत सहूलियत होगी ।निरीक्षण के क्रम मे कार्यापालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अन्य उपस्थित थे।

### शिविर लगाकर दिया गया योजनाओं का लाभ

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पशु एवं मतस्य विभाग द्वारा तीन बकरी पालन योजना के तहत पशु चिकित्सालय बलिया में शुक्रवार को शिविर लगाया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के 6 लाभुकों के बीच तीन-तीन बकरी का वितरण किया गया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. विनीत कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में सरकार के द्वारा बकरी पालन के लिये इच्छुक बीपीएल परिवारों से आवेदन लिया गया था। जिसके तहत पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के द्वारा स्वीकृत तीन बकरी दी गई।

## जहानाबाद में निकाली गई 'अस्पताल सुधार यात्रा'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर समाजसेवी बजरंगी दास के नेतृत्व में 'अस्पताल सुधार यात्रा' निकाली गई। यह यात्रा करीब 4 किलोमीटर लंबी थी, जिसमें सैकड़ों स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यात्रा के माध्यम से लोगों ने सरकारी अस्पतालों की लचर व्यवस्था, भ्रष्टाचार और निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान बजरंगी दास ने कहा कि आज़ादी के सात दशक बाद भी स्वास्थ्य विभाग में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका है। आम नागरिक उम्मीद लेकर सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने आते हैं, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगती है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में न तो इलाज की समुचित व्यवस्था है और न ही डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति। कई बार रजिस्ट्रेशन के बाद भी डॉक्टर मौजूद नहीं होते और यदि होते हैं तो इलाज संतोषजनक नहीं होता। दबाव डालने पर मरीजों को पी.एम.सी.एच. रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में गरीब मरीज निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर होते हैं, जहां भारी भरकम फीस और अव्यवस्थित व्यवस्था से वे ठगा हुआ महसूस करते हैं। पदयात्रा के दौरान बजरंगी दास ने जिला प्रशासन और सरकार से रखी 9 प्रमुख मांगें- जिसमें मरीजों की सुरक्षा की गारंटी, निजी अस्पतालों में मरीजों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने, सरकारी अस्पतालों में मोबाइल से रजिस्ट्रेशन की बाध्यता समाप्त करना, ग्रामीण अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करना, समान्य मरीजों को अनावश्यक रेफर करना बंद किया जाए, सभी जांचों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, जहानाबाद के सरकारी अस्पताल में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, सदर अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट, सीटी स्कैन एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित हो जैसी मांगें शामिल हैं। इस आंदोलन में संतोष केसरी, वीरेंद्र मांझी, पिंटू कुमार बीटू, वीजनंदन मांझी, चंदन कुमार, लालेंद्र दास, बीरबल दास, अजय राम, रविकांत कुमार, सुनीता कुमारी, रेखा देवी, रंजीती देवी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।बजरंगी दास ने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और तेज किया

## डीएम के जनता दरबार में सुनी गईं 36 समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर, शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। शुक्रवार को कुल 36 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें प्रमुख रूप से –भूमि विवाद एवं अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास योजना, बंदोबस्त एवं भू-अर्जन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विद्युत आपूर्ति, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड पंजीकरण, नल-जल योजना से संबंधित मुद्दे शामिल रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद, भूमि सुधार उप समाहर्ता चाँदनी कुमारी, वरीय उप समाहर्ता कंचन झा, नेहा, होमा इरफान, डीआरडीए निदेशक रोहित कुमार मिश्रा, एनईपी निदेशक सुदर्शन कुमार, एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक श्रीमती माला कुमारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने दिए 'मिशन मोड' में चुनावी तैयारी के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर 19 जून 2025 को बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में मगध प्रमंडल की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। यह बैठक वीडियो कांन्फ्रेसिंग के माध्यम से पुराना सचिवालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें चुनाव से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में पुलिस महानिदेशक, विनय कुमार, बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, विनोद सिंह गुंजियाल, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव, अरविंद कुमार चौधरी, मगध प्रमंडीय आयुक्त, तथा संबंधित जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित कई अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार भ्रमण होना है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस दौरे से पहले सभी आवश्यक तैयारिया मिशन मोड में शुरू कर दी जानी चाहिए। बैठक में अरवल, नवादा, औरंगाबाद, जहानाबाद और गया जी के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिलों में की जा रही चुनाव तैयारियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद सिंह गुंजियाल ने चुनाव तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक 1200 मतदाताओं पर एक बूथ निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने



कर्मियों के चुनाव सॉफ्टवेयर में डेटा एंट्री का काम समय पर पूरा करने का निदेश दिया। इसके अतिरिक्त, प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने, शैडो जोन को चिन्हित कर उनके लिए संचार योजना बनाने, और पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। श्री गुंजियाल ने अवैध हथियारों और कारतूसों की बरामदगी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बूथों की सामान्यतः शिफ्टिंग नहीं होगी, बल्कि उन्हीं स्थानों पर अतिरिक्त बूथ बनाना चाहिए। वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार छापेमारी करने तथा बूथों पर 'एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी' उपलब्ध करवाने हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

**अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग द्वारा दिए गए निर्देश**

अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, अरविंद कुमार चौधरी ने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने हथियारों का निरीक्षण करने, शस्त्र दुकानों का निरीक्षण करने, इस्तेमाल किए गए गोली का सत्यापन करने, और थाना में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने पर जोर दिया। बैठक के अंत में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी जिलाधिकारियों को उनके द्वारा की जा रही चुनाव तैयारियों को और त्वरित करने का निदेश किया। उन्होंनें कहा कि जहां कहीं भी रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर की रिक्तियां हैं, उन्हें जल्द से जल्द भरा जाए।

विनय कुमार, पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित गिरफ्तारी वारंटों एवं कुर्की जब्ती वारंटों का त्वरित निष्पादन किया जाय। निर्वाचन से संबंधित दर्ज कांडों, निर्वाचन एवं शस्त्र अधिनियम से संबंधित दर्ज कांडों का शीघ्र अनुसंधान पूर्ण किया जाय। जब्त शराब का त्वरित विनिष्टीकरण कराया जाय अवैध हथियार धारकों के बारे में आसूचना संग्रहित कर लक्षित कर्रवाई की जाय।

## सिवान से पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी, मोतिहारी में 100 छात्रों ने किया वंदे भारत का पहला सफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सीवान से पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह हाईस्पीड ट्रेन पाटलिपुत्र से बापूधाम मोतिहारी होते हुए गोरखपुर तक चलेगी। बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर ट्रेन के आगमन पर स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भव्य स्वागत किया। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए सांसद ने क्षेत्र के 100 छात्रों को विशेष पास उपलब्ध कराकर ट्रेन यात्रा का अनुभव कराया। छात्रों ने वंदे भारत में पहली बार सफर कर खुद को गौरवान्वित महसूस किया और इसे यादगार लम्हा बताया। सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि पहले रेलवे को फंड की भारी कमी थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रेलवे को नौ गुना अधिक बजट मिला है, जिससे देश में तेज़ी से रेलवे विकास हो रहा है। वंदे भारत की शुरुआत से उत्तर बिहार और पूर्वांचल को तेज, सुरक्षित और आधुनिक यात्रा का नया विकल्प मिला है। बापूधाम स्टेशन पर उमड़े हजारों लोगों की भीड़ और छात्रों का उत्साह इस ऐतिहासिक दिन को खास बना गया।

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले उपचुनावों में आयोग की तकनीकी पहलों का सफल परीक्षण

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अगुवाई में पारदर्शी व डिजिटल चुनाव की दिशा में निर्णायक पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को पारदर्शी, सुलभ और तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में सम्पन्न पांच राज्यों के उपचुनावों में कई नई तकनीकी और प्रबंधन संबंधी पहलों का सफल परीक्षण किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के नेतृत्व में इन पहलों की अवधारणा की गई, जिनका क्रियान्वयन गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों पर हुआ।

गुजरात की 24-कड़ी और 87-विसावदर, केरल की 35-नीलांबूर, पंजाब की 64-लुधियाना पश्चिम तथा बंगाल की 80-कालिगंज सीटों पर कुल 1354 मतदान केंद्रों पर इन नवाचारों को लागू किया गया।

इन पहलों में मतदान केंद्रों पर मोबाइल जमा करने की व्यवस्था, मतदान के तुरंत बाद टर्नआउट रिपोर्टिंग की डिजिटल प्रक्रिया, 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग, पीठासीन अधिकारियों को मॉक पोल का प्रशिक्षण तथा विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण जैसे उपाय शामिल थे।

बड़ी बात यह रही कि पहली बार मतदाताओं को मोबाइल रखने की सुविधा मतदान केंद्रों के प्रवेश द्वार पर दी गई, जिससे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व दिव्यांग मतदाताओं को काफी सहूलियत हुई। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन सफल प्रयोगों के बाद बिहार विधानसभा चुनाव में इन सभी पहलों को व्यापक रूप से लागू किया जाएगा, जिससे चुनाव प्रक्रिया अधिक उत्तरदायी, भरोसेमंद और मतदाता-केंद्रित बन सकेगी।

## हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तुरकौलिया (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर चिउटही में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपराधियों के निशानदेही पर एक लोडेड देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए अपराधियों में बिजुलपुर जिरात का 19 वर्षीय हिमांशु कुमार और जयसिंहपुर चिउटही का 20 वर्षीय रजनीश कुमार है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जयसिंहपुर चिउतही में दो युवक अपने पास देशी पिस्टल रखे है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे है।

## योग – सम्यक जीवन और भारतीय संस्कृति का आधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के महत्व को रेखांकित करते हुए विशेषज्ञों ने इसे सम्यक जीवन दर्शन और भारतीय संस्कृति का मूल आधार बताया। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का भी सशक्त माध्यम है। डॉ. रंजीत कुमार भारतीय, नबिटा, जहानाबाद के अनुसार, योग शरीर, मन और आत्मा को एकीकृत करने का प्राचीन अभ्यास है, जो व्यक्ति को संतुलित, शांत और सकारात्मक जीवन जीने में मदद करता है।

हजारों वर्षों से भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहे योग का उल्लेख वेदों, उपनिषदों और अन्य प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। यह एक आध्यात्मिक अभ्यास है, जो व्यक्ति को अपनी आंतरिक आत्मा से जोड़ता है और मोक्ष के पथ पर अग्रसर करता है। योग के माध्यम से व्यक्ति ब्रह्मांड के साथ एकरूपता का अनुभव करता है, जो उसे आध्यात्मिक शांति और जागरूकता प्रदान करता है।

**स्वास्थ्य और जीवन शैली में योग की भूमिका**

आधुनिक जीवन की भागदौड़ और तनाव से जूझ रहे लोगों के लिए योग एक वरदान है। यह शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और भावनात्मक स्थिरता प्रदान करने में सहायक है। योग के नियमित अभ्यास से क्रोध, ईर्ष्या, अहंकार जैसे दुर्गुणों का नाश होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आसन, प्राणायाम, यम, नियम और ध्यान जैसे योग के विभिन्न अंग व्यक्ति के समग्र विकास में योगदान देते हैं।

**वैश्विक स्तर पर योग की लोकप्रियता**

भारत ने विश्व को योग का अनमोल उपहार दिया है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। योग की बढ़ती लोकप्रियता के कारण लोग इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बना रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यह संदेश दिया जा रहा है कि योग को अपनाकर हम न केवल स्वस्थ मन और निरोगी काया प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि अपनी प्राचीन संस्कृति के मूल्यों को भी संरक्षित रख सकते हैं।

**आह्वान: योग को बनाएं जीवन का हिस्सा**

डॉ. रंजीत कुमार भारतीय ने सभी से आह्वान किया कि योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। उन्होंने कहा, योग हमारी प्राचीन संस्कृति का आधार है, जिसे अपनाकर हम एक स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जी सकते हैं। इस योग दिवस पर आइए, हम संकल्प लें कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वयं और समाज के कल्याण में योगदान देंगे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोतिहारी नगर निगम वार्ड-10 में लाभुकों को मिला आशियाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-10 में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों में लाभार्थियों को विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। महापौर ने आवासों का स्थलीय निरीक्षण कर लाभुकों को गृह प्रवेश की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर निगम मोतिहारी द्वारा इस योजना का



पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि कोई पात्र लाभार्थी वंचित न रहे। महापौर ने बताया कि नगर निगम लगातार प्रयासरत है कि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ मिले। कार्यक्रम के दौरान उपमहापौर लालबाबू प्रसाद, निगम पार्षद कल्पना रानी दास, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम दास, नगर निगम के पदाधिकारीगण, वार्ड के सम्मानित नागरिक और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। गृह प्रवेश के इस मौके पर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिले हुए नजर आए। सभी ने अपने नये आशियाने के लिए सरकार और नगर निगम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां।** राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 30ए पर शुक्रवार की शाम दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ब्रह्मस्थान के समीप उस वक्त हुआ जब चार युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विकास कुमार (26) और अभिषेक कुमार (24) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही दनियावां थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए दनियावां पीएचसी भेजा। वहां से हालत गंभीर देख अमरजीत कुमार (22) और संजीत कुमार को पटना रेफर कर दिया गया वहीं, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया है।

हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस क्षेत्र में बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता जताई है और ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

## जहानाबाद में भाजपा प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा का जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा का जहानाबाद आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश महामंत्री बनने के बाद पहली बार जिले में पहुंचे राधामोहन शर्मा का नागरिक मंच और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर शहर के एक निजी हॉल में अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ, जहां पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। राधामोहन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वे जहानाबाद के लोगों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और



स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल करने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल द्वारा हाल ही में 35 सदस्यीय नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है, जिसमें सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, युवाओं की भागीदारी और अनुभवी चेहरों का समावेश सुनिश्चित किया गया है। इसी नई टीम में राधामोहन शर्मा को प्रदेश महामंत्री की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।समारोह में वक्ताओं ने राधा मोहन शर्मा के संगठनात्मक अनुभव और कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिले के अनेक भाजपा नेता, कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

## डॉ घनश्याम राय आज मुंगेर विश्वविद्यालय में कुलसचिव पद पर देंगे योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने शुक्रवार की शाम डॉ घनश्याम राय को मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पद पर पदभार ग्रहण करने के लिए 'विरमित' कर दिया। विदित हो कि डॉ राय को कुलाधिपति द्वारा मुंगेर विश्वविद्यालय का कुलसचिव नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुनेश्वर यादव के नेतृत्व में डॉ राय के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि डॉ राय विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग में 'एसोसिएट प्रोफ़ेसर' के पद पर कार्यरत थे। इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार, डॉ विनय कुमार, डॉ



रघुवीर कुमार रंजन, डॉ शशि भूषण कुमार यादव, डॉ उमाकांत पासवान, डॉ जमशेद आलम, डॉ आलोक कुमार अमन, डॉ अरुण कुमार मंडल, शोध छात्र सिद्धार्थ राज, केशव चौधरी, दीपक झा, धर्मेंद्र, अनिमेष कुमार, मेघा, प्रियसी, शिपली, शालिनी, रंजन, सुजीत, नीतीश, रोहन, विकास आदि उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के आदेशानुसार डॉ राय को 22 अप्रैल 2024 को यूआर कॉलेज, रोसड़ा में प्रभारी प्रधानाचार्य के पद पर पदस्थापित किया गया था। डॉ राय ने शुक्रवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। कुलपति ने उन्हें बधाई दी और शुक्रवार को ही देर शाम 'लियन' पर 'रिलीभ' करने का आदेश दिया। कुलपति ने कहा कि शनिवार को ही मुंगेर विश्वविद्यालय में योगदान दीजिए। कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा ने अपने कक्ष में डॉ राय को सम्मानित करते हुए विरमित पत्र दिया। विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण सीसीडीसी डॉ गजेन्द्र कुमार, भूसंपदा पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान, उप कुलसचिव प्रथम डॉ उमाकांत पासवान आदि उपस्थित थे।

## सडक दुर्घटना में महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बनकट कोटवा मोड के पास सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी है। मृतका छौडादानो थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर निवासी मो0 इरशाद की पत्नी नाजरु नेशा बतायी गयी है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया और इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जूट गयी है।

## विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने रूपहरा से आजाद चौक तक सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** चिरैया प्रखंड अंतर्गत भारतमाला सड़क के समीप रूपहरा पंचायत स्थित रूपहरी चौक पर शुक्रवार को स्थानीय विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने रूपहरा से आजाद चौक (ढाका) तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर उन्होंने 3.670 किलोमीटर लंबी और 5.5 मीटर चौड़ी इस सड़क के निर्माण की औपचारिक शुरुआत की। करीब 8 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में थी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता था। लंबे समय से इसके पुनर्निर्माण की मांग की जा रही थी। शिलान्यास के बाद ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार चिरैया विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और पुल-पुलिया जैसी योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही हैं।



इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुभाष सिंह, भाजपा शिकारगंज मंडल अध्यक्ष गांधी प्रसाद यादव, नीरज कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, टुनटुन सिंह, राकेश यादव, अनिल बैठा, सूर्य नारायण प्रसाद, संजय सिंह, बबन सिंह, जयराम सहनी, मुखिया भुलावन सिंह, पूर्व मुखिया गोपाल शर्मा, चंदन पटेल, मिथलेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत,दो माह पहले हुई थी शादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के ढाव-ककड़िया गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजन बिजली की करंट लगने से मौत होने की बात कह रहे हैं। हालांकि घटना के समय किसी ने यह प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा कि वह करंट की चपेट में वह कैसे और कब आई। मृतका ककड़िया गांव निवासी बालेश्वर मांझी की बहू अंशु कुमारी बताई जाती है। जानकारी के अनुसार गया जिले के रमनपुर गांव निवासी मोहन मांझी की पुत्री अंशु कुमारी की शादी दो माह पूर्व ढाव ककड़िया निवासी बालेश्वर मांझी के पुत्र से हुई थी। जो शुक्रवार को घर में लगे पंखे के कटे तार के संपर्क में आ गई। घटना के बाद वह घर मे बेसुध गिरी हुई पाई गई। घायल अवस्था में अंशु को परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के ससुर ने बताया कि पंखे का तार कटा हुआ था, जिसके चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। इधर स्थानीय डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया मौत की वजह पर संदेह जताया है। डॉक्टरों का कहना है कि मृत्यु के कारण कुछ और प्रतीत होते हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया, लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं हुए। घटना के संबंध में अंशु के पति विक्रम कुमार से पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हादसा है या किसी साजिश का हिस्सा। मखदुमपुर थाने की पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

## भूमि विवाद में तीन घायल

**चकिया/नबिटा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयला बेलवा पंचायत के बरैठा गांव मे दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो महिला समेत तीन घायल हो गए।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

रेहला थाना कांड सं0–76/2022 दिनांक –12.07.2022,धारा–414/429/34 भा0द0वि0 एवं 11 (1))(d)(f) पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त 1. तसउवर अंसारी पे0 स्व. उदीन अंसारी साकिन– मानपुर, 2. शमशेर अंसारी पे0–सरफुदीन अंसारी साकिन–टनटनवा दोनों थाना–रंका, जिला–गढ़वा के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर पलामू :– 9334185502
थाना प्रभारी, रेहला :– 6204580744

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 355630 Police(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**
**अति आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिले में विगत वर्ष हुई चक्रवातीय भारी वर्षा के कारण तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ पथ, चैनेज 10+200 कि0मी0, ग्राम मेढना (बेलचम्पा) में दानरो नदी पर अवस्थित सेतु (कुल ल0–**13x8=104** मी0) एवं भंडरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 14वें कि0मी0 में बिरहा नदी पर अवस्थित पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गये हैं। फलस्वरूप उक्त सेतु से आवागमन पूर्णतः बाधित है। पुनः वर्तमान वर्षा ऋतु एवं पुल के नवनिर्माण होने तक सुरक्षात्मक कारणों से सभी तरह के वाहनों के आवागमन पर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है। वर्तमान में सभी प्रकार के वाहनों को वैकल्पिक मार्ग के रूप में निम्नप्रकार से वाहनों के आवागमन हेतु प्रयोग किया जा सकता है।

| क्रम सं0 | पथ/पुल का नाम | वैकल्पिक मार्ग |
|---|---|---|
| 1. | तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ पथ, चैनेज 10+200 कि0मी0, ग्राम मेढना (बेलचम्पा) में दानरो नदी पर अवस्थित सेतु (कुल ल0–13x8=104 मी0) | नवनिर्मित गढ़वा बाईपास (NH-39) |
| 2. | भंडरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 14वें कि0मी0 में बिरहा नदी पर अवस्थित पुराना पुल | शालो यात्री शेड के दाहिने तरफ से शालो गाँव तथा प्राथमिक विद्यालय, महुआटिकर होते हुए बड़गड़–टिहरी मुख्य पथ |

असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 355639 Road(25-26)D

# ईवीएम वेयरहाउस के निरीक्षण में व्यवस्थाएं पायी गयी संतोषजनक

## डीएम- एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार किया गया, जिसके तहत ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। निरीक्षण के क्रम में आयोग द्वारा जारी सभी सुरक्षात्मक मानकों, प्रक्रियाओं एवं दिशानिर्देशों के अक्षरशः अनुपालन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।




निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश नियंत्रण, लॉगबुक संधारण इत्यादि का गहन अवलोकन किया गया और सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करने पर बल दिया। उक्त निरीक्षण के अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। इनमें प्रखण्ड महासचिव- सह- सदस्य, जिला कार्यकारिणी, जनता दल यूनाईटेड रितेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय जनता दल अमरेन्द्र कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी रंजीत कुमार, जिलाध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी विरेन्द्र राम एवं जिला प्रभारी, बहुजन समाज पार्टी मनोज राम शामिल थे। सभी प्रतिनिधियों ने वेयरहाउस की व्यवस्थाओं एवं निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संतोष व्यक्त किया तथा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के पालन की सराहना की।

## कोईलवर क्षेत्र में चार घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति



**कोईलवर (भोजपुर)/ नबिटा संवाददाता।** कोईलवर क्षेत्र में शनिवार को 33 केवी बिहटा- कोईलवर फीडर से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक (4 घंटा) बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान कोईलवर रेल ब्रिज पर 33 केवी लाइन में डैमेजड कैंटीलीवर ब्राकेट के मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते कोईलवर पीएसएस से सभी 11 केवी फीडर से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 केवी बिहटा- कोईलवर फीडर चालू होते ही आपूर्ति पुनः बहाल कर दी जाएगी। बिजली बाधित होने से नगर पंचायत समेत धनडीहां, कुल्हड़िया, सकड्डी, पचैना, सोनघट्टा, राजापुर, दौलतपुर, कायमनगर के साथ-साथ लगभग 35 से 40 गांवों कि आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं को इस अवधि में बिजली से संबंधित सभी आवश्यक कार्य को पूरा कर लेने का आग्रह किया है।

# ई-किसान भवन में धान बीज का किया जा रहा वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी (भोजपुर)।** ई-किसान भवन गड़हनी में किसानों को धान का बीज वितरण किया गया। बीज वितरण कृषि समन्वयक सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में बगवां, शिवपुर, काउप, बालबांध सहित कई गांवों में किया गया। बीज बिहार बीज निगम के द्वारा सबौर्न प्रसन्ना बीज 22 रुपए किलो व मुख्यमंत्री तीव्र विस्तार बीज 6 रुपए किलो किसानों को दिया जा रहा है। ये बीज सब्सिडी काट कर दिया जा रहा है। यही बीज बाजार में बहुत महंगा मिल रहा है उसके बावजूद भी धान लेने में किसानों में रुचि नहीं है, बाजार से जाकर महंगा बीज खरीद रहे है लेकिन ई किसान भवन में बीज लेने को ले ऑन लाइन नहीं करा रहे है। अभी तक सबौर प्रसन्ना 50 किसानों के बीच 15 क्विंटल व मुख्यमंत्री तीव्र विस्तार बीज 35 किसानों के बीच 2 क्विंटल वितरण किया गया है। जबकि सबौर प्रसन्ना बीज 52 क्विंटन व तीव्र विस्तार बीज करीब 7 क्विंटल बांटने के लिए आया है। कृषि समन्वयक ने बताया कि ई किसान भवन में जो किसान ऑनलाइन करा कर आ रहे है उसको आसानी से मिल रहा है और जो ऑन लाइन नहीं कराए है उनको भी ऑन स्पॉट ऑनलाइन कर के आसानी से किसानों को बीज दिया जा रहा है। बीज वितरण पूरे जून तक किसानों को दिया जाएगा। लेकिन धान बीज लेने के लिए अभी किसानो कि रफ्तार धीमी है। मौके पर किसान सलाहकार राजीव कुमार, राजेश कुमार, शैलेश कुमार, प्रेमदीप, रवि कुमार, विक्रांत कुमार सहित कई किसान उपस्थित थे।

## भूमि विवाद में मारपीट, अधेड़ घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के टकरा में मारपीट की घटना घटी जिसमें 50 वर्षीय मनोज पासवान गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर पीटीसी सुनील सिंह के द्वारा इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां डॉ धनंजय कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायल ने बताया कि पिलर हटाने को लेकर बिगन पासवान, गुड्डू पासवान एवं इसकी पत्नी मंटू पासवान, आदित्य पासवान एवं इसकी पत्नी लाठी डंडे एवं ईट पत्थर से मारपीट कर घायल कर दिया।



# योग दिवस पर आम नागरिकों की भागीदारी पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में शुक्रवार को बीडीओ डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवी बुद्धिजीवियों की एक बैठक योगा दिवस को लेकर आहूत की गई। बीडीओ ने आज 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस को सफल आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए बताया कि मदनपुर स्टेडियम में शनिवार की सुबह 7.30 बजे से योग कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। संबंधित पदाधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। आयोजन में जनप्रतिनिधि, जीविका कर्मी एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। योग कार्यक्रम के बाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में शांति, सौहार्द और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए लोगों को शपथ दिलाई जाएगी। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, बीपीआरओ विनोद कुमार वर्मा, मनरेगा पीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि उदय कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।




## बिजली बिल भुगतान का दिया निर्देश

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** मदनपुर प्रखंड के बहुउद्देशीय सभागार भवन में शुक्रवार को बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पंचायत सचिव व लेखपाल के साथ नल का जल योजना में उपयोग किए जा रहे बिजली का बिल भुगतान करने को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में कार्यरत नल जल योजना में बकाया बिजली बिल का भुगतान जल्द करने का निर्देश दिया गया। बीपीआरो ने कहा कि अविलंब बकाए बिजली बिल भुगतान करना सुनिश्चित करें। बैठक में बिजली विभाग के जेई राकेश कुमार राम, लेखपाल पंकज कुमार सिंह, तकनीकी सहायक दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

# 36 घंटे बाद लापता युवक का शव बरामद, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

- **अमानवीय ढ़ंग से क्षत-विक्षत अवस्था में मिला शव**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना अन्तर्ग मसौधा गांव के मिथलेश यादव के 16 वर्षीय पुत्र जयराम कुमार का गांव से पूरब बधार में 36 घंटे बाद शव मिला। मृतक के चाचा मगध सम्राट बिरहा गायक अखिलेश लाल यादव का कहना है कि बुधवार को जयराम लगभग 8 बजे सुबह चाय पीकर निकला। कुछ देर बाद नहीं आया तो हमलोग काफी खोजबीन करने लगे लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। गुरुवार को शाम गांव से पूरब आधा किलोमीटर की दूरी पर एक शव मिलने की जानकारी मिला तो हमलोग जाकर पहचान किए। शव का आंख फोड़ा हुआ है और पैर जला हुआ है, जिससे पूरी उम्मीद है कि हत्या कर शव को फेक दिया गया है। सूचना पाकर कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम, दरोगा नवीन कुमार, ललन प्रसाद यादव एवं आशुतोष सिंह ने पहुंचकर जांच पड़ताल किए। बता दें कि मृतक दो भाई एवं दो बहन है। पिता बाहर रहकर प्राइवेट जॉब करते हैं। मृतक भाई में बड़ा था। मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी के साथ सैकड़ों ग्रामीण जनता पीड़ित के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दे रहे थे।


घटनास्थल पर जुटी प्रशासन एवं लोगों की भीड़

## आवास सहायक का अवैध वसूली का वीडियो वायरल

- **बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा, कार्रवाई करने की होगी मांग**

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज के भेटनीयां पंचायत के आवास सहायक संजीव कुमार का बिचौलिया के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध वसूली का एक वीडियो वायरल हुआ है। इस संबंध में लाभुक शांति देवी के पति विनय यादव ने आवास सहायक संजीव कुमार पर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति के माध्यम से आवास सहायक आवास योजना का लाभ देने के लिए 20 हजार रुपए मांग करते हैं लेकिन 15 हजार दिए लेकिन पांच हजार के कारण तीसरा किस्त काफी लंबे समय से लंबित किए हुए हैं। इस संबंध में आवास सहायक संजीव कुमार से दूरभाष के माध्यम से पिछले 60 घंटे से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। रफीगंज बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साव एवं सदस्य संजय कुमार ने बताया कि भेटनीयां पंचायत के भताडी गांव के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की योजना है इसमें धांधली की करने वाली लोगों पर अधिकारियों से मिलकर उचित कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

# दो कारों से 12 लाख रुपये की शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** उत्पाद विभाग भोजपुर जिला को विभिन्न जगहो से शनिवार को छापेमारी के दौरान बड़ी उपलब्धि मिली है। दो लग्जरी कार से 940 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत बाजार में 12 लाख रुपये आंका गया है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से एक इनोवा कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब पटना की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त द्वारा निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बक्सर पटना एनएच 922 पर दौलतपुर ओवरब्रिज के पास एक इनोवा कार की जांच किया गया। बिना निबंधन कार के अंदर से 1920 पीस करीब 422.40 लीटर बरामद हुआ। पुलिस ने पटना जिला के मनेर थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी चालक अंकुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह रामनाथ प्रसाद का पुत्र है। दूसरी ओर बिना निबंधन हुंडई कंपनी के क्रेटा कार को गीधा थाना अंतर्गत कायमनगर पुल के पास से पकड़ा गया। कार की जांच करने पर कार के अंदर से 1440 पीस करीब 518.400 लीटर विदेशी शराब मिला। अधिकारियों ने मुफसिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी चालक रंजन कुमार को गिरफ्तार किया। वह सत्येंद्र पासवान का पुत्र था। छापेमारी दल में निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा के साथ साथ सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।



# चोरों ने होटल में की सेंधमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार के कनाप रोड मुहल्ला के अनिल होटल से गुरूवार की रात हजारों की चोरी होने का मामला सामने आया है। बता दें कि अनिल होटल में अब तक सात बार चोरों ने हाथ साफ किया है। इसके पहले गैस सिलेंडर के अलावा मिठाई भी चोरी हुई थी। चोरी की कई घटनाओं के बाद दुकानदार सामने एक शटर लगे होटल में होटल के सामान को रख देते थे। बताया जाता है चोरी की एक घटना को हसपुरा पुलिस उद्भेदन कर नहीं पाती कि दुसरी घटना सामने आ जाती है। सबसे आश्चर्य तब होती है कि डायल 112 की गश्ति वाहन सड़क पर खड़ी रहती है और उसके आसपास ही चोरी हो जाता है। लोगों का मानना है चोरों ने पुलिस को भी चुनौती दे रखा है। बताया जाता है कि होटल मालिक अनिल प्रसाद शुक्रवार को सुबह दुकान खोला तो देखा कि पिछला दरवाजा खुला हुआ है। जब दुकान में रखा गल्ला पर नजर पड़ा तो खुला हुआ नजर आया उसमें रखा सभी पैसा गायब था। लोगों का कहना है कि कोइ ऐसा दिन नहीं है कि हसपुरा शहर में चोरी की घटना नहीं हुआ हो।

## चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना की पुलिस ने गुरुवार को चोरी की बाइक के साथ एक चोर को हरदत्ता गांव के समीप से गिरफ्तार किया। चोर की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के कर्मा जगन्नाथपुर गांव निवासी अंशु गुप्ता के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि चोर ने विगत 9 जून को सतबहिनी मंदिर के समीप से बाइक चोरी की थी। पूछताछ के दौरान उसने चोरी करने की बात स्वीकार की है। आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# भाजपाइयों ने संकल्प सभा का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल दक्षिणी की ओर से ग्राम सोनहथु में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने किया तथा संचालन मंडल महामंत्री ज्योति नारायण सिंह ने किया। संकल्प सभा के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कहा कि विकसित भारत का अमृत काल में देश के लिए 11 साल बेमिसाल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नई उंचाई के साथ दुनिया का चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है और बहुत जल्द ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। वर्तमान समय में पूरा विश्व जल रहा है और भारत की आम-आवाम मोदी जी के नेतृत्व में चैन कि नींद सो रहा है। वक्ताओं ने कहा कि भारत का पुरे दुनिया में डंका बज रहा है। संकल्प सभा में जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, सुनिल सिंह, पूर्व महामंत्री मिन्टु शर्मा, अनिल आर्य, नन्दन यादव, विजय कुशवाहा, आलोक सिंह, मनोज शर्मा, सतीश पटेल, विजय सिंह, द्वारिका पासवान, मृत्युंजय सिंह, बबलू पटेल, बबलू शर्मा, दिलीप शर्मा, रविन्द्र चौहान, राजकुमार सौण्डिक, विपिन बिहारी सिंह, रंजीत सिंह, रुबी देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नदी पर बिना रेलिंग का पुल बना जानलेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के शिवगंज पशु मेला स्थित केशहर नदी पर बने पुल पर रेलिंग नहीं रहने से छोटी गाडियां आए दिन असंतुलित होकर नदी में पलटी जाती है जिससे लोगों का जान जोखिम में पड़ जाता है। कई लोग नदी में गिरने से गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। इस पुल का निर्माण पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कहने पर तत्कालीन विधायक सुरेश मेहता के ऐच्छिक कोष से निर्माण कराई गई थी। पुल पर रेलिंग का निर्माण नहीं कराए जाने से इस पर चलने वाली छोटी गाड़ियां आए दिन असंतुलित होकर नदी में जा गिरती हैं जिसमें वाहनों पर सवार, चालक घायल होकर जीवन और मौत के बीच जुझते रहते हैं। इस पुल से होकर ही बहलोला, गैवाल बिगहा, खेसर, दरभंगा, रसलपुर, कोसडीहरा सहित अन्य गांव शिवगंज बहलोला रोड से देव रोड में मिलता है। यह काफी व्यस्त सड़क है। राजद नेता रामेश्वर कुमार रौशन एवं पारसनाथ ठाकुर ने बताया कि पुल पर रेलिंग नहीं रहने से इस पर गुजरने वाले गाड़ी खास कर बाइक, साइकिल, कार एवं स्कार्पियो आदि आए दिन हादसे का शिकार होती रहती है। कई लोगों को जान भी गंवानी पड़ी है। स्थानीय लोगों ने विधायक, परिषद सदस्य, मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों से आग्रह किया है कि पुल पर रेलिंग का निर्माण कराई जाए ताकि किसी का जान खतरे में नहीं पड़े।

## बिहार पुलिस में चयनित होने पर सुमंती को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के बदोपुर गांव निवासी बिंदेश्वर राम की पुत्री सुमंती कुमारी का बिहार पुलिस में चयनित होने पर परिजन एवं ग्रामीणों ने गाजे-बाजे एवं फूल माला के साथ खुशी जाहिर करते हुए उन्हें सम्मानित किया। सुमंती कुमारी के पिता निजी विद्यालय में शिक्षक हैं। सुमंती कुमारी ने कहा कि जो बच्चे मेहनत करेगा वह सफलता पाएगा। उन्होंने कहा कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी विद्यालय में हुआ एवं मैट्रिक की पढ़ाई रफीगंज के कन्या उच्च विद्यालय में किया। सुमंती कुमारी ने बताया कि बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं, मेरे पिता जी ने शिक्षक बनकर मुझे पढ़ाया- लिखाया। उसने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता- पिता को दिया है।


1974-2024 BIHAR

## बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

ई–मेल- msbspcb-bih@gov.in,
वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

बिहार सरकार

### लोक–सुनवाई की सूचना

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथासं ोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष श्री दिलीप कुमार, पिता–श्री बिन्दे वरी प्रसाद, पता– 1–सी मोतीमणि अपार्टमेंट, रोड नंबर–6, व्हाइट हाउस कंपाउंड, जिला–गया (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–1B बालू घाट, मौजा–महम्मदपुर, पोस्ट+थाना–दाउदनगर, अंचल–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा **TOR (Terms of Reference)** निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालूघाट का मौजा | बालूघाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 30.07.2025 | अपराह्न 12:30 बजे | दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | महम्मदपुर | औरंगाबाद सोन –1B बालू घाट | अंचल कार्यालय, दाउदनगर, जिला– औरंगाबाद |

**सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।**

**उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

PR- 006644 ( B & C ) 2025-26

**सदस्य सचिव**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**


# लोजपा (रा.) के संभावित उम्मीदवार के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** एनडीए कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रखण्ड के दधपी पंचायत के दधपी, खेसर, कोसडिहरा, रसलपुर, बहलोला और दरभंगा आदि गांवों में बड़े-बुजुर्गों और युवा साथियों से मिल कर घर-घर जनसंपर्क किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान एनडीए प्रत्याशी के रुप में उत्साही युवाओं ने ग्रामीणों से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह के समर्थन में मतदान करने की अपील की। साथ ही हर गांव में बूथ कमेटी का गठन किया गया और बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई। गांवों में लोगों ने भरपूर सहयोग दिया और खास कर युवाओं में जबरदस्त जोश खरोश देखा गया। इस दौरान विधानसभा सह प्रभारी विनय कुमार सिंह, प्रखण्ड लोजपा के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष शम्भु कुमार सिंह, राहुल सिंह, निखिल सिंह, सुनील सिंह, अजीत सिंह, शशि कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर प्रमोद सिंह के पक्ष में मजबूती से समर्थन जताया।

# युवा छात्र संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी समिति ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** युवा छात्र संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी समिति की बैठक शनिवार को रेडक्रॉस आरा में संपन्न हुई। जिसमें जिले भर से विभिन्न प्रखंड अध्यक्ष और छात्र युवा नेता शामिल हुए। मुख्य अतिथि प्रभारी युवा राजद अजीत यादव थे। संचालन रजनीश यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए शैलेन्द्र राम ने आगामी 26 जून को होने वाले युवा छात्र संवाद कार्यक्रम के लिए राजद के युवा साथियों से आग्रह किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में बापू सभागार पहुंचे। उन्होंने कहा कि भोजपुर से 5000 युवाओं को ले जाने का लक्ष्य है। अब देखना यह होगा कि आप सभी के सहयोग से यह संख्या और कितना बढ़ती है। राजद के युवा नेता रामबाबू सिंह ने उपस्थित युवाओं और राजद कार्यकर्ताओं के बीच ऐलान किया कि आगामी 26 जून को बापू सभागार में होने वाले कार्यक्रम के लिए आप सभी केवल जाने के लिए तैयार होइए हर बूथ लेबल तक संसाधन मैं उपलब्ध कराउंगा। उन्होंने कहा कि टिकट किसी को भी मिले लेकिन क्षेत्र के लोगों के लिए संसाधन उपलब्ध कराना होगा तो राजद के एक सिपाही की तरह उपलब्ध कराउंगा। वरिष्ठ राजद नेता महेश यादव ने कहा कि किसी संगठन के लिए अनुशासन एक महत्वपूर्ण पहलू है इसलिए आप सभी कार्य करते हुए अनुशासन का जरूर ध्यान रखें। अजीत यादव ने कहा कि ''अबकी बार तेजस्वी सरकार '' नारे का संकल्प लेना है और समाज के अंतिम पायदान तक के लोगों से संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में लाना है। संख्या इतनी हो कि पटना से हुंकार हो जाए कि तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना है। पूर्व विधायक भाई दिनेश ने लालबाबू सिंह और रघुपति यादव को उनके क्षेत्र में काम करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक भाई दिनेश, रामबाबू सिंह, मनोज सिंह, प्रदेश महासचिव राजद सीपी चक्रवर्ती, नंद जी राय, शैलेन्द्र राम, अजीत कुमार, सोनू राय, विनोद चंद्रवंशी, मनोज राय, पप्पू राज, सोहेल खान, जिप धनंजय यादव, रघुपति यादव समेत अन्य थे।

# खुलासा : पत्नी ने ही कराई थी राजेश की हत्या

## देसी पिस्तौल के साथ चार गिरफ्तार, प्रेम प्रसंग बना घटना का कारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बीते मंगलवार की दोपहर 11:30 बजे मसौढ़ी थाना क्षेत्र के श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर कैंपस में एक बर्फ बेचने वाले दुकानदार राजेश कुमार चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनी खेज का खुलासा शुक्रवार को सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने करते हुए बताया कि पूरे घटना में मृतक की पत्नी ममता देवी ने ही अपने प्रेमी लकी कुमार के माध्यम से 20 हजार का सुपारी देकर निशांत कुमार शूटर से उसे अपनी पति की हत्या करवा दी थी। बहरहाल घटना के बाद पुलिस वरीय पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना के



निर्देशन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक उत्तम झा एवं पुलिस अवर निरीक्षक आलोक कुमार के साथ पूरी टीम को गठित करते हुए सीसीटीवी का फुटेज का अवलोकन कर तकनीकी अनुसंधान के जरिए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। जिसके साथ एक देशी पिस्तौल को भी बरामद किया गया है। इन चारों की गिरफ्तारी इसके घर से ही हुई है। गिरफ्तार युवकों में मो. लकी उम्र 20 वर्ष पिता मो. सुगन, कैलूचक, मृतक राजेश चौधरी की पत्नी ममता देवी, निशांत कुमार (शूटर) उम्र 18 वर्ष पिता स्व पंकज कुमार तारेगना डीह, एवं एक नाबालिक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इन चारों गिरफ्तार युवकों का आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने बताया की हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल की खरीदारी कहां से हुई है उसकी भी तफ्तीश की जा रही है। सिटी पूर्वी एसपी ने बताया कि दो दिनों के अंदर हत्याकंड का खुलासा करने वाले सभी पुलिस कर्मियों की टीम को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुआ सामाजिक अंकेक्षण

## दी गयी योजनाओं की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर शुक्रवार को सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समीक्षा की गयी। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के साथ ही अन्य दिशा-निर्देश दिये गये। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर दी जा रही सेवाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, पेयजल सुविधा, शौचालय सुविधा, खेलकूद एवं पोषाहार वितरण की समीक्षा हुई. इस मौके पर सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने कोरियावां गढ़ केंद्र संख्या 88 पर जाकर सोशल ऑडिट की जहां पर सेविका प्रेमलता कुमारी, सहायिका गीता देवी, पूर्व प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर के साथ सुमन कुमारी शोभा देवी बृजेश कुमार चिंता देवी आदि शामिल रहे हैं। वहां उपस्थित लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी के बारे में बताया। सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया की आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सभी सेवाओं को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए वर्ष में दो बार सामाजिक अंकेक्षण किया जाता है। जिसको लेकर सभी प्रखंडों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोशल ऑडिट संबंधित कार्य किया जा रहा है। सोशल ऑडिट की मदद से आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सभी सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए सामाजिक अंकेक्षण समिति में समुदाय आधारित संस्था एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य की भागीदारी रहती है जिसको लेकर आंगनवाड़ी केंद्रों के द्वारा अधिक से अधिक लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जाती है।

## एक नजर

### 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीस सूत्री कार्यालय का द्वीप जलाकर अध्यक्ष सुनील वर्मा, बीडीओ प्रभाकर कुमार और सीओ प्रभात रंजन के संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने की. संचालन बीडीओ ने किया। इस अवसर पर बीडीओ ने विस्तार से चर्चा करते हुए बीस सूत्री के कार्यों के बारे में मौजूद सभी सदस्यों को जानकारी दी गयी। इस संबंध में बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा एवं उपाध्यक्ष आशीष देव ने कहा कि बीस सूत्री के माध्यम से सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जांच की जायेगी, ताकि गुणवत्ता ठीक रहे और लोगों को उसका लाभ मिल सके। मौके पर सदस्यों में अशोक सिंह, मो. मेराज अहमद, अरुण चंद्रवंशी, अश्विनी उर्फ गोल्डी, संजय केसरी, रंजीत कुमार, हिमांशु कुमार, मंजू देवी, आदि शामिल रहे।

### कार से 477 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार की देर रात रूपसपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि रूकनपुरा बकरी बाजार के पास छापेमारी कर दो कार के डिक्क से 477 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है. बलेनो व स्विफ्ट डिजायर कार जब्त किया गया है. जबकि गाडी चालक व तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि बीते रात गुप्त सूचना मिला कि रूकनपुरा बकरी बाजार के पास बलेनो व स्विफ्ट डिजायर कार से अंग्रेजी शराब ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों कार के डिक्की से 55 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया है. जो 477 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है. पुलिस को देखते ही कार चालक व तस्कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कार मालिक के विरूद्ध मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता संबंधित वार्ड सदस्य ने किया। सीडीपीओ मोनिका रानी ने बताया कि कुल 122 केंद्रों पर सोशल अडिट हेतु महिला पर्यवेक्षिका लालिमा कुमारी,सिंकी कुमारी, रंजिता कुमारी तथा रिंटु कुमारी को विभिन्न सेक्टरों में इस कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए विशेष रूप से तैनात किया गया है। समाज कल्याण विभाग के द्वारा साल में यह कार्यक्रम दो बार दिसम्बर और जुलाई माह में केन्द्रों पर सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम कराये जाते हैं। इस सिलसिले में प्रखंड के सभी पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन,नियमितता आदि के लिए वार्ड सदस्य के नेतृत्व में सामाजिक अंकेक्षण समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर स्कूल पूर्व शिक्षा की गतिशीलता,टीएचआर वितरण, पूरक पोषाहार,पोषण आहार कार्यक्रम, ग्रोथ चार्ट, गृह भ्रमण,केन्द्र पर स्थापित मानक के अनुरूप उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गयी। केन्द्र के साफ सफाई, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, भवन की स्थिति, सेविका सहायिका की ससमय केन्द्र पर उपस्थिति आदि पर चर्चा की गयी। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान टीएचआर लाभुकों का एफआरएस के माध्यम से फेस कैप्चर करने की तकनीकी जटिलताओं पर सदस्यों ने आपत्ति जताई। टीएचआर वितरण को सरल आसान बनाने के सुझाव दिए। इस अवसर पर वार्ड सदस्य समीरा खातुन सहित मीना कुमारी, पूनम कुमारी, मधुरानी, कुमारी सरोज आदि उपस्थित थे।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** महेशवाड़ा से पांच दिन पूर्व अपहरण की घटना को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि महेशवाड़ा की माला देवी ने थाने में आवेदन देकर उसके पुत्र सोनू कुमार का अप हरण गांव के ही रामगोपाल सिंह्न तथा उसके पुत्र रौशन कुमार द्वारा कर लेने का आरोप लगाकर नामजद किया था। उसने बताया कि उक्त लोगों से 9 लाख रुपए कर्ज में ली थी। कर्ज लेने के बाद वह सपरिवार पटना में रहने लगी थी। महाजन द्वारा कर्ज वापस करने का दबाव बनाया जाने लगा। फोन कर उसके पुत्र सोनू कुमार को 16 जून को मंझौल बैंक बुलाया गया। बैंक पर आने के बाद सोनू कुमार का पिता, पुत्र द्वारा अपहरण कर बहादुरनगर दियारा ले जाया गया। उनलोगों से सोनू को छोड़ने की गुहार लगाई तो उनने कहा कि मेरा रूपया वापस कर दो तो उसे छोड़ दूगा। उनलोगों ने कहा कि तुम अपनी जमीन मेरे नाम से लिख दो। मैं जमीन लिखने के लिए तैयार हो गई तथा उसकी कीमत लगभग चालीस लाख रुपए होती है, आप अपना रुपया काटकर शेष रूपया की मांग की। जमीन रजिस्ट्री के बाद रूपया देने की बात करने लगे। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार तथा एस आई मनोज प्रसाद की संयुक्त छापेमारी में नामजद रौशन कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसकी गिरफ्तारी के बाद परिजनों ने सोनू को थाने पर लाकर पुलिस के हवाले कर दिया। कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर रौशन कुमार को न्यायालय के माध्यम से न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# पीएम आवास के तहत 58 लाभुकों को मिली चाभी

## कराया गया सामूहिक गृह प्रवेश, लाभुको के चेहरे पर छाई मुस्कान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** वर्षों से अपना खुद का घर होने का सपना देख रहे गरीब परिवारों के लिए शुक्रवार का दिन बेहद खास और खुशी से भरा रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के तहत मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र के 58 लाभुकों को उनके नवनिर्मित घरों की चाबी सौंपी गयी और उनका गृह प्रवेश कराया गया। वर्ष 2015 से 2025 के बीच इन लाभुकों द्वारा गृह निर्माण कराया गया था, योजना के तहत प्रत्येक लाभुको को 2.5 लाख की सहायता तीन किश्तों में दी जाती है। प्रथम व द्वितीय किश्त में एक-एक लाख रुपये तथा तीसरे किश्त में 50 हजार रुपये का भुगतान उनके गृह



निर्माण की स्थिति के आधार पर किया जाता है। नगर अध्यक्ष पिंकी देवी, उपाध्यक्ष चंद्रकांता कुमार और कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने प्रतीकात्मक रूप से कुछ लाभुकों को घर की चाबी सौंपी. चाबी लेते ही महिलाओं और बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान थी। बताया जाता है की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अंतर्गत कुल 849 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 100 आवास पूर्ण किये जा चुके हैं। शुक्रवार को इनमें से 58 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया।। इस मौके पर स्थाई सशक्त समिति के शंभू कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को मुहैया कराई गई है। कोई भी शहरी गरीब इस योजना से वंचित नहीं रहेगा। नगर परीषद क्षेत्र के अंतर्गत आवास बनना बहुत बड़ी उपलब्धि है। मौके पर वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, रेणु देवी, सबूजा चौधरी के अलावा पीएम शहरी विकास के कर्मचारी विवेक कुमार, वरुण कुमार, सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद,शिव प्रकाश, अमीन रामाधार प्रसाद, श्वेता कुमारी समेत सभी लाभुक शामिल रहे।

# सहायक निबंधन निर्वाचन पदाधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन -2025 की तैयारियों के मद्देनजर अनुमंडल सभागार में एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर के द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को मतदाता सूची से संबंधित संवैधानिक व कानूनी प्रावधान तथा ईआरओ नेट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदाता सूची अद्यतीकरण के तहत मतदाता सूची में पंजीकरण, नाम विलोपित करने तथा स्थानांतरण से



संबंधित आवेदनों का निष्पादन गंभीरता से करने का निदेश दिया गया, ताकि सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने दायित्व को समझें और मतदाता सूची में अशुद्धि नहीं रहे। अपने-अपने क्षेत्रों में बूथों का भौतिक सत्यापन करने तथा आश्वस्त न्यूनतम सुविधा (एएमएफ) अभी से ही पूरा करने का निदेश दिया गया। सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को आगामी संक्षिप्त विशेष पुनरीक्षण (एसएसआर) की प्रक्रिया के दौरान बूथ स्तर पर समीक्षा करने, हर एक बूथ की जानकारी रखने, सभी बीएलओ के द्वारा डोर-टू-डोर विजिट सुनिश्चित करने, बीएलओ के कार्यों का गंभीरता से मॉनिटरिंग करने तथा अहर्ता प्राप्त सभी युवाओं के नाम निर्वाचक सूची में जोड़ने का निदेश दिया गया। साथ ही मतदाता सूची अद्यतीकरण से सम्बंधित फॉर्म-06, फॉर्म-07 तथा फॉर्म-08 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। मौके पर अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार, सीओ प्रभात रंजन, धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी, सीओ श्वेता कुमारी, सीडीपीओ अर्चना कुमारी के अलावा ट्रेनर के रूप में बृजकिशोर प्रसाद एवं अन्य कर्मी शामिल रहे।

# पत्नी की हत्या का आरोपित पति गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** दहेज को लेकर पत्नी की हत्या के आरोपी पति चंद्रजीत बिंद उर्फ करैलु बिंद को लहसुना पुलिस ने उसके घर निशियावां से गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल मामला 4.8.2023 की है जहां पर मृतक रीना कुमारी के पिता अनुज बिंद कमरपुर रहुई नालंदा निवासी ने अपने दामाद के खिलाफ थाने में दहेज हत्या का केस दर्ज करवाया था। बताया जाता है की दहेज में 1 लाख की मांग की गई थी नहीं देने पर उसकी हत्या कर के निशी दफनाने जा रहा था, उसी वक्त पुलिस की सूचना मिलने पर वह डेड बॉडी को रिकवर किया गया था, इसी मामले मे फरार चल रहा आरोपी पति चंद्रजीत बिंद को घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शार्ट सर्किट से आग लगाने से चार दुकानें जली, करीब सात लाख की संपत्ति स्वाहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** तकियापर पुलिस चौकी के सामने शुक्रवार को अहले सुबह फास्ट फूड दुकान में शॉट सर्किट से आग लगाने से चार दुकान जलाकर राख हो गई। आगलगी में करीब सात लाख की संपत्ति जलकर राख हो गयी है। आगलगी की सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग ने चार दमकल गाड़ी से काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया है। आगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार अहले सुबह बारिश छुटने के बाद तकियापर स्थित फास्ट फूड दुकान में शॉट सर्किट से आग लगी। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया और आग के लपटें से अगल बगल के दुकान बेकारी, जनरल स्टोर, गोदाम में आग लग गई और देखते ही देखते आग से दुकान में रखे सारा सामान जल कर राख हो गया। आगलगी पीडित दुकानदार रॉकी, गुलाब चौधरी, मो अजहर व फेंकु कुमार ने बताया कि आगलगी में दुकान में रखे सारा सामान जल कर राख हो गया है। समाजसेवी मौलवी हसन उर्फ मक्खन ने बताया कि शॉट सर्किट से फास्ट फूड दुकान में आग लग गई है और देखते ही देखते अगल बगल के दुकानों मे आग के लपटें से से अगा लग गई.स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई और सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग ने चार दमकल गाड़ी से काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया है। अग्निशमन के सहायक अधिकारी विजय शंकर यादव ने बताया कि शॉट सर्किट से फास्ट फूड दुकान में आग लगने से चार दर्जन दुकानें में आग लग गई है।

## पेज 1 का शेष

### विकसित भारत का...

यादव के जन्मदिन पर अम्बेडकर की तस्वीर को उनके पैरों में रखने पर था। उन्होंने कहा राजद-कांग्रेस वाले अम्बेडकर को अपने पैरों में रखते हैं लेकिन मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है। उन्होंने कहा कि लालू यादव से माफ़ी मांगने वाले पोस्टर भी लगे, लेकिन ये लोग माफ़ी नहीं मांगेंगे। ऐसे में दलितों सहित पूरे बिहार के लोगों से उन्होंने अपील की कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बिहार को विकसित भारत का इंजन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में 4 करोड़ लोगों को पक्का घर मिला है जबकि अकेले 57 लाख लोगों को बिहार में पक्के घर का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि सीवान की ये धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। ये हमारे लोकतंत्र, देश, संविधान को ताकत देने वाली भूमि है। लालू-राबड़ी शासनकाल को जंगलराज करार देते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग एक बार फिर से बिहार के संसाधनों पर कब्जा करने का सपना देखा है। ऐसे में इनसे सावधान रहने की जरूरत है। बिहार की समृद्धि में इन्हें बाधक नहीं बनने देना है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में बिहार में करीब 55 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनी हैं। 1.5 करोड़ से अधिक घरों को बिजली के कनेक्शन से जोड़ा गया है। 1.5 करोड़ घरों को पानी का कनेक्शन दिया गया है। 45 हजार से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर बनाए गए हैं। बिहार की प्रगति के लिए हमें ये गति लगातार बढ़ाते रहना है। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के इतने दशकों में भी इतने लोग गरीब थे। नारे गूंजते रहे और गरीबी बढ़ती रही। देशवासियों की मेहनत में कोई कमी नहीं थी लेकिन उनके सामने आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं था। कांग्रेस ने लंबे समय तक देश को गरीब रखा और गरीब को अति गरीबी में झोंक दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-राजद के राज में गरीब को घर नहीं मिलता था। राशन बिचौलिए खा जाते थे। इलाज गरीब की पहुंच से दूर था। पढ़ाई और कमाई के लिए संघर्ष था। बिजली और पानी का कनेक्शन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। गैस कनेक्शन के लिए सांसदों की सिफारिश लगानी पड़ती थी। नौकरी बिना घूस और सिफारिश के मिलती ही नहीं थी। इनके सबसे बड़े भुक्तभोगी मेरे दलित, बिछड़े, अति पिछड़े भाई-बहन थे। इनको सपने दिखाकर खुद कुछ परिवार करोड़पति-अरबपति हो गए। हमारी सरकार गरीब की मुश्किलों को दूर करने में जुटी है। इसके अच्छे परिणाम आज देखने को मिल रहे हैं। सीवान की धरती से पीएम मोदी ने जिन योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया, उनमें पटना-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ, सीवान और सासाराम में सीवरेज नेटवर्क, आरा और सीवान में जलापूर्ति परियोजनाएं और पीएम आवास योजना के तहत 53,666 बेघर लोगों को पहली किस्त शामिल है। पीएम मोदी ने बिहार के विभिन्न शहरों में 5900 करोड़ रुपये की लागत के तहत नमामि गंगे परियोजना से जुड़ीं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जलापूर्ति के विभिन्न प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण किया। सीवान की धरती से पीएम मोदी ने कुल 28 परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। मालूम हो कि इस चुनावी साल में पिछले छह महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह चौथा बिहार दौरा है। इससे पहले वे भागलपुर, मधुबनी, पटना और शाहाबाद क्षेत्र में जनसभा कर चुके हैं। इस कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह, चिराग पासवान, नित्यानंद राय, रामनाथ ठाकुर, डॉ. राज भूषण चौधरी, सतीश चंद्र दुबे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पालीगंज में 'विकसित भारत संकल्प' शपथ सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** पालीगंज नगर मंडल के कर्णपुरा गांव और पालीगंज पूर्वी मंडल के इमामगंज मॉडल स्कूल में 'विकसित भारत संकल्प शपथ सभा' का आयोजन किया गया। कर्णपुरा में कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तम कुमार ने की, जबकि इमामगंज मॉडल स्कूल में लवकुश कुमार ने अध्यक्षता की और संचालन विधानसभा संयोजक नारायण कुमार ने किया। सभा में उपस्थित लोगों से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के प्रयोग, स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा



करने, महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर संदीप गुप्ता, अमितेश कुमार बिट्टू, पिंटू कुमार यादव, मनोज तिवारी, धर्मेन्द्र तिवारी, संजय शर्मा, रामचन्द्र कुमार, माया जी, जयराम प्रसाद, महेश विन्द, नीरज कुमार, कारू चौरसिया, संतोष कुमार, जेपी कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना शहरी के 47 लाभुकों को सौंपी गई घर की चाबी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** नगर परिषद कार्यालय में समारोह आयोजित कर शुक्रवार को पीएम आवास योजना शहरी के तहत नए बने आवासों के लाभर्थियों को चाबी वितरण सह गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने 47 नए बने आवासों के लाभर्थियों के बीच चाबी सौपा गया. मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने बताया कि पीएम आवास योजना शहरी के तहत नए बने आवासों के 47 लाभुकों के बीच चाबी दिया गया है. उन्होंने ने बताया कि पीएम आवास योजना शहरी के तहत 436 लाभुकों को स्वीकृति मिली थी. मुख्य पार्षद ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत 424 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि, 399 लाभुकों को द्वितीय किस्त व 348 लाभुकों को तृतीय किस्त की राशि उनके खाते में भेजा गया है.मौके पर परिषद के ईओ (व्यवस्था)पंकज कुमार, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, पार्षद रेखा देवी के प्रतिनिधि व समाजसेवी धीरज यादव, पार्षद अनिता देवी, पार्षद प्रतिनिधि नरेश कुमार, सुरेंद्र चौरसिया, निरंजन कुमार, सुभाष कुमार व मनोज मास्टर, रोकडपाल सुभाष कुमार, पप्पू कुमार व सफाई निरीक्षक संजय कुमार मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**NirupanBhawan, 3rdFloor,**
**Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement ( Short Tender Notice )**
**Letter of Invitation (LOI) No.-8/2025-26**
**1st Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/8/2025-26**
**Date:-18.06.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of Murma Khurd PWD Road to Pandu Main Road via Dhanchabar including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Palamu District in the State of Jharkhand.*Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 9 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents& Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/ (Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 15000.00 (Fifteen thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.06.2025,At 05:30 PM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 07.07.2025, 12:00 noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 08.07.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

**PR 355580**
**Road(25-26).D**

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi.**

# निष्पक्षता एवं पूरी क्षमता के साथ कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें अधिकारी : संतोष सुमन

## औरंगाबाद जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में 20 सूत्री समिति की बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

- दाउदनगर अनुमंडलीय अस्पताल में बनेगा नया पोस्टमार्टम हाउस
- एनटीपीसी से लिया जाएगा एक शव वाहन, नगर परिषद करेगा संचालन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्राट अशोक भवन में लघु जल संसाधन विभाग बिहार- सह- प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में आहूत किया गया। इस बैठक में नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह एवं जिला कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष अशोक सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा औरंगाबाद जिले के विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर गहन चर्चा की गई। उपाध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा बताया गया कि जीविका दीदी के कार्य हेतु पंचायतों में भी जीविका भवन निर्माण कराई जाए। इस पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंडों में जीविका भवन का निर्माण किया जा चुका है। पंचायत में जीविका भवन निर्माण हेतु राज्य सरकार से कोई निर्देश प्राप्त नहीं है, जीविका दीदी को पंचायत में कार्य करने हेतु संबंधित पंचायत के पंचायत सरकार भवनों में कार्यालय उपलब्ध करा दिया जाएगा। नबीनगर विधायक डब्लू सिंह द्वारा बताया गया कि जिले में जितने भी महादलित टोला जो मुख्य संपर्क पथ से छूटे हुए हैं वहां अविलंब पथ निर्माण कराई जाए। सदस्य चंद्रभूषण सिंह द्वारा बताया गया कि जिन विद्यालयों में नए भवन बने हैं उनका शीघ्र हस्तांतरण किया जाए। इसके अतिरिक्त अन्य सदस्यों द्वारा विद्यालय संबंधी समस्याएं रखी गईं जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं। एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड सीटी स्कैन एंटी वेनम इंजेक्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिले में कुल 167 चिकित्सकों के पद सृजित हैं जबकि 67 चिकित्सक कार्यरत हैं। नबीनगर विधायक डब्लू सिंह द्वारा बताया गया कि जिले में मात्र एक स्थान पर पोस्टमार्टम की सुविधा है और केवल एक शव वाहन उपलब्ध है जिससे आम जनता को परेशानी होती है। उन्होंने सदर अस्पताल में जल-जमाव की समस्या भी उठाई। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि नया पोस्टमार्टम हाउस अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर में बनाया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एनटीपीसी से एक शव वाहन लिया जाएगा जिसका संचालन नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। अध्यक्ष द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित कार्यान्वयन समिति के सदस्यों एवं विधायक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे निष्पक्ष एवं पूरी क्षमता के साथ कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। अंत में जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री की अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, सभी वरीय उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी के साथ-साथ जिला कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में इग्नू की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा संचालित जून टर्म एंड एग्जामिनेशन (टीईई) की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र के प्राचार्य एवं केंद्र अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि परीक्षा की सुचारुता बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना इग्नू द्वारा जारी आई-कार्ड एवं हॉल टिकट के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा कार्य में संलग्न कोई भी कर्मी चाहे वे वीक्षण कर रहे शिक्षक हों, शिक्षकेत्तर कर्मचारी हों या परिचारी, उन्हें भी पहचान पत्र के बिना केंद्र में रहने की अनुमति नहीं है। नियमों के उल्लंघन पर परीक्षा संचालन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। केंद्र पर पुस्तक, कागजात या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाने पर रोक है। किसी भी प्रकार की वर्जित सामग्री पाए जाने पर संबंधित परीक्षार्थी के खिलाफ कदाचार की प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इग्नू ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हजारों छात्र-छात्राएं, जो पारंपरिक शिक्षा से वंचित हैं, इग्नू के माध्यम से अपने जीवन को नई दिशा दे रहे हैं। परीक्षा केंद्र पर शांति एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

## जलजमाव से अधिवक्ता व मुवक्किल परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बीते दो दिनों से बारिश के कारण जगह- जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद से अनुमंडलीय न्यायालय, भुमि सुधार उपसमाहर्ता न्यायालय, कोषागार कार्यालय, जाने के लिए लोगों को पुरानी जेल रोड से होकर भीखारी पुस्तक दुकान के गली से जाना पड़ता है। जिला विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जलजमाव से अधिवक्ताओं एवं मुवक्किलों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वैसे यहां जलजमाव सालों भर रहता है। इन दिनों बारिश के कारण थोड़ी अधिक परेशानी बढ़ गयी है। ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस विषय पर ध्यान देना आवश्यक हैं, ताकि लोग गिरकर जख्मी न हो।

## विवाहिता की हत्या का परिजनों ने लगाया आरोप

- मृतका सुमन के पति को छोड़, बाकी सभी घटनास्थल से फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** देवकुंड थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव में शुक्रवार की सुबह एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। यह आरोप मृतका के परिजनों ने लगाया है। मृतका की पहचान नौरंगा निवासी सोनू कुमार की 21 वर्षीया पत्नी सुमन कुमारी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि गया जिले के बेलागंज थाना निवासी अजय नट ने अपनी बेटी का विवाह इसी वर्ष नौरंगा निवासी विनोद नट के पुत्र सोनू कुमार से किया था। शादी के बाद से लगातार दहेज को लेकर ससुराल पक्ष के लोग बेटी को प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार की सुबह पड़ोसी लोगों से सूचना मिली कि बेटी की हत्या हो चुकी है। जब बेटी के ससुराल पहुंचा तो देखा कि पलंग पर शव पड़ा हुआ है। मृतका के पति को छोड़कर बाकी सभी परिवार फरार था। सूचना पर पहुंचे अपर थानाध्यक्ष मायाशंकर सिंह ने शव को कब्जे में लिया। तत्पश्चात एफएसएल की टीम पहुंचकर घटना की छानबीन किया। वहीं देवकुंड पुलिस ने मौके से मृतका के पति को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## डकैती का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना पुलिस ने फतुहा के सैदपुर मोहल्ले में हुई 5 लाख की डकैती के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित गोलू साव के पास से लूटा गया सामान और वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार मिला है। इस डकैती कंड में शामिल 7 अन्य आरोपितों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पुलिस गोलू साव से पूछताछ कर रही है।

## हत्या के प्रयास सहित अन्य अपराधों में 30 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 30 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 7, शराब के शीर्ष कांडों में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 755 वाहनों की जांच की गई जिसमें 72000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान साइबर थाना की पुलिस द्वारा 5 लाख रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 8 है। विदित हो कि एसपी के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान को एसपी अम्बरीष राहुल खुद नेतृत्व करते हैं और पुलिस पदाधिकारी को दिशा-निर्देश के बाद पुलिस छापेमारी कर बदमाशों की गिरफ्तारी करते हैं। एसपी कि माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके, उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें, एसपी ने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## मीडिया इनफ्लुएंसर मतदाता जागरूकता अभियान में निभाएंगे सक्रिय भूमिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने तथा जिले में मत प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के संदर्भ में स्वीप (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी की अध्यक्षता में जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से सक्रिय प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों ने भाग लिया। इस अवसर पर रत्ना प्रियदर्शिनी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियों को सशक्त रूप देने का निर्देश प्राप्त हुआ है, ताकि आम मतदाताओं विशेषकर प्रथम बार के युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति अभिरुचि एवं सक्रियता बढ़ाई जा सके। बैठक के दौरान सोशल मीडिया की पहुंच और प्रभाव को ध्यान में रखते हुए विशेष रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। रत्ना प्रियदर्शिनी ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक अत्यंत प्रभावी मंच है, जिसके माध्यम से चुनावी जागरूकता संबंधी संदेशों को व्यापक जनसाधारण तक सशक्त रूप में पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने इनफ्लुएंसरों से अपील की कि वे चुनाव से पूर्व मतदान से जुड़े प्रेरणादायक संदेशों, रील्स, पोस्ट, ग्राफिक्स एवं हैशटैग अभियान के माध्यम से युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान हेतु प्रेरित करें। बैठक में उपस्थित इनफ्लुएंसरों ने भी चुनाव जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की सहमति दी और मतदाता जागरूकता को रचनात्मक तथा सकारात्मक ढंग से प्रस्तुत करने की बात कही। बैठक में जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी दिनों में प्रस्तावित गतिविधियों की रूपरेखा भी साझा की गई। इस अवसर पर विभिन्न डिजिटल माध्यमों से उपयोग की जा सकने वाली प्रचार सामग्री, विजुअल पोस्ट्स, जागरूकता रील्स की योजना तथा उसके संभावित असर पर भी चर्चा की गई।

## सड़क पर चढ़ी मिट्टी की मोटी परत, आवागमन में परेशानी

**कुटुंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** संडा पथ स्थित सिकरिया गांव के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर के दोनों ओर की पक्की सड़क पर मिट्टी की मोटी परत चढ़ गयी है। ऐसे में दर्जनो गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कत हो रही है। यह सड़क कुटुंबा व नवीनगर प्रखंड के उत्तरी क्षेत्र को झारखंड से जोड़ती है। सड़क से होकर चलना फिरना मुश्किल हो गया है। मॉनसून की पहली बारिश सड़क की सूरत बदल दी है। नहर के पुल के समीप सड़क कीचड़ से पट्ट गयी है। बदरपुर से लेकर संडा मेला तक सड़क में खतरनाक गड्ढ़े उभर आये हैं। ब्राहिमपुर पिपरी गांव निवासी प्रो ब्रजनंदन पाठक व चौखड़ा गांव के अनिल सिंह ने बताया कि हाल में वाप्कोस द्वारा उत्तर कोयल मुख्य में लाइनिंग व संरंचनाओं का कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान सिकरिया व कासीमपुर गांव के समीप संकीर्ण नहर की पुलिया को हटाकर दूसरा पुल बनाया जा रहा था।

## चार अभ्यर्थियों ने कराया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड में वार्ड के लिए एक व पंच सदस्य के चार खाली पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गया। जिसमें अमझरशरीफ वार्ड सदस्य के लिए एक, सोनहथु ग्राम कचहरी में पंच के लिए एक, ईटवां से एक तथा जैतपुर ग्राम कचहरी में एक रिक्त पद के लिए एक नामांकन का पर्चा दाखिल किया गया। इसकी जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड में एक वार्ड पद सहित चार पंच सदस्य का चुनाव होना है। जिससे नामांकन के अंतिम दिन चार लोगों ने अलग क्षेत्र से पर्चा दाखिल किया है। पंच सदस्य के लिए ईटवां ग्राम कचहरी में एक सीट खाली रह गया। उन्होंने कहा कि नामांकन जांच में सही पाए जाने पर निर्वाचित घोषित किया जाएगा। सभी सीटों पर एक-एक अभ्यर्थी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है, जिससे निर्विरोध चुने जाने की प्रबल संभावना बन गया है।

## ठगी की शिकार पीड़िता को वापस कराये पांच लाख रू.

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ठगी के 5 लाख रूपये साइबर पुलिस ने बरामद किया है। मामला सलैया थाना क्षेत्र के बेरी चौधरी बिगहा की है। जानकारी के अनुसार सुनील कुमार की पत्नी रेणु देवी से 5 लाख 7 हजार रूपये की ठगी हुआ था। घटना 12 अप्रैल 2025 की है जिसमें रेणु ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बताकर केवाईसी के नाम पर रूपये ठगी कर ली। इसके बाद ठगी मामले में साइबर पुलिस ने कारवाई करते हुए 5 लाख रूपये बरामद कर पीड़िता को लौटाया है। अन्य शेष राशि के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। पीड़िता ने साइबर पुलिस के प्रति आभार जताया है। इस संबंध में साइबर डीएसपी अनुराग कुमार ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें और सतर्क रहें। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर बबन बैठा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के एरकी कला पंचायत के सिंदुवारा गांव में मंडल अध्यक्ष मिथलेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें विकसित भारत के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी विजय कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह शामिल हुए। भाजपा मण्डल अध्यक्ष यश कुमार, मंडल कोषाध्यक्ष अरुण कुमार राय, मंडल कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार मंडल, अध्यक्ष मंत्री संतोष कुमार चंद्रवंशी, बूथ कमिटी के बूथ मंत्री नवनीत कुमार चंद्रवंशी, व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख नवलेश कुमार चंद्रवंशी, लाभार्थी प्रमुख कृष्ण मुरारी ठाकुर, आनंद कुमार चंद्रवंशी, प्रभावी मतदाता प्रमुख महिला प्रमुख ममता देवी, सामाजिक श्रेणी प्रमुख जयराम कुमार, जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, धनंजय प्रसाद, बलराम कुमार सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, राम दुलार ठाकुर, चंदन कुमार, मनीष कुमार चंद्रवंशी, रितेश कुमार, कमलेश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने संकल्प सभा के दौरान कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्षों का कार्यकाल मोदी के बेमिसाल कार्य के तौर पर रहा। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वार अनेक कार्य किसान निधि सम्मान योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन पेंशन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं राज्य सरकार के द्वारा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना देशहित एवं जनहित में किया गया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प पत्र को पढ़ा एवं शपथ लिया। इस संकल्प सभा में कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला गया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज-शिवगंज पथ के काशी बिगहा मोड़ के समीप गुरुवार की रात अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बारुन थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी ललन यादव के पुत्र अभिषेक यादव के रूप में की गयी है। स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचना किया। घटना की जानकारी मिलते ही 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए हॉस्पिटल से एंबुलेंस बुलाकर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।